CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 29 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 135 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 07°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 8 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्मांतरण रैकेट नेस्तनाबूद करने को एआई का इस्तेमाल हो: योगी पेज 2



दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में खेल टाइम्स



यही है विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां सम्पादकीय



इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश पेज 12




नई दिल्ली: ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव विमेंस एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने कुलदीप सेंगर की जमानत के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर देश के गर्व का प्रतीक बना: पीएम

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में 2025 की उपलब्धियां गिनाईं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: अब हम नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने को तैयार
- 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 129वें एपिसोड 2025 में देश की उपलब्धियों पर चर्चा की। 2025 के आखिरी एपिसोड में नए साल 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं, डेवलपमेंट पर भी चर्चा की। पीएम ने कहा कि 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था। चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा हो, खेल हो, वैज्ञानिक इनोवेशन हो या दुनिया के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म हों, भारत का असर हर जगह दिखाई दे रहा था।

इस साल ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। दुनिया ने साफ देखा आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। इसके अलावा पीएम मोदी ने खेल, वंदेमातरम, अंतरिक्ष, महाकुंभ, राम मंदिर और 77वें गणतंत्र दिवस पर अपनी बात रखी। इससे पहले 30 नवम्बर को मन की बात का 128वां एपिसोड टेलीकास्ट किया गया था। पीएम ने इसमें भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया था। पीएम ने कहा आईसीएमआर ने हाल ही में रिपोर्ट में बताया कि निमोनिया और यूटीआई जैसी बीमारियों में दवाई कमजोर साबित हो रही हैं। इसकी वजह बिना सोचे दवा का सेवन हैं। आज कल लोग एंटी बायोटिक दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। लोग सोचते हैं कि एक गोली ले लो बीमारी दूर हो जाएगी। मैं अपील करता हूं कि अपने मन से दवाओं का सेवन करने से बचें। इनका इस्तेमाल डाक्टर की सलाह से ही करें। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला में जो ऊंचे-ऊंचे टीले हैं वे प्राकृतिक नहीं इंसानों के बनाए हुए हैं। ये आर्कियोलॉजिस्ट के अध्ययन में पता चला है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के म्यूजियम में एक पुराना, धुंधला सा चित्र मिला। जिसमें बारामूला के उस चित्र में तीन बौद्ध स्तूप नजर आ रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमालय तक सड़क, सुरंगें और एयरस्ट्रिप बना रहा भारत: अमेरिकी मीडिया

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** भारत हिमालयी इलाके में चीन से होने वाली किसी भी संभावित झड़प से निपटने के लिए सड़कें, सुरंगें और हवाई पट्टियां बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद इस कदम की शुरुआत हुई थी। उस झड़प ने 2200 मील लंबी बॉर्डर पर भारत की सामान पहुंचाने की व्यवस्था (लॉजिस्टिक्स) की बड़ी कमियों को उजागर किया था।

### मणिकम टैगोर ने अलकायदा से की आरएसएस की तुलना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से पीएम नरेंद्र की तस्वीर साझा करना और आरएसएस संगठन की तारीफ को लेकर देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और संघ की तुलना अलकायदा से की, तब भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उनके बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति में इतनी उलझ गई है कि वह देशभक्ति और राष्ट्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही है। पूनावाला ने आगे कहा कि कांग्रेस ने पहले हिंदू, सनातन धर्म, सेना और भारत का अपमान किया।

### हुमायूं कबीर का बेटा मारपीट के आरोप में गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद।** टीएमसी से निकाले गए विधायक नेता हुमायूं कबीर के बेटे को मुर्शिदाबाद पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। गोलाम नबी आजाद (रॉबिन) पर पिता हुमायूं कबीर के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीसीओ) कांस्टेबल जुम्मा खान से मारपीट का आरोप है। रविवार को जुम्मा खान ने मुर्शिदाबाद के शक्तिनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घर जाने के लिए छुट्टी मांगने पर गोलाम नबी ने उनके साथ मारपीट की। घटना हुमायूं कबीर कार्यालय में ग्राउंड फ्लोर पर हुई। घटना के वक्त कई सारे लोग मौजूद थे। वहीं, बेटे की गिरफ्तारी पर हुमायूं कबीर ने कहा कि टीएमसी के इशारे पर हमें निशाना बनाया जा रहा है।

## शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को किया मजबूर

# समूचा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी
- कश्मीर में पारा 0 डिग्री, राजस्थान के सीकर में 2.1 डिग्री, अमृतसर-जालंधर में विजिबिलिटी जीरो
- 13 फ्लाइट रद्द, डीजीसीए ने 10 फरवरी तक को फॉग विंडो किया घोषित



**नई दिल्ली।** समूचा उत्तर भारत इस समय कोहरे की चपेट में है। शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। दिल्ली से बिहार तक कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस समय घना कोहरा छाया हुआ है, जिस कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले दो दिनों तक भी यही स्थिति देखने को मिलेगी।

विभाग का कहना है कि उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी और राजस्थान में 30 दिसम्बर तक शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। विभाग का कहना है कि एक जनवरी के बाद कोहरे से राहत मिलने की संभावना है। रविवार को राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में तापमान 2.1 डिग्री, करौली में 2.4 डिग्री, सीकर में 3.5 डिग्री, पाली में 3.6 डिग्री और दौसा में 3.9 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हिसार में तापमान 2.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पंजाब के फरीदकोट में तापमान 3.4 डिग्री, पटियाला में 4.6 डिग्री और अमृतसर- लुधियाना में 4.4 डिग्री पारा रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड के 6 जिलों में रविवार को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, देहरादून और पौड़ी के निचले इलाके शामिल हैं। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। ऊंचाई वाले जिलों इलाकों में नए साल पर बर्फबारी की संभावना है। दरअसल, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। ये जमीन से 12. 6 किलोमीटर की ऊंचाई पर चलने वाली हवाएं हैं। इस बार इनकी रफ्तार 262 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश में अगले 5 दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 23 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है, इसका असर ट्रेनों और फ्लाइट्स पर नजर आ रहा है। रविवार को 13 फ्लाइट रद्द की गई हैं। डीजीसीए ने 10 दिसम्बर से 10 फरवरी तक को फॉग विंडो घोषित किया है। इस दौरान कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। आसमान में ठंडी और गर्म हवा की नदी जैसी बहने वाली हवाएं ही जेट स्ट्रीम हैं। जेट स्ट्रीम आमतौर पर उत्तर (ध्रुवीय इलाकों) की ठंडी हवा और दक्षिण (गरम इलाकों) की गर्म हवा के बीच चलती हैं। जब जेट स्ट्रीम झुक जाती है या फिर नीचे की ओर आ जाती है, तो यह उत्तर की बहुत ठंडी हवा को भारत तक खींच लाती है। नतीजा, अचानक ठंड बढ़ जाती है। अगर जेट स्ट्रीम की रफ्तार कम हो जाए या एक जगह रुक जाए, तो ठंडी हवा वहीं फंस जाती है। इससे कई दिन तक ठंड बनी रहती और शीतलहर का असर बढ़ जाता है।

# अरावली हिल्स खनन मामला: सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तीन जजों की बेंच करेगी आज सुनवाई, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में माना जा रहा सकारात्मक कदम**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है। यह सुनवाई नवम्बर 2025 के उस फैसले के बाद हो रही है, जिसमें कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर अरावली हिल्स की नई परिभाषा स्वीकार की थी, जिसमें स्थानीय स्तर से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भूमि को ही अरावली हिल माना जाएगा। साथ ही, पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को चुनौती दी है। यह कदम पर्यावरणीय चिंताओं और राजस्थान सहित कई राज्यों में हो रहे प्रदर्शनों के बीच उठाया गया है। विवाद की जड़ अरावली पर्वतमाला की परिभाषा में है, जो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है। यह दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जो थार मरुस्थल के फैलाव को रोकती है, भूजल रिचार्ज करती है और जैव विविधता को बनाए रखती है। लंबे समय से यहां अवैध खनन और पर्यावरण क्षति की समस्या रही है। नवम्बर 20, 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की बेंच ने केंद्र की समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना है कि इससे 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है।

# कड़ाके की ठंड में भी सेना एक्शन में

- जम्मू-कश्मीर: बर्फीले और दुर्गम पहाड़ों में गश्त बढ़ाई
- 30-35 पाक आतंकियों की तलाश, अभियान और तेज किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड और 40 दिन की चिल्लई कलां के बावजूद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक बर्फ से ढके ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया आकलन के अनुसार जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। लगातार सर्चिंग और स्थानीय समर्थन कमजोर पड़ने के कारण ये आतंकी आबादी से दूर मध्य और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। सेना ने अस्थायी बेस, निगरानी पोस्ट और गश्ती ग्रिड बनाकर ऊंची पहाड़ियों, जंगलों और घाटियों में नियमित पेट्रोलिंग शुरू की है। पहले सर्दियों में आतंकी गतिविधियों में कमी आती थी, लेकिन अब सेना ने प्रो. एक्टिव विंटर स्ट्रैटजी अपनाई है। ये अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एसओजी, सिविल प्रशासन, वन विभाग और ग्राम रक्षा दल (वीडीजी) के साथ तालमेल में चल रहा है। आतंकियों की निगरानी के लिए ड्रोन, थर्मल इमेजर, ग्राउंड सेंसर और रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई हैं। सुरक्षा बलों का लक्ष्य आतंकियों को खत्म करना और उन्हें दूर-दराज, मुश्किल पहाड़ी इलाकों में भी नहीं छिपने देना है।



नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद सोनिया गांधी इंदिरा भवन में पार्टी के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित रहे।

### भारत में नहीं घुसे उस्मान हादी के हत्यारे: बीएसएफ

**शिलॉन्ग।** मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था। मेघालय में बीएसएफ प्रमुख इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ये दावे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। बता दें कि ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया था कि हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध स्थानीय साथियों की मदद से हलुआघाट सीमा के रास्ते मेघालय में घुस गए हैं। इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि कोई व्यक्ति हलुआघाट सेक्टर से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके मेघालय में आया है। बीएसएफ ने न तो ऐसी कोई घटना देखी है और न ही ऐसी कोई रिपोर्ट मिली है। जो दावे किए जा रहे हैं, वे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर में यात्रा की

कारवाड़, वार्ता

- आईएनएस में यात्रा करने वाली दूसरी प्रेसिडेंट, डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, उन्होंने सबमरीन में की थी यात्रा
- राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पहुंचीं थीं पनडुब्बी में



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने रविवार को कर्नाटक के कारवाड़ नेवल बेस पर पनडुब्बी (सबमरीन) में यात्रा की। कलवरी क्लास की सबमरीन आईएन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी राष्ट्रपति के साथ थे।

राष्ट्रपति मुर्मू की कलवरी क्लास सबमरीन में यह पहली और किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, जिन्होंने सबमरीन में यात्रा की थी। कलाम ने फरवरी 2006 में पनडुब्बी यात्रा की थी। राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में पहुंचीं। पी. 75 स्कॉर्पीन प्रोजेक्ट की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था। द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति भी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 29 अक्टूबर को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफेल में उड़ान भरी थी। उनके विमान की पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। उससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 7 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में उड़ान भरी थी। मुर्मू सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम सबमरीन में यात्रा करने वाले पहले भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बने। डा. कलाम 13 फरवरी 2006 को ईस्टर्न नेवल कमांड के तहत विशाखापट्टनम में सबमरीन में कुछ घंटों के लिए बंगाल की खाड़ी में रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने गुजरात के थोल पक्षी अभयारण्य का किया भ्रमण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के अहमदाबाद जिले के मेहसाणा स्थित थोल पक्षी अभयारण्य का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अभयारण्य क्षेत्र में पक्षी अवलोकन किया और वहां मौजूद प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की समृद्ध जैव विविधता को नजदीक से देखा। रविवार को भ्रमण के दौरान स्थानीय पक्षीविज्ञानी द्वारा राज्यपाल को विभिन्न पक्षी प्रजातियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने साइबेरिया, रूस, मंगोलिया, कजाकिस्तान और चीन से आने वाले दुर्लभ प्रवासी पक्षियों–बार–हेडेड गीज, ग्रेलेग गीज, डालमेटियन पेलिकन, कॉमन क्रेन, ब्राह्मणी डक तथा रफ एंड रीव–को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता जारी किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2025 समारोह में 'इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता' जारी किया। बीआईएस द्वारा विकसित यह भारतीय मानक इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के परीक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार करता है, जिसका लक्ष्य समान और मानक. ीकृत प्रक्रियाओं के माध्यम से उनकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि यह नई परीक्षण संहिता ऐसे समय में मूल्यांकन में निरंतरता लाने में मदद करेगी, जब इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर भारत के कृषि मशीनीकरण परिदृश्य का एक प्रमुख घटक बनकर उभर रहे हैं। आईएस 19262:2025 इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के लिए सामान्य शब्दावली, सामान्य दिशा–निर्देश और विस्तृत परीक्षण प्रक्रियाओं को परिभाषित करता है।

# कांग्रेस के खत्म होने का उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने कहा कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस का आधार जोड़ने वाली विचारधारा है और जो इसके खत्म होने का सपना देखते हैं उनकी मुराद कभी पूरी नहीं होगी और उन्हें समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है।

खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज स्थापना दिवस पर एक बात साफ कहना चाहता हूं, जो कहते हैं 'कांग्रेस खत्म हो गई है' मैं उन्हें बताना चाहता हूं, हमारे पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन हमारी रीढ़ अभी भी सीधी है। हमने समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न गरीब के हक से। हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाजी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न कभी मंदिर मस्जिद से नफरत फैलाई।कांग्रेस जोड़ती है जबकि भाजपा तोड़ती है। कांग्रेस ने धर्म को आस्था ही रखा पर कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया। आज भजपा के पास सत्ता है, लेकिन उनके पास सच्चाई नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा तोड़ने का काम करती है और इसीलिए कभी आंकड़े छुपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है, कभी संविधान बदलने की बातें होती हैं और जो लोग आज इतिहास पर भाषण दे रहे हैं, उनके पूर्वज इतिहास से भाग रहे थे। कांग्रेस विचारधारा है और विचारधाराएं कभी मरती नहीं हैं। खड़गे ने एक और पोस्ट में कहा कि 2025 महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी था, संविधान को स्वीकार किए जाने का 75 वर्ष था, वंदे मातरम की 150वीं जयंती है, जबकि 2026 का वर्ष दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती, सरोजिनी नायडू के कांग्रेस अध्यक्ष बनने का शताब्दी वर्ष, 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत की भी शताब्दी है। यह गीत दिसम्बर 1925 में कानपुर कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार गाया गया था।

## अरावली मामले पर कांग्रेस ने पूछा सवाल, नई परिभाषा को बताया विनाशकारी



**नई दिल्ली।** अरावली पर्वतमाला को पुन: परिभाषित किए जाने को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से रविवार को सवाल पूछे और दावा किया कि इस कदम से अरावली सहित कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू आकृतियां नष्ट हो जाएंगी। यादव को रविवार को लिखे पत्र में रमेश ने कहा कि अरावली पहाड़ियों की पुन: परिभाषा को लेकर व्यापक चिंताएं होना स्वाभाविक है, क्योंकि इसके तहत इन्हें 100 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई वाले भू–आकृतियों तक सीमित कर दिया गया है। रमेश ने कहा क्या यह सच नहीं है कि इस नई परिभाषा से कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू–आकृतियां नष्ट हो जाएंगी और चार राज्यों में फैली पूरी अरावली पहाड़ियों एवं पर्वतमालाओं का भौगोलिक और पारिस्थितिक स्वरूप समाप्त हो जाएगा ।

# संविधान संवाद से जनता को जागरूक करेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ संविधान संवाद कार्यक्रम के तहत जनपदों में 30 रैलियां आयोजित होंगी: पाण्डेय

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान पर बढ़ते खतरे के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि अगले 100 दिनों में 'संविधान संवाद' कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपदों में 30 रैलियां आयोजित कर जनता को जागरूक किया जाएगा।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, नेहरू भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली से आमजन त्रस्त है, जबकि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजा. ेर कर रही है। उन्होंने मनरेगा में किए जा रहे बदलावों को ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों का अधिकार है, जिसकी आत्मा ग्राम सभा है। कामों के चयन, प्राथमिकता और निगरानी जैसे अधिकारों को केंद्रीय पोर्टल व मंत्रालयों के अधीन कर देने से ग्राम सभा औपचारिक संस्था बनकर रह गई है।

# मतदाता सूची के आंकड़ों पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सामने आए आंकड़ों ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता संख्या में आए उतार–चढ़ाव पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से यह दावा किया गया था कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश में लगभग 4 करोड़ वोटर कम हुए हैं, लेकिन बाद में दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है। यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि अगर वास्तव में चार करोड़ वोटरों की संख्या घटी थी, तो फिर कुछ ही समय में आंकड़े कैसे बदल गए। महज दो हफ्तों के भीतर एक करोड़ 11 लाख वोटरों की संख्या का अचानक बढ़ जाना स्वाभाविक नहीं लगता। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये वोट वास्तव में जुड़े हैं या फिर कागजी तौर पर जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इतने बड़े पैमाने पर नए मतदाता पंजीकरण हुए हैं, तो इसका असर जमीनी स्तर पर क्यों नहीं दिखा। न कहीं लंबी कतारें दिखीं और न ही किसी व्यापक अभियान की जानकारी सामने आई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इतने बड़े पंजीकरण से जुड़े कोई सीसीटीवी फुटेज या आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएंगे।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र में बोल सीएम योगी

# धर्मांतरण रैकेट खत्म करने को एआई का इस्तेमाल हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री का पुलिस अफसरों को निर्देश

**लखनऊ।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध जैसी गतिविधियों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस को ऐसे अपराधों पर नकेल कसने और विदेशी फंड से प्रायोजित धर्मांतरण के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आटिफिशयल इंटेलीजेंस (एआई) का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कानून–व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की ओर से प्रदेश में बढ़ने वाली आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही गो–तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्कवेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून–व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। ऐसे पोस्ट, फेक अकाउंट एवं संगठित दुष्प्रचार अभियानों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर नए–नए संगठन बनाकर अरा. जकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांच कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं।

## कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। इसी ने प्रदेश से असुरक्षा का भाव खत्म किया, विश्वास का वातावरण बनाया और यूपी को निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाया है। रविवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन–2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देशभर में यूपी मॉडल की चर्चा है और यह बदलाव पुलिस की पेशेवर, निष्पक्ष और संवेदनशील कार्यप्रणाली का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने पुलिस मंथन जैसे अभिनव प्रयास के लिए डीजीपी और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।



**सेंसेक्स** 85567.48
**निफ्टी** 26172.40



**सोना रु.** 139000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 234000
प्रति किलो



# अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी। अगले सप्ताह सोमवार को औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

इसके बाद 2 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े जारी होंगे और सप्ताह के दौरान ही वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी आएंगे। बीते सप्ताह गुरुवार को क्रिसमस के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 112.09 अंक (0.13 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त रही और यह शुक्रवार को 85,041.45 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी–50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 75.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 26,042.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.48 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप–100 सूचकांक में 1.75 प्रतिशत की तेजी रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर बढ़त में और अन्य 13 के गिरावट में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 5.47 प्रतिशत मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.59 फीसदी, टाइटन में 1.56, बीईएल में 1.44, एनटीपीसी में 1.30, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.14 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में एक प्रतिशत की तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 0.97 प्रतिशत, आईटीसी का 0.80, पावरग्रिड का 0.74, एचडीएफसी बैंक का 0.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.51, भारती एयरटेल का 0.45 और टाटा स्टील का 0.30 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टेक महिंद्रा में भी 0.02 प्रतिशत की तेजी रही। एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 1.88 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.54 फीसदी, इंडिगो का 1.50, सनफार्मा का 1.48, भारतीय स्टेट बैंक का 1.40 और बजाज फिनसर्व का 1.22 प्रतिशत टूटा।

## वार्षिकी 2025– आम आदमी की पहुंच से दूर हुआ सोना, निवेशकों की चांदी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी भू–राजनैतिक और व्यापार तनावों के बीच पिछले एक साल में सोने–चांदी में जबरदस्त तेजी रही और एक तरफ जहां दोनों कीमती धातु आम लोगों की पहुंच से दूर हो गईं, वहीं निवेशकों को खूब फायदा हुआ।

एमसीएक्स इंडिया के आंकड़ों के अनुसार अहमदाबाद में सोने की कीमत 31 दिसम्बर 2024 को 75,913 रुपये प्रति दस ग्राम थी, जो 26 दिसम्बर 2025 को बढ़कर 1,37,591 रुपये पर पहुंच गई। इस प्रकार इसकी कीमत 81 प्रतिशत से अधिक बढ़ी। इस दौरान चांद भी 85,851 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,28,948 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसकी कीमत एक साल में 167 प्रतिशत बढ़ी। विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण वैश्विक है। एक तरफ रूस युक्रेन युद्ध और दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली पीली धातु की मांग बढ़ी है। इसके अलावा, व्यापार तनाव भी इसकी एक वजह है। निवेशक ही नहीं, विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक भी सोना खरीद रहे हैं। एक तरफ जहां मूल्य में सोने की खपत बढ़ी है, वहीं वास्तविक खपत में कमी आई है। इसका मुख्य कारण इसकी आसमान छूती कीमतें हैं जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर चला गया है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने सोने चांदी में तेजी के लिए वैश्विक कारकों के साथ देश में वैवाहिक और त्योहारी मांग को भी जिम्मेदार ठहराया है। उसका कहना है कि बढ़ती कीमतों के बीच देश में इसकी निवेश मांग भी बनी हुई है।

# चावल, खाद्य तेलों में साप्ताहिक तेजी दालों में रही घट–बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। वहीं गेहूं और चीनी के भाव लगभग स्थिर रहे। खाद्य तेलों में तेजी रही, जबकि दालों में उतार–चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये की मामूली बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश अपरिवर्तित रहा। आटा छह रुपये महंगा हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी देखी गई। वनस्पति की कीमत 142 रुपये और सरसों तेल की 121 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 74 रुपये और मूंगफली तेल में 47 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त रही। सोया तेल 41 रुपये और पाम ऑयल 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 66 रुपये और उड़द दाल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 30 रुपये और मूंग दाल में 29 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल–दलहन: दाल चना 7766.52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी–गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# एकीकृत नियंत्रण कक्ष से जल्दी हो रहा हवाई यात्रियों की शिकायतों का समाधान



**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा स्थापित एकीकृत यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष (पीएसीआर) के जरिए यात्रियों की शिकायतों का अब कम समय में समाधान हो रहा है।

दिल्ली के राजीव गांधी उड़ान भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में स्थापित इस पीएसीआर में मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागर विमानन महा. निदेशालय (डीजीसीए) और सभी विमान सेवा कंपनियों के प्रतिनिधि एक साथ बैठते हैं। सोशल मीडिया पर मंत्रालय को टैग करते हुए, जब भी कोई शिकायत आती है, तो मंत्रालय के प्रतिनिधि संबंधित एयरलाइंस से बात करते हैं और जल्द से जल्द समाधान का निर्देश देते हैं। इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा के निर्देश पर 10 दिसम्बर को पीएसीआर की शुरुआत की गई थी।

मंत्रालय के पहले से चल रहे शिकायत निवारण तंत्र एयर सेवा पोर्टल को भी इसी में मिला दिया गया है। तब से अब तक यहां 13 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जिसमें 03 दिसम्बर से 09 दिसम्बर के बीच प्राप्त 3,200 से ज्यादा शिकायत भी शामिल हैं। मंत्रालय में उप–महानिदेशक प्रमोद कुमार ठाकुर ने बताया कि पीएसीआर अब स्थाई तंत्र बन गया है और यह आगे भी जारी रहेगा। यह हर दिन चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इंडिगो ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में चार हजार से अधिक उड़ानें रद्द की थीं। इस कारण लाखों यात्री अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच सकें और हजारों यात्री कई–कई घंटे तक विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे रहे। इस कारण, दिसम्बर अचानक शिकायतों की संख्या में भी भारी इजाफा देखा गया। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में जहां शिड्यूल विमान सेवा कंपनियों को यात्रियों से संबंधित 1,196 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, वहीं इस महीने 03 से 26 दिसम्बर तक 13,468 शिकायतें प्राप्त हुई और 13,061 का समाधान किया गया। इनमें 10,410 शिकायतें एयर सेवा पोर्टल के माध्यम से, 1,324 एयर सेवा ई–मेल के माध्यम से और 1,734 सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त हुए हैं।

# आरक्षण विवाद: आगा रूहुल्लाह, वहीद–उर–रहमान पारा, इल्तिजा मुफ्ती नजरबंद

**श्रीनगर, वार्ता**

■ सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में धरने का किया था ऐलान

जम्मू–कश्मीर में आरक्षण नीति को लेकर जारी विवाद के बीच प्रशासन ने रविवार को छात्रों और राजनीतिक दलों के नियोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के मद्देनजर सख्त कदम उठाते हुए शहर के संवेदनशील इलाकों को सील कर दिया और आगा रूहुल्लाह, वहीद–उर–रहमान एवं इल्तिजा मुफ्ती सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया। सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में रविवार को श्रीनगर में धरने का ऐलान किया था।

सूत्रों के अनुसार नेशनल कांफ्रेंस के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी, वरिष्ठ पीडीपी नेता वहीद–उर–रहमान पारा और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती को सुबह नजरबंद कर दिया गया। प्रशासन ने न केवल इन नेताओं की आवाजाही पर रोक लगाई, बल्कि उनके घरों के बाहर अतिरिक्त पुलिस और अर्धसैनिक बल भी तैनात किए। मेहदी के कार्यालय ने एक कड़ा बयान जारी करते हुए कहा कि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर सम्मानित सांसद को गिरफ्तार कर लिया है। हमें सूचना मिली है कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। देर रात हमें यह भी खबर मिली कि कई छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस उनके परिवारों को धमका रही है। यह सब सिर्फ इसलिए हो रहा है, क्योंकि वे एक निष्पक्ष, उचित और तर्कसंगत आरक्षण नीति की मांग कर रहे हैं। कार्यालय के अनुसार, छात्रों की सिलसिलेवार गिरफ्तारियां पूरी रात जारी रहीं और उन पर कथित दबाव बनाया गया जो विरोध के माहौल को दबाने का स्पष्ट प्रयास है।

इस बीच इल्तिजा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रशासन की कार्रवाई पर गुस्सा व्यक्त करते हुए लिखा, ष्कई अन्य लोगों की तरह मैं भी आज श्रीनगर में नजरबंद हूं। सुरक्षा एजेंसियों की अनिश्चितता और भय की मानसिकता की कोई सीमा नहीं है। यही नए कश्मीर की 'सामान्य स्थिति' है। मुझे बाहर जाने से रो. कने के लिए मेरे गेट पर महिला पुलिसकर्मियों का एक बड़ा दल तैनात है। क्या कोई मुझे बता सकता है कि यह सब किस कानून के तहत हो रहा है? सुश्री मुफ्ती ने कहा कि ये उपाय लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं और जनता की आवाज को दबाने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। पीडीपी विधायक वहीद पारा ने एक विस्तृत बयान जारी करते हुए आरोप लगाया कि आरक्षण नीति का संकट एक 'अस्तित्वगत समस्या' बन गया है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य की नींव को हिला रहा है। पारा को उनके श्रीनगर आवास से बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने एक्स पर लिखा, आरक्षण नीति हमारे युवाओं के भविष्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा रही है। हम पिछले एक साल से छात्रों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं। हम विद्यार्थियों के साथ उनके आवास के बाहर इकध होते रहे, लेकिन इस दौरान सरकार की ओर से इस मुद्दे को सुलझाने का कोई इरादा नहीं था। इस उपेक्षा ने युवाओं की चिंता और अनिश्चितता को कई गुना बढ़ा दिया है।

इससे पूर्व, श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने कहा कि छात्रों के धरने में उनके शामिल होने से पहले उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ तैनात की गई थी। उन्होंने एक्स पर कहा कि छात्रों के खिलाफ भेदभाव की नीति न्याय मांगने वाली आवा. जों को दबाकर न तो सही हो सकती है और न ही स्थाई। मैं छात्रों के साथ खड़ा हूं। नेताओं को नजरबंद किए जाने पर पुलिस की ओर से कोई बयान नहीं आया है। जम्मू–कश्मीर में सामान्य श्रेणी के छात्र आरक्षण नीति का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि 40 प्रतिशत से भी कम सीटें अनारक्षित हैं, जबकि 60 प्रतिशत से जडादा सीटें आरक्षित हैं। छात्रों के लगातार दबाव के बाद उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक कैबिनेट उप–समिति बनाई थी। इसकी सिफारिशों को अब कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और अंतिम मंजूरी के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास भेजा गया है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पत्नी के मायके जाने से था नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**बिजनौर।** कोतवाली क्षेत्र के दारानगर गंज इलाके में एक 26 वर्षीय राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपनी पत्नी के मायके जाने से नाराज था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान मोनू पुत्र लाखन के रूप में हुई है, जो दारानगर गंज का निवासी था। मोनू की पत्नी दो दिन पहले गृहक्लेश के चलते अपने मायके चली गई थी। इस बात से मोनू काफी परेशान था। आज सुबह उसने अपने घर की छत के कुंडे से लटककर अपनी जान दे दी।

मोनू की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक सात वर्षीय बेटी और एक पांच वर्षीय बेटा शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी, शहर कोतवाल और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने शव को नीचे उतरवाया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पुलिस इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर रही है।


## चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को मांग पत्र सौंपा



**नजीबाबाद।** व्यापारियों ने सांसद चन्द्रशेखर आजाद को सम्बोधित एक मांग पत्र चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि नजीबाबाद से दिल्ली जाने वाली कम से कम एक ट्रेन का समय प्रात: 4 बजे से 5 बजे के बिच निर्धारित किया जाए, जिससे व्यापारी एवं अन्य यात्री समय पर दिल्ली पहुंचें सकें। इससे जनपद के सभी आम नागरिक और व्यापारियों को दिल्ली से मुम्बई जाने के लिए भी सुविधा रहेगी। साथ ही, दिल्ली से नजीबाबाद वापसी के लिए भी कोई उपयुक्त समय निर्धारित किया जाए, जिससे व्यापारी अपना कार्य पूर्ण कर समय से दिल्ली से नजीबाबाद वापस आ सकें। ज्ञापन देने वालों में मोनू टाटा, दीपांशु वर्मा, फरहत खान, नमन सिद्दीकी, लईक सिद्दीकी, प्रशांत, दिलशाद, विशाल सैफी, मोनीश, अरशद, जीशान मुल्तानी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रभु ईशा मसीह की प्रार्थना की



**कालागढ़।** प्रभु यीशु मसीहा के जन्मदिन के पश्चात चर्च में प्रभु ईशा मसीह की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रभु ईशा मसीहा को परिवार जीवन का पहला विद्यालय माना गया है। जहां प्रेम करना, क्षमा करना और एकता में बांधना सीखाया जाता है। आज यह पवित्र परिवार का पर्व हमें यह सीख देता है कि हम प्रभु के लिए प्रार्थना करें। हर एक परिवार पर प्रभु यीशु की कृपा और आशीष बरसता रहें। हम सभी का परिवार भी पवित्र परिवार की तरह एक आदर्श परिवार बना रहें। इस अवसर पर फादर फिलिप, सिस्टर लिलियम, सिस्टर करुणा, सिस्टर रोश, सिस्टर जीता, सिस्टर रोश, रविंद्र, रुशी, मदन, रेनू, सुनील लखड़ा, अनीता, पवित्रा, थापा, हेमराज सिमराह, राजपाल, विनेश आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली-पौड़ी हाईवे पर कार में लगी आग



**बिजनौर।** कोतवाली शहर क्षेत्र में दिल्ली-पौड़ी हाईवे पर देर रात एक कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कुछ ही देर में पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। घटना दिल्ली-पौड़ी हाईवे स्थित बैराज रोड पर हेमराज कॉलोनी के पास देर रात करीब 12 बजे हुई। कार बिजनौर से बैराज की ओर जा रही थी, तभी सैनी ढाबे के पास वह खराब हो गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी खराब होने के बाद उसमें सवार यात्रियों ने चालक अबरार के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद चालक और यात्री दोनों वहां से चले गए। इस घटना के कुछ देर बाद ही अचानक कार में आग लग गई। ड्राइवर अबरार ने शहर कोतवाली पहुंचकर मारपीट और आगजनी की शिकायत दर्ज कराई है। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार में आग किसी ने लगाई थी या यह स्वत: लगी। पुलिस सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

### मौहम्मद अली ने किया कुरान हिफ्ज



**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित मदरसा फारूकया अरबिया खादिमुल इस्लाम जामा मस्जिद के मोहतमिम मौलाना मौहम्मद उमैर ने बताया कि मानियावाला निवासी सलामत उल्ला के दस वर्ष के बेटे मौहम्मद अली ने रविवार को हिफ्ज कुरआन करीम मुकम्मल किया। इस मौके पर मौलाना मौहम्मद उमैर ने कहा कि एक हाफिज कुरान बनने पर उसके पूरे खानदान की दुनिया और आखिरत संवर जाती है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि अपने बच्चों को दुनिया वी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम (कुरआन ए करीम की तालीम) जरूर पढ़ाए। बालक मौहम्मद अली के हाफिज ए कुरआन करीम बनने पर परिवार में खुशी का लहर है। इस मौके पर हाफिज मौहम्मद अली के उस्ताद मौलाना मौहम्मद उमैर, कारी हिफजुर्रहमान, मौलाना मौहम्मद शादाब, समाज सेवी हाजी लियाकत ठेकेदार, सलामत उल्ला, मौहम्मद अशरफ, शाहिद उर्फ बबलू आदि मौजूद रहे।

### मानव-वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम के लिए बैठक




**कालागढ़।** मानव वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम के उद्देश्य से कार्बेट टाइगर रिजर्व रेंज के अंतर्गत ग्राम धारा व झुलमाड गुजर वैश्य में प्रभाग दिवस का अयोजन किया गया, जिसके अध्यक्ष ओम प्रकाश ग्राम प्रधान रहे। वन प्रभाग दिवस के अंतर्गत धारा ग्राम व झुलमोड के स्थानीय ग्रमीणों जन प्रति. निधियों ने सहभागिता की। वन्यजीवों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए शीत कालीन के दौरान लकड़ी व चारा एकत्र करने के लिए वन क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील के साथ ही मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं से बचने के लिए विभाग को सहयोग देने का आग्रह किया गया। वन अग्नि सुरक्षा को लेकर समस्याएं व अन्य सुझाव व निराकरण हेतु उपाय बताए। इस अवसर पर नन्द किशोर, झिरना, महेश जोशी, रक्षित पाण्डे, जगमोहन रावत, ओम प्रकाश, अमरीक सिंह आदि सम्मलित हुए।

### बच्चों की तालीम पर जोर



**राजा का ताजपुर।** क्षेत्र के ग्राम बिड़रा मदरसा जामिया अरबिया मारुफ उलूम में कौमी तंजीम उल अंसार के बैनर तले अंसारी बिरादरी के जलसे का आयोजन किया गया। जलसे की सदारत मौलाना शौकत ने व निजामत मौलाना कलीमुजमा ने की। मुख्य अतिथि हजरत मौलाना शौकत साहब ने खिताब फरमाते हुए कहा कि हिन्दुस्तान में हर साल मुसलमानों में लगभग पंद्रह लाख शादियां होती है। मुसलमान अपने बच्चों की तालिम के मुकाबले शादियों पर दो गुना खर्च करते हैं। मुसलमानों को अपने बच्चों की तालिम पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा एक वक्त का खाना नहीं खाना चाहिए मगर अपने बच्चों को जरूर पढ़ना चाहिए। अंसारी बिरादरी को एकजुट होकर अपने बच्चों की तालिम पर ध्यान देने की जरूरत है। शादियों में फिजुल खर्च न कर अपने बच्चों की शादी नबी की सुन्नतों के मुताबिक करें। इस मौके पर कारी शमशाद अहमद, हाफिज उस्मान, हाफिज महबूब, डा. खलीक, मौलाना जावेद, मौलाना तय्यब, हाजी जियाउद्दीन अंसारी, मौलाना शरीफ, डा. बुनियाद अली, ग्राम प्रधान दिलशाद अहमद अंसारी, कारी शमशाद अहमद, नसीम अहमद, आजाद समाज पार्टी के नेता सलीम अंसारी, ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी जुबैर अंसारी, जावेद इकबाल अहमद, दानिश ठेकेदार, हाफिज बिलाल आदि मौजूद थे। मौलाना शौकत अली ने बिरादरी व मुल्क की सलामती के लिए दुआ कराई।

## कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया



**नहटौर।** विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एमएच एकेडमी में कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के कार्यों व दायित्वों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में हैनरीता राजीव सिंह जिला अध्यक्ष कांग्रेस द्वारा केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों का जिक्र करते हुए सभी लोगों से आह्वान किया कि जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी ने आजादी की लड़ाई लड़के अंग्रेजों को देश से बाहर किया। इस प्रकार की दूसरी आजादी की लड़ाई लड़के दमनकारी सरकारों को हटाने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। जिसमें जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, आर.के. सिंह सेवानिवृत आईएएस तथा हरिराज केसरी उपाध्यक्ष, मौहम्मद सलीम, हुकम सिंह, मौहम्मद अकबर विशेष आमंत्रित सदस्य, जहांगीर जैदी, जावेद अंसारी, रामपाल सिंह, हिमांशु देवरा, त्रिलोक शर्मा, मीनाक्षी सिंह, परवेज इकबाल, वसीम अहमद, इस्तेखार अहमद, अनिल कुमार, रफीक अहमद, मौहम्मद सामान, इकरार अहमद, सोनू कुमार, नरेश कुमार, ऋषिराम, खलील अहमद, नूर अली, अनीस अहमद, इमामुद्दीन आदि मौजूद रहें।

# व्यापार मंडल ने गरीबों को बांटे लिहाफ

## कड़ाके की सर्दी मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**राजा का ताजपुर।** एक बैंकट हॉल में पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की तरफ से लिहाफ वितरित समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल रहे।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार हर साल अपने संगठन की तरफ से गरीबों, बेसहारों को सैकड़ों लिहाफ वितरित करते हैं। ताकि गरीब बेसहारा लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिल सके। क्योंकि गरीबों की मदद करना हम सबका फर्ज है, जो लोग समाज में संपन्न है, उन लोग को आगे बढ़ कर लोगों की मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक आलिशा हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि मेरा मकसद बगैर किसी भेदभाव के विकास करना है, चाहे कोई भी किसी भी धर्म का हो। गरीब, बेसहारा लोगों की कोई जात या जाति नहीं होती। इसलिए कड़ाके की सर्दी में गरीब लोगों की खुल कर मदद करनी चाहिए। इस मौके पर पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल नेता आलिशा हुसैन सिद्दीकी ने सभी मुख्य अतिथियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर कमर सिद्दीकी, तसलीम अहमद इदरिसी, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, होरी सिंह त्यागी, मुकुल गुप्ता, आबिद सैफी, सरदार रविन्द्र सिंह, जावेद रहमान शम्शी, महबूब सलमानी, नईम अहमद एड., डॉ. शौकत अली, सुनील त्यागी, राहिला परवीन, इलतशा परवीन, मोनिका यादव थाना प्रभारी, विकास कुमार, शाद. ीराम सैनी, हाजी बाबू, हाजी नसीम अहमद आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

# भाकियू की बैठक में किसानों का हुजूम

## संगठन को मजबूत करने, किसान हितों और सामाजिक सुधार का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झालू।** क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम मकरंदपुर में बिजनौर-मुरादाबाद रोड स्थित श्री श्याम जी बैंकट हॉल में भारतीय किसान यूनियन प्रधान की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आयोजन स्थल किसान एकजुटता का केंद्र बन गया।

इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान, राष्ट्रीय संरक्षक भूदेव प्रधान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चाहल, युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह धनखड़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष दयाराम सिंह सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी व व्यवहारकुशल चौधरी राजवीर सिंह ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार महेश चंद शर्मा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए युवा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चाहल ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से खाद के साथ दवाई न लेने, गुलदार से सुरक्षा के उपाय अपनाने तथा जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि संगठन से जुड़कर 'नसल और फसल' दोनों को बचाना समय की आवश्यकता है और किसान समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हर समय संघर्षरत रहेगा। मंडल अध्यक्ष भूपेश सिंह ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संदेश देते हुए अपील की कि किसी भी कार्यक्रम में सभी लोग एक साथ एक ही वाहन में यात्रा न करें। वहीं, किसान हितों के लिए लंबे समय से संघर्षरत चौधरी रोहताश सिंह ने कहा कि संगठन के बल पर उन्होंने कई अहम बदलाव कराए हैं। उन्होंने युवाओं को शिक्षा की ओर प्रेरित करने, दहेज व शराब जैसी सामाजिक बुराइयों को त्यागने का संकल्प दिलाया और दो टूक कहा कि किसान का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में स्मार्ट मीटर के विरोध का भी आह्वान किया गया।

इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए जावेद राईन बिजनौर को प्रदेश प्रवक्ता, बृजपाल सिंह बागा नांगल को युवा मंडल महासचिव, चौधरी सुरेंद्र सिंह को मेन बॉडी में मुरादाबाद मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा ब्लॉक हल्दौर में युवा ब्लॉक प्रभारी की जिम्मेदारी सुमित चाहल (मकरंदपुर) को तथा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी जितेंद्र शर्मा को सौंपी गई। युवा मंडल उपाध्यक्ष के पद पर पीयूष कुमार को मनोनीत किया गया।

बैठक में भूदेव प्रधान, हरमेंद्र सिंह, आकाश डबास, भूपेंद्र चाहल, सुरेंद्र सिंह, चौधरी रोहतास सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे और संगठन को एकजुट होकर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक नरेंद्र सिंह उर्फ मुन्नू गांधी एवं अध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह ने सभी पदाधिकारियों और उपस्थित क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# श्रमिकों के हक की लड़ाई में प्रशासन सक्रिय

## श्रमिकों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बिजनौर।** मुख्यमंत्री जनसुनवाई के माध्यम से आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज श्रमिकों के वेतन शोषण की शिकायत पर श्रम विभाग ने प्रभावी कार्रवाई शुरू कर दी है। वेब इंडस्ट्रीज शुगर मिल प्रा. लि., नगीना रोड के विरुद्ध श्रमिक कानूनों के उल्लंघन को लेकर विधिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है।

कस्बा झालू निवासी रानू चौधरी द्वारा 12 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री संदर्भ संख्या 15134250221157 के तहत शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में शुगर मिल प्रबंधन पर कारखाना अधिनियम 1948 एवं शुगर वेब बोर्ड के नियमों की अनदेखी कर श्रमिकों को निर्धारित वेतन से वंचित रखने का आरोप लगाया गया था। शिकायत के परीक्षण के बाद सहायक श्रम आयुक्त बिजनौर ने वेतन भुगतान अधिनियम 1938 की प्रासंगिक धाराओं में मिल प्रबंधन के खिलाफ निर्देश वाद दर्ज कर लिया है। इसके तहत प्रबंधन को वेतन कटौती को लेकर नोटिस जारी किया गया है और मामले की पहली सुनवाई 29 दिसंबर तय की गई है।

श्रम विभाग ने साफ किया है कि यदि सुनवाई की तिथि पर प्रबंधन उपस्थित नहीं होता है या श्रमिकों का बकाया वेतन अदा नहीं किया जाता है, तो कानून के तहत वसूली की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग की ओर से शिकायतकर्ता को पूरी प्रक्रिया की जानकारी दे दी गई है, जिस पर उसने संतोष व्यक्त किया है।

प्रशासन ने दो टूक कहा है कि श्रमिकों के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के विरुद्ध कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## सोशल हैल्थ केयर ने बांटे लिहाफ

**किरतपुर।** नगर की अग्रणी समाजिक संस्था सोशल हैल्थ केयर सोसायटी की ओर से 28 वां लिहाफ वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 200 जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित किए गए। बढ़ापुरिया धर्मशाला में आयोजित लिहाफ वितरण समारोह की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष डा. अहसान उल करीम ने की, जबकि संचालन कमेटी के डायरेक्टर प्रधानाचार्य कैप्टन मजहर नामी ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा यह कार्यक्रम सोसायटी के पूर्व महामंत्री डा. अब्दुल रहमान मरहूम की याद में आयोजित किया जा रहा है। डा. अब्दुल रहमान ने सोसायटी को बुलंदियों तक पहुंचाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी थी। वे सोसायटी के समाजिक कार्य पूरी लगन व निष्ठा के साथ करते थे। उन्होंने कहा कि सोसायटी के इस समारोह का मकसद जरूरतमंदों को लिहाफ तकसीम कर उनको कड़ाके की सर्दी से बचाना है। वक्ताओं ने बताया कि समिति के कार्यकर्ता नगर के विभिन्न मौहल्ले में घूम-घूम कर यह सुनिश्चित करते हैं की कौन जरूरतमंद है, उसकी मदद कर दी जाती है। सोसाइटी सामाजिक कार्य के अलावा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेती है। इस अवसर पर जेपी वार्ष्णेय, सतीश मेहरा, रियाज सिद्दीकी, डा. अतहर नसीम, मास्टर नवेद अहमद, रानू, डा. एम फैजान खान, डा. एम जुनैद, डा. आदिल, सर्वेश अग्रवाल, सतेंद्र अग्रवाल, डा. एन एच मिर्जा, सुंदर गोयल आदि उपस्थित रहे।

# नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान बेअसर

## जान का खतरा व भारी जुर्माने के प्रावधान के बावजूद बिना हेमलेट चला रहे वाहन

**शेख मौहम्मद यूसुफ**



**अफजलगढ़।** हेलमेट नहीं, तो फ्यूल नहीं, अभियान चलाने का फैसला स्वागत योग्य तो है, परन्तु इस अभियान को चलाने की जिम्मेदारी आखिर किस विभाग की है।

जनपद में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'हेलमेट नहीं, तो फ्यूल नहीं' अभियान चलाने के शासनादेश जारी हुए काफी समय हो गया। आखिर इस आदेश को अमली जामा कौन पहनाएगा। जबकि दोपहिया वाहनों की सवारी करने वाले लोगों को खुद ही इसे लेकर संजीदा होने की जरूरत है। लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि इस अभियान से उनके भीतर जिम्मेदारी की भावना आएगी।

गौरतलब है कि क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत हादसों में दुपहिया चालक ही शिकार होते हैं। इनमें बड़ी संख्या में मौत का सबसे बड़ा कारण हादसे के समय दोपहिया वाहन चालकों का हेलमेट नहीं पहनना माना जाता है। सवाल यह है कि यातायात नियमों के मुताबिक हेलमेट अनिवार्य होने पर भी अगर लोग नियमों का पालन नहीं करते, तो इसका नुकसान स्वयं उन्हें ही उठाना पड़ता है। हैरत की बात है कि दुपहिया वाहन चलाते समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने का खतरा व भारी जुर्माने के प्रावधान के बावजूद लोग बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते दिखते हैं। उन्हें न तो नियम-कायदे की परवाह होती है और न ही अपने प्राणों की। जहां सड़क पर पुलिस या यातायात पुलिस की जांच में ढिलाई होती है, वहीं दुपहिया वाहन चालक भी लापरवाही शुरू कर देते है।

हेलमेट न पहनने के संबंध में कानून होने और उससे भी ज्यादा अपने जीवन हित में होने के बावजूद लोग हेलमेट की उपयोगिता की अनदेखी करते हैं। किसी हादसे की स्थिति में शरीर के बाकी हिस्से में लगी चोट के मुकाबले सिर पर लगी चोट (हेड इंजरी) जिंदगी को जोखिम में डाल देती है। या तो सड़क दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की सिर में लगी चोट के कारण मौके पर ही मौत हो जाती है। यदि समय रहते उपचार मिलने के बाद भी जीवन भर जटिलताएं बनी रह सकती हैं। यदि दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट पहना जाए, तो मौत की औसत को बहुत कम किया जा सकता है। जबकि जनपद भर के पेट्रोल पंप स्वामी अपनी बिक्री के चलते हेलमेट नहीं तो फ्यूल नहीं है अभियान को अनदेखी कर धड़ल्ले से बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल बेच रहे हैं।

रविवार को नगर के बस स्टैंड पर थाना प्रभारी अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह ने दो पहिया सवारी से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत दी ताकि अपने परिवार में सुरक्षित वापसी कर सके। उन्होंने अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को मोटरसाइकिल, स्कूटी व कार न चलाने की बात कही। ताकि बच्चों का जीवन सुरक्षित रहे और उनसे किसी भी प्रकार का एक्सीडेंट न हो सके। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों पर बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाने व नाबालिग वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाता हुआ पकड़ा जाता है, तो अभिभावक पर पच्चीस हजार रुपए जुर्माना अदा करना होगा व सजा का भी प्रावधान है।

# किसान मजदूर संगठन के विस्तार पर जोर

## बैठक में राम कथा में अयोध्या नगरी पहुंचने पर रूपरेखा बनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुंदकी।** किसान मजदूर संगठन की बैठक में संगठन के विस्तार तथा एक तारीख से दस तारीख तक चलने वाली राम कथा में अयोध्या नगरी पहुंचने पर रूपरेखा बनाई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी कुंवर गिरिराज सिंह ने कहा कि किसान मजदूर के हित में संगठन दिन-रात उनके हित में खड़ा है। उन्होंने कहा संगठन का विस्तार तो किया जाना जरूरी है, लेकिन संगठन में साफ सुथरी छवि के लोगों को दायित्व देना होगा। रायपुर सादात के अशोका मैरिज हॉल में रमेश चंद चौहान की अध्यक्षता में तथा प्रदीप चौहान के संचालन में किसान मजदूर संगठन ठाकुर पूरन सिंह की पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के लोगों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि किसान की पीड़ा आम आदमी से कहीं अधिक है। मजदूर भी किसान का साथी है। दोनों की समस्याएं समान है। किसान मजदूर अपने खून पसीने से फसलों को सीचकर पैसा कमाता है। उसकी मेहनत का वाजिब दाम मिलना चाहिए। कुंवर गिरिराज सिंह ने कहा देश में किसान को अन्नदाता कहा जाता है, लेकिन इसकी समस्याएं अनेक है। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने किसान मजदूर के हित की लड़ाई लड़ने के लिए संगठन को खड़ा किया। अब ग्राम अध्यक्ष से लेकर प्रत्येक पदाधिकारी का दायित्व बनता है। वह संगठन की जो योजनाएं और उनके हित की बातें हैं। वह जनता तक पहुंचे और किसान मजदूर संगठन की कार्यशैली को समझे। किसान मजदूर की कोई बिरादरी नहीं होती। वह तो सबका साथी होता है। पंचायत में संगठन के विस्तार पर गंभीरता से लोगों ने अपने विचार रखें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नौबहार सिंह गहलौत ने बताया कि अयोध्या नगरी में एक जनवरी से 10 जनवरी तक ठाकुर पूरन सिंह के नेतृत्व में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ठाकुर बृजभूषण शरण द्वारा किसान मजदूर संगठन के लोगों का अभिवादन किया जाएगा। उन्होंने कहा किसान भाई राम कथा में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं। साथ ही अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पुरन सिंह के हाथों को मजबूत करें। पंचायत को सरदार राजवीर सिंह, मूलचंद नजीबाबाद, प्रवेश कुमार प्रधान, रामकुमार, पिंकी राजपूत, युवा अध्यक्ष विपिन राजपूत, मंडल अध्यक्ष पुखराज सिंह चौहान, विकास कुमार, राजेंद्र प्रजापति, सत्यवीर राजपूत, मुकेश कुमार, सुभाष प्रधान, जिला सचिव अभय सिंह आदि किसान नेताओं ने पंचायत को संबोधित किया।

# भाकियू टिकैत की महापंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महा पंचायत वादीगढ़ में सम्पन्न हुई। महापंचायत में पहुंची मुख्य अतिथि सांसद रुचि वीरा को किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। महा पंचायत की अध्यक्षता सामूहिक रुप से सरदार लख्खा सिंह, महीपाल सिंह व मौहम्मद असगर ने तथा संच. ालन रमेश चन्द शेखावत ने किया।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत यूनिट द्वारा हर वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी किसान महा पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में किसानों व सामाजिक भिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसमें वन विभाग द्वारा वन गुर्जरों को परेशान किया जाना तथा झूठे मुकदमों में फंसाया जाना, द्वारिकेश शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों को रिजेक्ट गन्ना श्रेणी के नाम पर किसानों को परेशान किया जाना व बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर व मीटर जम्पिंग और जर्जर लाइन को न बदलना सड़कों, खेतों में घूम रहे आवारा निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में पहुंचाने आदि समस्याओं पर मामला गरमाया रहा। वक्ताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कदम न उठाया गया और लापरवाही की गई तो भारतीय किसान यूनियन आन्दोलन को विवश होगी।

भारतीय किसान यूनियन महाप. ंचायत सम्मेलन में पहुंची मुख्य अतिथि सांसद मुरादाबाद रुचि वीरा को भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारी ने क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। सांसद रुचि वीरा ने किसानों का हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

सम्मेलन में भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, जिला महा सचिव देव राज, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुनिन्दर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान व आकाश बजरंगी, रमेश सिंह शेखावत, हरि सिंह, यूसुफ कुरैशी, राणा सिंह सैनी, तहसील अध्यक्ष कवीराज, देवेन्द्र कौमिक, डॉ. राजपाल सिंह, शकील कुरैशी, रहीस अहमद, बॉबी गुर्जर, मौहम्मद सालिम, गुरविन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बढ़ापुर में स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** कांग्रेस नेतृत्व के निर्देशानुसार पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी प्रतिनिधि व मुख्य वक्ता के रूप में जिला कोषाध्यक्ष मौहम्मद आरिफ खान एड. उपस्थित रहे।

मौहल्ला पठानान में पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस का स्थापना दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के बेनर तले नगर अध्यक्ष फरीद अहमद खान एड. के संचालन व ब्लाक कोतवाली के अध्यक्ष हाजी अहसान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी प्रतिनिधि व मुख्य वक्ता के रूप में जिला कोषाध्यक्ष मौहम्मद आरिफ खान एड. ने कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज ही के दिन 28 दिसंबर 1885 में बॉम्बे के गोकुलदास संस्कृत महाविद्यालय में कांग्रेस की स्थापना की गई। उस समय देश को आजाद कराने के लिए कांग्रेस को अंग्रेजों से लड़ना पड़ा और आज देश को साम्प्रदायिकता व नफरत की आग में झोंकने का प्रयास करने वाली ताकतों से लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस के इतिहास व उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मिसबाबुल हसन, जिला महासचिव प्रदीप कुमार ठाकुर, जिला सचिव शाहिद मंसूरी, शाहनवाज खान, मारूफ खान, गजनफरूल्ला खान, इफ्तिखार अहमद, शहजाद खान आदि ने संबोधित किया।

# नीट-पीजी 2025 में ऐतिहासिक सफलता

## झालू के डॉ. सुधाकर विश्वकर्मा को लखनऊ में MS जनरल सर्जरी में मिला प्रवेश

**नरेश कुमार**

**झालू।** देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी चिकित्सा प्रवेश परीक्षा NEET-PG 2025 में शानदार सफलता प्राप्त कर डॉ. सुधाकर विश्वकर्मा ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ ही उन्हें लखनऊ के एक प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान में MS (जनरल सर्जरी) ब्रांच में प्रवेश प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि उनकी वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और चिकित्सा के प्रति समर्पण का प्रतिफल मानी जा रही है।



डॉ. सुधाकर विश्वकर्मा मूल रूप से कस्बा झालू के निवासी हैं और पिता महेंद्र धीमान के सुपुत्र हैं। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर चिकित्सा क्षेत्र तक का उनका सफर अनुकरणीय रहा है। पढ़ाई के दौरान उन्होंने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुए। आज उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। विशेष उल्लेखनीय है कि डॉ. सुधाकर का परिवार पहले से ही शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान रखता है। उनके बड़े भाई डॉ. प्रभाकर विश्वकर्मा (PhD) उच्च शिक्षा जगत में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी बहन डॉ. दीपिका विश्वकर्मा (BHMS-MD) पहले से ही चिकित्सा क्षेत्र में सेवाएं दे रही हैं। इस प्रकार पूरा परिवार शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समाज को योगदान दे रहा है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पिता महेंद्र धीमान एवं माता सरिता देवी ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि 'हमारे बच्चों की सफलता हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कड़ी मेहनत, धैर्य और ईमानदारी से यह मुकाम हासिल किया है। हमें अपने बच्चों पर गर्व है।' माता-पिता ने यह भी कहा कि सफलता के पीछे परिवार का सहयोग और बच्चों का आत्मविश्वास सबसे बड़ा कारण रहा। डॉ. सुधाकर विश्वकर्मा की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सर्जरी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में विशेषज्ञ बनकर डॉ. सुधाकर भविष्य में समाज और मानवता की सेवा में अहम भूमिका निभाएंगे।

डॉ. सुधाकर की यह उपलब्धि निश्चय ही झालू क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और यह संदेश देगी कि लगन, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### माता-पिता की भावुक प्रतिक्रिया

**झालू।** डॉ. सुधाकर विश्वकर्मा की सफलता पर पिता महेंद्र धीमान एवं माता सरिता देवी ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपने शब्दों में कहा- 'यह हमारे लिए अत्यंत गर्व और आनंद का क्षण है। हमारे बच्चों की मेहनत और सफलता ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। डॉ. सुधाकर ने पूरे मनोयोग और लगन से पढ़ाई कर यह उपलब्धि हासिल की है। हमें पूरा विश्वास है कि वह आगे चलकर एक श्रेष्ठ सर्जन बनकर समाज और मानवता की सेवा करेंगे। ईश्वर उन्हें निरंतर उन्नति और सफलता प्रदान करे। माता-पिता के इस भावनात्मक वक्तव्य से उनके परिवार की खुशी और संतोष स्पष्ट झलकता है तथा यह संदेश देता है कि मेहनत और संस्कार ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं।

## एक नजर

### युवक की मौत से मचा कोहराम



**नहटौर।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए तीन युवकों में से एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम दबखेड़ी निवासी प्रिंस पुत्र ऋषिपाल सिंह, चमन पुत्र संतराम सिंह अपने रिश्तेदार ग्राम सिंगा गोयली निवासी विकास के साथ बाइक द्वारा नहटौर से अपने घर दबखेड़ी जा रहे थे। ग्राम खंडसाल के निकट उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आने से तीनों घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया था। रविवार को उपचार के दौरान विकास की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### गंदगी से ग्रामीणों को परेशानी

**कासमपुर गढ़ी।** एनएच 74 के दोनों तरफ ग्राम उधोवाला में कूड़े व गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और इतना ही नहीं उसके पास मरे हुए पशु भी वहीं डालते रहते हैं। जिससे दुर्गंध फैलती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आने-जाने वाले लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण प्रेम राज सिंह, वीरेंद्र सिंह, संदीप सिंह, उमेश कुमार, मुस्तकीम, रकीब अहमद, गजम सिंह, राजीव कुमार, भूपेंद्र सिंह, कृपाल सिंह आदि का कहना है कि इस गंदगी से अनेकों बार दूसरे रास्ते से होकर जाना पड़ता है। इस संबंध में शासन को कई बार मौखिक व लिखित रूप में शिकायत भी की गई है। लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों न प्रशासन से अति शीघ्र इस गंदगी को हटाए जाने की मांग की है। उधर विकासखंड अधिकारी का कहना है कि शीघ्र ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### विधायक ने घायल को अस्पताल पहुंचाया



**नगीना।** आज दोपहर विधायक मनोज पारस अपने विधानसभा क्षेत्र के किरतपुर नगर जा रहे थे। एनएच 74 पर सेंट मैरी स्कूल के पास पहुंचने पर उन्होंने एक बाइक व चार पहिया वाहन की टक्कर में घायल बाइक सवार दंपत्ति को घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा देखा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने बिना देर किए एक प्राइवेट गाड़ी के माध्यम से घायलों को नगीना सीएचसी पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने घायलों को तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया। घायलों के साथ अस्पताल पहुंचे विधायक मनोज पारस ने घायलों के परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने विधायक मनोज पारस के इस मानवीय कार्य की सराहना की। उन्होंने इसे संवेदनशीलता और तत्परता का एक उदाहरण बताया।

### साहिबजादों की शहादत पर कार्यक्रम

**नगीना।** श्री गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादे एवं माता गुजर कौर की शहादत पर गुरुद्वारा संत सभा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गुरुद्वारा संत सभा निकट एसडीएम कोर्ट में चारों साहबजादे एवं माता गुजर कौर की शहादत को नमन करते हुए श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ 27 दिसंबर को आरंभ किए गए थे। जिनकी संपूर्णता रविवार को गुरुद्वारा संत सभा नगीना में हुई। गुरु महाराज के जीवन पर गुरमत विचार एवं कीर्तन दरबार का आयोजन गुरुद्वारा दीवान हाल में किया गया। भाई कृष्ण सिंह ने श्री गुरु गोविंद सिंह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे धर्म की रक्षा की खातिर उन्होंने अपने समस्त परिवार का बलिदान दे दिया, गुरु के छोटे-छोटे बच्चों ने भी जालिमों के दिए अनेकों प्रलोभनों में न आते हुए शहादत मंजूर की। परंतु धर्म नहीं छोड़ा। भाई तारा सिंह एवं भाई रामधन सिंह द्वारा शब्द कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार केवल पाल सिंह, गुरुघर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, भाई रामधन सिंह, अजीत कौर, रविंद्र कौर, अवनीत कौर, हरविंदर कौर, गगन प्रीत सिंह, हैप्पी सिंह आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

## छेड़छाड़ और फसल उजाड़ने की शिकायत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्राम फरीदपुर मीरा उर्फ घनुवाला में कथित अवैध धर्म परिवर्तन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। आज ग्राम के करीब 100 से अधिक ग्रामीण शहर कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी को मांग-पत्र सौंपा। फसल पर ट्रैक्टर चलाने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों ने ग्राम के ही दिनेश, मोहन सिंह और विनोद पुत्रगण शिवचरन पर धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाने तथा अन्य ग्रामीणों को पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त लोगों द्वारा देवीचंद और उसके परिवार का धर्म परिवर्तन कराया जा चुका है, जबकि राजकुमार पुत्र मदनपाल सिंह और कुलदीप पुत्र सुरेश को भी धन का लालच देकर धर्म बदलने के लिए उकसाया जा रहा है। आरोप है कि विरोध करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है, जिससे ग्राम में भय और तनाव का माहौल है।

वहीं दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि दोपहर उनके घरों पर पथराव किया गया। संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और ट्रैक्टर से उनकी फसल उजाड़ दी गई। फसल नष्ट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात भी कही जा रही है। पीड़ित पक्ष ने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया, जिसके बाद भीड़ वहां से भाग गई।

बताया गया कि 25 दिसंबर को ग्राम में मोहन सिंह, दिनेश और विना. ेद अपने परिवार के साथ क्रिसमस डे मना रहे थे। आरोप है कि इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने कार्यक्रम में बाधा डालकर केक और भोजन नष्ट कर दिया। सूचना पर सीओ सिटी और कोतवाल मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया। इसके बाद लौट रहे महिला-पुरुषों के साथ बदसलूकी व मारपीट की शिकायत भी पुलिस को दी गई थी।

ग्रामीणों का कहना है कि 25 दिसंबर की घटना के बाद मामला शांत भी नहीं हुआ था कि हल्के में तैनात एक कांस्टेबल द्वारा मुकदमा दर्ज होने की बात कहे जाने से लोगों में रोष फैल गया। इसके बाद ग्राम में बैठक कर थाने चलने का निर्णय लिया गया। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच कर रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़छाड़ का आरोपी निकला हिस्ट्रीशीटर

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने खेत में माता पिता के साथ कार्य कर रही एक युवती से छेड़छाड़ व युवती के पिता को चाकू मारकर घायल करने के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा यह गिरफ्तारी ग्राम अमरौली नहर के पुल के पास चेकिंग के दौरान की गई। गिरफ्तारी के समय पुलिस को आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस, 310 रुपए नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आरोपी के विरुद्ध थाना नगीना में एक महिला द्वारा तहरीर देकर शिकायत की गयी थी कि खेत में काम करते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। उसके पति लेखराम सैनी ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच पड़ताल व आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी।

बीती रात, ग्राम अमरोली नहर पुल के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान, पुलिस ने एक बाइक सवार व्यक्ति को आता देख उसे रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार व्यक्ति रुकने की बजाय वापस मुड़कर भागने लगा, जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जब पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के बाएं पैर में गोली मारकर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ और तलाशी के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम इकराम उर्फ भूरा कुरैशी पुत्र खलील कुरैशी बताया। वह मूल रूप से ग्राम बेहड़ा सादात, थाना काकरोली, जनपद मुजफ्फरनगर का निवासी है, लेकिन वर्तमान में ग्राम ताहरपुर सेद उर्फ तरकोला, थाना नहटौर, जनपद बिजनौर में रह रहा था।

अभियुक्त ने 20 दिसंबर को हुई घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उसने बताया कि वह मोटरसाइकिल से ग्राम हूर नंगला के जंगल में गया था और घटना को अंजाम देने के बाद जंगल के रास्ते फरार हो गया था। घायल अभियुक्त को नगीना सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 4/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि की गई है। पकड़े गए अभियुक्त पर जनपद मुजफ्फरनगर, बिजनौर सहित विभिन्न थानों में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। वह थाना धामपुर का हिस्ट्रीशीटर भी है।

## खाटू श्याम की 1900 किमी पैदल यात्रा कर लौटने पर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी खाटू श्याम प्रेमी अमित विश्नोई 15 नवंबर 2025 को माता वैष्णो देवी कटरा से खाटूश्याम व सालासर बालाजी महाराज तक की 1900 किलोमीटर की पैदल यात्रा के लिए गये थे। दर्शन व 1900 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर 43 दिन बाद खाटू श्याम प्रेमी नगीना के लाल अमित विश्नोई के रविवार को अपने गृह नगीना पहुंचने पर धर्म प्रेमी नगर वासियों व खाटूश्याम प्रेमियों ने अमित विश्नोई का ढ़ोल बाजे के साथ मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत करते हुये उनका उत्साह वर्धन किया।

खाटू श्याम के अनन्य भक्त अमित विश्नोई के भांजे व विश्नोई सराय क्षेत्र से नगर पालिका नगीना के सभासद रोहित बिश्नोई ने बताया कि नगीना से खाटूश्याम तक की यह उनकी चौथी पैदल यात्रा थी, जिसमें हर बार उन्हें अपने मामा की विदाई व वापसी पर अभिनंदन व आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

# रात के अंधेरे में अवैध खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** निकटवर्ती ग्राम खेड़ी भोजपुर के बाहर स्थित एक फैक्ट्री के समीप बीते दो दिनों से रात्रि के अंधेरे में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कई ओवरलोड डंपरों के माध्यम से मिट्टी लाकर खनन कार्य तेजी से किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरा कार्य प्रशासन के स्पष्ट निर्देशों के विपरीत है, क्योंकि शासन द्वारा रात्रि में किसी भी प्रकार के खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद अवैध खनन का जारी रहना संबंधित हल्का पुलिस और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े करता है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अवैध खनन को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए हैं और इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए जा चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद खनन माफिया अपने अवैध कार्यों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। आरोप है कि सत्ताधारी दल एवं उससे जुड़े कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण मिलने के कारण खनन माफिया अधिकारियों पर दबाव बनाकर कार्रवाई से बचते रहते हैं।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व नांगल थाना क्षेत्र में खनन से जुड़े एक डंपर की चपेट में आने से बड़ी दुर्घटना हुई थी, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी एवं एक सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद भोजपुर हल्का क्षेत्र में अवैध खनन का कार्य निर्बाध रूप से जारी बताया जा रहा है।

अब देखना यह होगा कि संबंधित थाना प्रभारी एवं हल्का पुलिस इस अवैध खनन पर किस प्रकार अंकुश लगाती है या फिर शासन के आदेशों की अनदेखी होती रहती है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नियम-कानून केवल गरीब और आम जनता के लिए ही बनाए जाते हैं, जबकि प्रभावशाली लोग अवैध खनन से मोटी कमाई कर रहे हैं।

वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि उनके संज्ञान में अवैध खनन का कोई मामला नहीं आया है। उन्होंने कहा कि हल्का दरोगा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। यदि उनके क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन पाया जाता है, तो उसे किसी भी हाल में नहीं होने दिया जाएगा तथा रात्रि में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा।


**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम ZAHHIDA KHATOON था, जिसे बदल कर मैंने ZAHIDA NAIM पत्नी श्री NAIM AHMAD निवासी मौहल्ला अफगानान, थाना शेरकोट, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश रख लिया है। अब भविष्य में मुझे इसी नाम व पते से जाना व पहचाना जाये। **ZAHIDA NAIM पत्नी श्री NAIM AHMAD निवासी मौहल्ला अफगानान, थाना शेरकोट, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

हमारा एक बैनामा 1349/1351 तथा 18/235-240=5214 बुक नम्बर 1352 पृष्ठ 89/90 वास्तव में कहीं गुम हो गया है।

**डॉ. राजीव कुमार सिंह पुत्र आर के सिंह, हैनरीता पत्नी राजीव कुमार सिंह**

**115 मंडी मौलगंज लुहारी सराय नगीना, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

# मिल कांटों व क्रय केंद्रों का निरीक्षण



## विभागीय कार्यों का भी किया सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नवीन गन्ना पेराई सत्र अंतर्गत गन्ना किसानों की सुविधाओं और विभागीय विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु आज ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक एवं सचिव जितेंद्र कुमार गन्ना समिति द्वारा संयुक्त रूप से चीनी मिल धनोरा के विभिन्न क्रय केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तौल एवं इंडेंट व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र मे अधिकारियों ने नारनौर अ एवं ब तथा अलीपुरा क्रय केंद्रों के कांटों (वेब्रिज) की गहन जांच की। पारदर्शिता के दौरान तौल प्रक्रिया पूरी तरह मानक के अनुरूप और पारदर्शी पाई गई। साथ ही साथ ही मौके पर मौजूद किसानों ने समय पर इंडेंट (सट्टा पर्ची) मिलने और सुचारू आपूर्ति व्यवस्था पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया।

विभागीय विकास कार्यों के सत्यापन के अंतर्गत अधिकारियों ने प्रगतिशील खेती के मॉडल्स का जायजा लिया, जिसमें गन्ना + गेहूं ग्राम आजमपुर में कृषक एकांत सिंह के खेत पर 0.500 हेक्टेयर में सीओ 0.118 प्रजाति के साथ गेहूं की सह-फसली खेती का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रगतिशील कृषक द्वारा की गई कड़ी मेहनत झलक रही थी। निरीक्षण के दौरान ग्राम अलीपुर में कृषक द्वारा ट्रेंच विधि से बुवाई सरसों की फसल को देखा साथ ही गन्ने की फसल मे सरसों के डेमो प्लांट भी देखे गए जो कि क्षेत्र में आधुनिक खेती के बढ़ते रुझान को भी दर्शा रहे थे।

किसानों को इस घातक रोग के प्रति सचेत करते हुए ट्राइकोडर्मा के प्रयोग की विधि समझाई गई। किसानों ने रोगग्रस्त प्रजातियों की बुवाई न करने का संकल्प लिया।

किसानों को ट्रेंच प्लांटिंग, ड्रिप सिंचाई और उन्नत पेड़ी प्रबंधन अपनाने हेतु प्रेरित किया गया ताकि लागत कम और मुनाफा अधिक हो सके। भ्रमण के अंतिम पड़ाव पर चीनी मिल मे शुगर स्टॉक के रख रखाव एवं समिति स्तर से तैनात कर्मचारियों के कार्यों का रिव्यु किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न प्रगतिशील किसान एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंडित आयुष कौशिक के निधन पर शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** महाकाल भक्त मंडल के तत्वावधान में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित आयुष कौशिक के निधन पर शोक जताया गया।

महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की और भगवान आशुतोष से यह भी प्रार्थना की कि भगवान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। बताते चले कि प्रतिवर्ष श्रावण मास में महाकाल भक्त मंडल के बैनर तले होने वाले रुद्राभिषेक का प्रारंभ पंडित आयुष कौशिक द्वारा किया गया था। लगातार तीन वर्ष तक पंडित आयुष कौशिक द्वारा महाकाल भक्त मंडल के बैनर तले श्रावण मास में ब्रह्म मुहूर्त में रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया था। वह बहुत ही भक्ति भाव से अपने यजमानों की पूजा अर्चना संपन्न कराते थे। शोकसभा में सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एड., देवेंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार, आयुष्मान चंद्रा, सागर, ऋषभ, अमित चौहान, आकाश भटनागर, हर्ष शर्मा, हरि ओम आदि रहे।

## एक नजर

### मीरोपुर की टीम ने जीता क्रिकेट मैच



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मीरोपुर की टीम ने नांगल को 7 विकेट से हराकर मैच जीता। मीरोपुर और नांगल की टीम के बीच मैच खेला गया। नांगल की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 35 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें मनी प्रताप ने सर्वाधिक 12 रन बनाए। मीरोपुर की ओर से शाबेज ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मीरोपुर की टीम में तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया। शावेज ने सर्वाधिक 20 रन बनाएं। शाबेज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर मोनू व उदय रहे। मैच में विरल, सचिन, तसलीम, आदि का सहयोग रहा।

### ऑन साइट इमरजेंसी मॉक ड्रिल



**नांगल सोती।** बरकतपुर उत्तम शुगर मिल और आश्वनी इकाई में गौरव कुमार, संतोष कुमार और यशवीर सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम के प्रमुख वीरेंद्र सिंह, विवेक त्रिपाठी की टीम ने ऑनसाइट इमरजेंसी मॉक ड्रिल रिहर्सल किया। आग लगने की संभावना का अभ्यास करते हुए कर्मचारी के घायल होने तथा आग को काबू करते हुए मेडिकल टीम को सूचित करने व घायल कर्मचारी को डिस्पेंसरी/ प्राथमिक चिकित्सालय भेजने का अभ्यास किया गया। आबकारी आयुक्त शैलेंद्र बहादुर, मिल संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह, आश्वनी उपाध्यक्ष जेपी त्रिपाठी, अतेंद्र शर्मा, अर्जुन कौशिक, मनोज कुमार आदि मिल अधिकारियों ने अभ्यास टीम द्वारा रिहर्सल उत्साह पूर्वक निश्चित समय अनुसार पूरा करने पर हौसला अफजाई की। संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने कहा कि आपदा की स्थिति में कर्मचारी और आसपास क्षेत्र की सुरक्षा की जांच करना रिहर्सल का उद्देश्य है। मिल संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने कर्मचारियों को नियमों से चलने और सुरक्षा साधनों का उपयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर मिल ने कर्मचारियों को सुरक्षा जैकेट का भी वितरण किया।

### सर्पमित्र ने अजगर सांप किया रेस्क्यू



**शेरकोट।** ग्राम मंधौरा में झाड़ियों मे पिछले कई दिनों से लगभग 3 से 4 फिट लम्बा अजगर साँप देखा जा रहा था। सूचना पर सर्पमित्र बी भास्कर ने वन विभाग की टीम के साथ अजगर का रेस्क्यू कर लिया। सर्पमित्र बी भास्कर ने बताया कि अजगर सांप करीब 8 किलो वजन का है। जिसकी लम्बाई करीब 3से 4 फिट है, जिसे किसी सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। फिलहाल अजगर सांप पकड़ा जाने से स्थानीय लोगों और किसानों ने राहत की सांस ली है। रेस्क्यू देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। रेस्क्यू करने वाली टीम में सर्प मित्र बी भास्कर, वन विभाग के विपिन कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी



**नजीबाबाद।** कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास स्थान पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान और जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर आयोजित हुआ। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिला महासचिव एवं ब्लॉक प्रभारी हाजी नसीम अंसारी ने की, जबकि नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने इसका संचालन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी का अपमान किया है और इस योजना को खत्म करना चाहती है। उन्होंने जोर दिया कि कांग्रेस पार्टी इस पर चुप नहीं बैठेगी। हाजी नसीम अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को अपने खून से सींचा है और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बैठक में अकरम खां, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, शराफत चौधरी, भानू प्रकाश, जफर आलम, परवेज अली, कारी नौशाद, डॉ. सलीम सैफी, जीशान सैफी, राकेश शर्मा सहित कई अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रालोद कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन



**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल ने पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर चौधरी जयंत सिंह की लंबी उम्र की कामना की। बैठक का संचालन हरेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया। राष्ट्रीय लो. कदल के वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन किसानों, गांवों और श्रमिक वर्ग के उत्थान को समर्पित था। उनका मानना था कि जब तक भारत का किसान सशक्त नहीं होगा, देश प्रगति नहीं कर सकता। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह, हरेंद्र सिंह तोमर, लटूर सिंह, सुरेश राणा, सुमित राठी, रामनाथ ओंकार सिंह, शुभम तोमर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सड़क धंसने से आवागमन बाधित



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर राजवाहे से हल्दौर जा रही सड़क अचानक कई फिट नीचे धंस गई। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि साही जानवर द्वारा लगातार कटान किया गया, जिससे नहर की ओर से कटान कर साही जानवर दूसरी ओर किसान के खेत में निकल गया। वहीं अंदर से खोखरी और दवाब पड़ने के बाद पूरी सड़क नीचे धंस गई। गनीमत रही एक कार बाल-बाल इसकी चपेट में आने से बची। विदित हो कि अभी कुछ दिन पूर्व ही इस नहर के रास्ते पर नई सड़क का निर्माण कराया गया था।

### गायत्री शक्तिपीठ कोषाध्यक्ष का निधन



**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ की कोषाध्यक्ष मधुबाला गुप्ता का शनिवार शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह काफी समय से कैंसर से पीड़ित थीं। उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। मधुबाला गुप्ता गायत्री शक्तिपीठ की वरिष्ठ साधिका थीं और लंबे समय से कोषाध्यक्ष का पद संभाल रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके परिचितों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। उनके निवास पर लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

### आरएसएस का पथ संचलन



**नहटौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने नगर में पथ संचलन निकाला। यह आयोजन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के देश के लिए दिए गए बलिदान को 'शहीद पर्व' के रूप में मनाने के लिए किया गया था। इस पथ संचलन में लगभग 110 कार्यकर्ता शामिल हुए। रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनिल कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए हमारे पूर्वजों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नगरवासियों ने पथ संचलन में शामिल कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नगर कार्यवाह चंद्रसेन, जिला शारीरिक प्रमुख मृत्युंजय, अशोक चंद्रा, सौरभ, नितिन अग्रवाल, गणेश सेती और प्रमोद त्यागी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क बदहाल होने से व्यापारी परेशान



## ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** मुख्य बाजार की सड़क बदहाल होने से व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नांगल सोती मुख्य बाजार में आसपास के ग्राम हरचंदपुर, मायापुरी, चमरोला, शहजादपुर, जीतपुर, खानपुर, सराय आलम, अभिपुरा सैदपुरी, सौफतपुर के ग्रामीण खरीदारी करने पहुंचते हैं। मुख्य बाजार की सड़क से पंजाब नैशनल बैंक, मुस्लिम फंड, बिजली विभाग का कार्यालय, डाकघर व कई स्कूल और नांगल का गंगा घाट जुड़े है, लेकिन मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त व बदहाल होने के कारण ग्रामीणों, व्यापारियों व स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सुनील कुमार, राजवीर काकरान, रामपाल सिंह, गोपाल शर्मा, उमाकांत शुक्ला, सुशील शुक्ला, कुलदीप अग्रवाल आदि का कहना है कि बरसात होने पर मार्ग पर बने गड्ढों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई बार ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बाद भी मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने जल्द ही मार्ग निर्माण की मांग की है।

नांगल सोती निवासी व्यापारी सुबोध वर्मा का कहना है कि इस मार्ग का निर्माण सन् 2003 में जिला पंचायत द्वारा किया गया था। उसके बाद से आज तक किसी ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधियों ने सड़क की मरम्मत तक नहीं कराई गई।

भाजपा नेता आर्य वीरेंद्र शर्मा का कहना है कि पंचायत में जो अच्छी सड़के थी, उन्हें तोड़कर तो दोबारा बना दिया गया लेकिन मुख्य बाजार की सड़क को जानबूझ कर अनदेखा किया जा रहा है जबकि इस मार्ग का निर्माण होना जरूरी है। ग्राम प्रधान फरमान अहमद ने बताया कि वे सड़क निर्माण के लिए प्रयासरत है। विधायक जी से सड़क निर्माण के बारे में वार्ता चल रही है।

# स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व नए पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग ने जैन धर्मशाला में विचार गोष्ठी, वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान समारोह और नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य मुनीश त्यागी ने की। संचालन वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष/पीसीसी सदस्य नजाकत अल्वी ने किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान भी मौजूद थे।

विचार गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। देश के अमर शहीदों को भी याद किया गया। वक्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कांग्रेस पार्टी की 140वीं वर्षगांठ पर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग बिजनौर ने जिले के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को सम्मान पत्र और फूल मालाएं भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके आदर्शों पर चलते हुए कांग्रेस को आगे ले जाने का संकल्प लिया गया।

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग बिजनौर की नवनियुक्त जिला कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनीत पत्र वितरित किए गए और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील की गई कि वह पिछड़े समाज को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस से जोड़ें और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मिशन को मजबूती प्रदान करें।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग बिजनौर के जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति ने पिछड़े समाज के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब से जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग, बिजनौर द्वारा पिछड़े समाज, अनुसूचित जाति समाज और अनुसूचित जनजाति समाज के सभी नागरिकों के जाति प्रमाण पत्र केवल 15 रुपये के सरकारी शुल्क पर बनाए जाएंगे। प्रमाण पत्र बनवाने के इच्छुक अभ्यर्थी को अपना प्रमाण पत्र बनवाकर उसे वॉट्सऐप के माध्यम से ही भेजा जाएगा। सरकारी शुल्क के अलावा कोई अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा।

इस मौके पर नजाकत अल्वी पूर्व जिला उपाध्यक्ष व पीसीसी सदस्य, जसवेंद्र सिंह प्रदेश सचिव कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, मौहम्मद रफत जिलाध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, अब्दुल समद आजद, दयावती कश्यप पूर्व जिला महासचिव, आसिफ कुरैशी, इंतेखाब जैदी, शमीम कुरैशी, फुरकान महमूद अंसारी, नजीबाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष शजर तैय्यब, नरपाल सिंह, पुष्पा सैनी, डॉ. अथर जुनैद चंदन, रहनुमा अंसारी, शाकिर, मौहम्मद अयाज राईन, खुर्शीद कुरैशी, शमशुद्दीन सिद्दीकी, हर्षवर्धन सिंह राणा, मौहम्मद इशरत अली, दिलशाद मौजूद रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाये

**धामपुर।** वरिष्ठ नागरिक समिति रानीबाग कालोनी की मासिक बैठक अल्हैपुर ब्लाक परिसर में हुई। बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा करते हुए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाने एवं उसे अति शीघ्र लागू करने की मांग उठाई गई।

शिवकुमार ने कहा कि देश में जनसंख्या सन्तुलन वनाया जाये। यशपाल सिंह ने कहा कि ईसाई और मुस्लिम मंतान्तरण करा रहे हैं। इससे जनसंख्या बढ़ने के साथ जनसंख्या सन्तुलन बिगड़ रहा जो देश के हित में नहीं हैं।

प्रधानाचार्य सत्यवीर सिह ने बताया कि आज का प्रजातंत्र है जिसकी धर्म, समुदाय, पार्टी का जनसंख्या बल होगा रही राज करेगा। अध्यक्ष जगदीश प्रसाद ने कहा कि सभी समस्यों जड़ अति जनसंख्या है चाहे वो मंहगाई हो, गरीबी हो आवास की हो शिक्षा हो या राजनीति हो जनसंख्या सन्तुलन जरूरी है। देश. हित में यह कदम उठाने में जितनी देर होगी उतनी ही देश की स्थिति भयावह होगी। संरक्षक गजराज सिंह ने कहा कि बहुसंख्यक और अल्प संख्यक को भी सही तरह से परिभाषित किया जाये। बैठक में राम कुमार सिंह, विजय पाल सिंह, महेन्द्र पाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, भागेश कुमार, हर प्रसाद आदि ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता जगदीश प्रसाद ने तथा संचालन विपिन कुमार ने किया।

# रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन का आज जीएम करेंगे निरीक्षण



## उद्घाटन की तिथि जल्द घोषित होने के संकेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन से पहले रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) ए.के. वर्मा कल (आज) धामपुर रेलवे स्टेशन पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का गहन निरीक्षण करेंगे। माना जा रहा है कि इस निरीक्षण के बाद नवनिर्मित स्टेशन भवन के उद्घाटन की तिथि घोषित की जा सकती है।

सूत्रों के अनुसार रेलवे जीएम ए.के. वर्मा मुरादाबाद से स्पेशल ट्रेन द्वारा चलकर पहले स्योहारा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करेंगे, इसके बाद वह धामपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां लगभग 45 मिनट तक स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, यात्री सुविधाएं, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। निरीक्षण के उपरांत उनका काफिला नगीना, नजीबाबाद होते हुए रुड़की के लिए रवाना होगा।

धामपुर रेलवे स्टेशन का नया भवन करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है, जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक इंतजाम किए गए हैं। स्टेशन भवन में बेहतर प्रतीक्षालय, शौचालय, दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं, लिफ्ट एवं आधुनिक टिकटिंग व्यवस्था शामिल हैं।

रेलवे जीएम के संभावित दौरे को लेकर रविवार को स्टेशन परिसर में खासा हलचल रही। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी निरीक्षण की तैयारियों में जुटे रहे तथा छोटी-बड़ी खामियों को दुरुस्त किया गया।

# ...अपने करम से मुझ को तू रोजी हलाल दे

## बज्म-ए-कमर की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बज्म-ए-कमर की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन मौहल्ला नई सराय में मास्टर शहजाद आलम के आवास पर अदबी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी नौशाद आलम 'शाद' ने की तथा संचालन (निजामत) की जिम्मेदारी कारी राशिद हमीदी ने कुशलतापूर्वक निभाई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सलमान अंसारी, मौहम्मद नाजिम साहब और मास्टर जुबैर मंकुवाही उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ इरशाद धामपुरी द्वारा बारगाह-ए-रिसालत में नात के नजराने से हुआ। इसके पश्चात निर्धारित काफिया 'मिसाल' पर शायरों ने अपना-अपना कलाम प्रस्तुत किया। कारी राशिद हमीदी धामपुरी ने कहा- दिल को सुकून, रूह को पाकीजगी मिले। अपने करम से मुझ को तू रोजी हलाल दे।। इरशाद धामपुरी ने कहा- वह झूठ बोल कर भी बहुत मोअतबर रहा। इरशाद, मेरे सच पे क्यों इतना वबाल है।। कारी नौशाद आलम 'शाद' अलीग ने कहा- कहां से लाऊं मैं तेरे जैसा। नहीं है तेरी मिसाल कोई।। शहजाद आलम 'शहजाद' धामपुर ने कहा- दुनिया में कौन रखता है रिश्तों का पास अब। मेहरो-वफा, खुलूस पे आया जवाल है।। वीरेंद्र 'बेताब' धामपुर ने कहा- भूखे प्यासे निहाल करता है। देने वाला कमाल करता है।। नफीस अहमद 'नफीस' धामपुर ने कहा- तुझ सा जहाँ में कोई भी आया नहीं नजर। मुझ को ये लग रहा है कि तू बेमिसाल है।। कमर धामपुरी ने कहा- हो यकीं किस तरह मोहब्बत का। शीशा-ए-दिल में बाल आया है।। मौहम्मद वली अंजुम अफजलगढ़ी ने कहा- निबाह उससे मेरा ऐसे कैसे हो मुमकिन। मैं जब भी मिलता हूँ रंज-ओ-मलाल देता है।। मौहम्मद इस्माइल 'गौहर' ने कहा- नबी के हाथ से कौसर का जाम मिल जाए। खुदा करे कि हो ऐसा विसाल, क्या कहने।। शकील अहमद 'शकील' धामपुर ने कहा- वहदानियत पे तेरी न कोई सवाल है। तेरी नहीं मिसाल कि तू बेमिसाल है।। नजाकत हुसैन 'साकबि' ने कहा- हर शै से बेनियाज सा अब हो गया हूँ मैं। आह-ओ-फुगाँ है लब पे, न दिल में मलाल है।। जुबैर मंकवाही धामपुरी ने कहा- उसी का हिज्र तो मुझ को निढाल रखता है, जो मेरे हाल का हर पल ख्याल रखता है।

गोष्ठी के दौरान मशहूर हास्य कवि अब्बा बिजनौरी ने अपने व्यंग्यात्मक काव्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उनके शेर इस प्रकार रहे- शजरा तुम्हारा आज भी उल्लू से कम नहीं, मैं हूँ गजल तुम्हारी, किसी मीर की नहीं। रोटी मुशायरों की जा तुझ को नसीब हो, बैगम की बद्दुआ है, किसी पीर की नहीं।।

गोष्ठी में बज्म-ए-कमर के सदस्यों के साथ-साथ बड़ी संख्या में शायरी प्रेमी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से अब्दुल्लाह गालिब, डॉ. मौहम्मद कासिम, मास्टर अनीस अहमद, मास्टर इकबाल अहमद, तनवीर अहमद, सलीम अहमद, मास्टर मौहम्मद कादिर, इस्फंदयार आजम, शाज उमर, रईस अहमद, मौहम्मद आमिर आदि ने शायरों की हौसला-अफजाई की।

कार्यक्रम के अंत में बज्म-ए-कमर धामपुर के अध्यक्ष कारी नौशाद आलम 'शाद' ने आगामी गोष्ठी के लिए काफिया 'शाम' घोषित किया। अंत में आयोजक मास्टर शहजाद आलम ने सभी अतिथियों, शायरों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए उर्दू शायरी और साहित्य की परंपरा को निरंतर जीवंत रखने की अपील की।

# स्वतंत्रता लोकतंत्र व संवैधानिक मूल्यों की साजीवन करेंगे रक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया।

**○ कांग्रेसियों ने स्थापना दिवस पर ली शपथ**

चन्दौसी रोड जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ कर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पदाधिकारियों ने देश की स्वतंत्रता, की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना और संवैधानिक ढांचा प्रदान करने में कांग्रेस के योगदान और भूमिका का वर्णन किया। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्थापना वर्ष 1885 में हुई थी और तब से लेकर आज तक कांग्रेस ने अपनी विचारधारा से राजनीतिक लाभ के लिए कोई समझौता नहीं किया है। कांग्रेस पार्टी देश को आजाद कराने के लिए उठने वाली एक क्रांति थी जिसके नेतृत्व में बिर्टिश शासन की जड़ों को उखाड़ फेंक दिया गया। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के स्वतंत्रता संग्राम में सेनानियों, वीरांगनाओं, शहीदों एंव देशभक्त नेताओं की जननी है और आज भी इसकी स्वतंत्रता को बाकी रखने में इसका उद्देश्य यथावत है। आजादी के बाद एक उजड़े चमन से देश को एक खूबसूरत बाग बनाने में कांग्रेस के इतिहास और योगदान को भुलाना नाइंसाफी होगी। इस अवसर पर मुशीर खान तरीन, अमित कुमार उठवाल, डा. मरगूब अहमद, डीके वाल्मीकि, सुनील यादव, सुनील कुमार शर्मा, सफी सैफी संजीव कुमार साहू, आरिफ तनवीर, अकबर अली, संतोष गिरि, पुरुषोत्तम पाल, नोमान, अंजार मंसूरी, अंजार तुर्की, निसार अहमद, सोनू सागर, दाऊद पाशा, फुरकान कुरैशी,कलीम खान, गुफरान, डा.कासिफ, डा. सलाउद्दीन, मोअज्जम हुसैन, सुभानी, स्वतंत्र कुमार, वक्तव्यों के उपरांत सभी कांग्रेसियों ने शपथ देश की स्वतंत्रता, लोकतंत्र एंव संवैधानिक मूल्यों की साजीवन रक्षा करेंगे।




सम्भल। कांग्रेस के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय पर गोष्ठी में बोलते डा. अमित उठवाल।

# पंज प्यारों की अगुवाई में निकलेगा नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सिक्ख धर्म के गुरू गुरू गोविन्द सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन के आयोजन को लेकर की जाने वाली तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। नगर कीर्तन 1 जनवरी को परम्परागत मार्गो से निकाला जायेगा।

गुरूक्षरा श्रीगुरूनानक दरबार से निकलने वाला नगर कीर्तन एक जनवरी को अपने परम्परागत मार्गो से निकाला जायेगा। पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन की शुरूआत प्रातः 10 बजे की जायेगी। नगर कीर्तन में पंज प्यारे, पालकी साहिब, गुरू नानक आर्मी, पाइप बैंड, अकाल गतका अखाड़ा गदरपुर उत्तराखंड, निहंग जत्था, सरहिंद फतेहगढ़ साहिब, शहीद बाबा दीप सिंह जी गतका ग्रुप पार्टी, शेरे पंजाब भांगड़ा पार्टी उत्तराखंड, मीरी पीरी खालसा गतका अखाड़ा

**○एक जनवरी को देशभक्ति भाईचारे की झांकी करेगी आकृषित, मुख्य पर्व का 5 जनवरी को होगा आयोजन**

अलीगढ़, महिला सुखमनी सोसाइटी जत्था, वीर खालसा सेवा दल जत्था, फूलों का डोला, ट्रैक्टर पर डीजे, आर्केस्टा पार्टी के अलावा देश भक्ति तथा भाईचारे की झांकी मुख्य आकृष्ण का केन्द्र रहेंगी। इसके अलावा मुख्य पर्व का आयोजन 5 जनवरी को किया जायेगा। जिसमें कीर्तन दरबार सजाकर लंगर का भी आयोजन होगा। जिसमें सभी सम्प्रदाय जाति के लोग शामिल होकर लंगर ग्रहण करेंगे। वीर खालसा सेवा दल, महिला सुखमनी सोसाइटी, सेवा व सहयोगी के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही हरदीप सिंह, रंजीत सिंह, जगेश ठकराल, गोलू, रंजीत सिंह, कुलवीर सिंह, मुन्ना लाल, विनोद, भीकन, सतपाल सिंह, अभीत, जसजीव सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अंकुर गुलाटी, एसपी गम्भीर,अशोक आदि भी अपनी सेवाएं देंगे।

# जिलाधिकारी ने परखी रेन बसेरे की व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कड़ाके की ठंडक से बचाव को बनाय गए अस्थायी रैन बेसेरे का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सम्बंधितों को निर्देश दिये। जबकि जगह-जगह जलाये जा रहे अलाव व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

रविवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया बहजोई के पजाया स्थित बस स्टैंड के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण करने पहुंचे। जिलाधिकारी ने रेन बसेरे में की गई व्यवस्थाओं क जानकारी ली जबकि पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग अलग रैन बसेरे की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही शीतलहर के दृष्टिगत अलाव जलाने की व्यवस्था को भी देखा। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्थायी रैन बसेरे पर सीसीटीवी कैमरे की एवं सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्थायी रैन बसेरे के प्रति दिन के सुबह शाम के जियो टैग फोटो भी उपलब्ध । कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने लोगों से वार्ता करते हुए अलाव जलने के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा लोगों को अस्थायी रैन बसेरे के लिए जागरूक किया



तथा संबंधित अधिकारी को रैन बसेरे के प्रचार प्रसार के लिए भी निर्देशित किया।जिलाधिकारी द्वारा इस्लाम नगर चौराहा बहजोई पर भी अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 280 स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है तथा 10 स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरे हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, आपदा विशेषज्ञ ए. के यादव आदि मौजूद रहे।

# नलकूप से केबिल चोरी करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**कैलादेवी।** कैला देवी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव से एक नलकूप से केबिल चोरी करते समय नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस द्वारा बीते शनिवार देर शाम को रायपुर गांव में एक नलकूप से केबिल काटते समय नाबालिग को गिरफ्तार किया गया था। जिसके पास से पुलिस ने जो अलग-अलग केबल के नलकूप से चोरी किए गए टुकड़े बरामद किया तथा काटने के लिए हास्य भी बरामद किया है, जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# मनुवादी विचारधारा के साथ मिलकर बहुजन समाज को बेचा गया

**○आजाद समाज पार्टी की सभा में लगाए गए आरोप ग्रामीणों ने शामिल होकर चन्द्रशेखर को सीएम बनाने की ली शपथ**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक में बहुजन समाज से चार-चार बार बनी महिला मुख्यमंत्री बनाने के बाद मनुवादियों के साथ मिलकर बहुजन समाज को बेचने के आरोप लगाये।

सराय सिकंदर में आयोजित सभी की अध्यक्षता विकास कुमार तहसील अध्यक्ष चंदौसी ने की, जबकि संचालन दीपक कुमार तहसील अध्यक्ष सम्भल ने किया। सभा के मुख्य अतिथि राजीव कुमार जिला संयोजक रहें। बैठक में गांव के बड़ी संख्या में लोगों ने भीम आर्मी का दामन थामकर आगामी विस चुनाव में आपसा अध्यक्ष चन्द्रशेखर को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। सभा में मुख्य अतिथि राजीव कुमार ने कहा कि हमारे बहुजन महापुरुषो के द्वारा नेतृत्व तैयार कर बहुजन समाज से एक महिला को 4-4 बार मुख्यमंत्री बनाने का काम किया। किंतु मनुवादियों ने कुछ लोगों के मिलकर उस नेतृत्व को खत्म कर बहुजन समाज के लोगों को बेचने का काम किया जबकि भीम आर्मी मान्यवर कांशीराम जी के विचार और बाबा साहब अम्बेडकर जी द्वारा बनाए गए संविधान पर चलकर यह मिशन मूवमेंट तैयार किया है जिसका नाम है आजाद समाज पार्टी और इसी पार्टी के साथ मिलकर सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चंद्रशेखर आजाद को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। उन्होने कहा कि यदि मनुवादी विचारधारा के व्यक्तियों ने इस मिशन मूवमेंट को तोड़ने और कमजोर करने का काम किया तो वो दिन दूर नहीं जब हम उन्हें हाथ पकड़कर उठाने का काम करेंगे। उन्होने कहर कि ये चेतावनी है उन सभी लोगों के लिए जो चंद्रशेखर आजाद जी ओर आजाद समाज पार्टी को कमजोर करने का ख्वाब देखते हैं। इस अवसर पर एड.आदर्श कुमार पूर्व जिला सचिव लीगल सेल सम्भल, नदीम मालिक ब्लॉक संयोजक बनियाखेड़ा, रिंकू जी, आनंद कुमार, अरविंद कुमार, अनिकेत, विश्वास, शद्रि सिंह, दीपक, राहुल, मनीष कुमार, इंद्रजीत, अहमद खान आदि मौजूद रहे।



सम्भल- ग्राम सिकंदरपुर सराय में आजाद समाज पार्टी की बैठक में बोलते।

# बबराला बिजली घर पर आज लगेगा मैगा कैम्प में उपभेक्ताओं को मिलेगा लाभ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बिजली उपभोक्ताओं के बिजली घर बबराला पर आज एक विशेष मेगा कैंप का आयोजन होगा। इस कैंप में सरकार द्वारा लागू की गई। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के तहत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बबराला अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए सुनहरे अवसर की तरह है, जिनके ऊपर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज हैं। कैंप में ऐसे उपभोक्ताओं के राजस्व निर्धारण और जुर्माने की राशि पर विशेष छूट देकर मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्तताओं के पुराने बकाया बिलों पर लगे सरचार्ज (ब्याज) में भी भारी छूट दी जा रही है। विभाग ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह बिजली घर पहुंचकर अपने बिलों और मुकदमों से जुड़े विवादों का निपटारा कराएं और इस नई योजना का पूरा लाभ उठाएं।

# दिनभर नहीं हुए धूप के दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रविवार को भी कोहरे की कहर रहा। दिन भर धूप के दर्शन नहीं हो सकी, बल्कि शीत लहर का प्राकेप जारी रहा। सुबह व शाम को हांड़ मांस कंपाऊ ठंड से लोग बेहाल रहे। जिसके कारण लोगों का घर से निकलना दूभर बना रहा।

दो दिनों से मौसम काफी गड़बढ़ाया हुआ था। एक दिन पूर्व सुबह से ही कोहरा छाया रहा था, एक दिवपूर्व करीब 11 बजे धूप ने दर्शन देकर ठंड का कहर खत्म कर दिया था, लेकिन रविवार को देर तक कोहरा छाया रहा जबकि

**○सांय को ठंडक ने फिर ढहाया सितम**

आसमान धुंध की चाददर ताने रहा। देर दोपहर तक धूप के दर्शन नहीं हो सके। दिन भर कोहरा छाये रहने और ठंडी हवा के झोकों ने हांड़ मांस को कंपाकर रख दिया। सांय करीब चार बजे मामूली से सूरज की चमक दिखायी दी। लेकिन कुछ देर में ही फिर सूर्य आसमान में छिप जाने से ठंडक को ओर बढ़ा दिया। सांय होते ही ठंड का असर अधिक हो गया। ठंड के बढ़ते ही लोग सवेरे अपने-अपने घरों को कूंच करने लगे। जिससे बाज़ार की रौनक भी जल्द खत्म हो गयी।

# कैलादेवी पुलिस ने वांछित को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बैलादेवी।** कैला देवी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही कैली पतरासी गांव निवासी वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के कैली पतरासी गांव निवासी वांछित बलवीर पुत्र रुमाल सिंह को थाना पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से पुलिस ने उसकी निशान देही से घटना में प्रयुक्त किया गया एक फरसा भी बरामद किया है। जिसे न्यायालय में पेश किया गया।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-रोटरी क्लब गंगा व वेल्फेयर फाउंडेशन की ओर से वितरित किए कम्बल।

# रोटरी क्लब बबराला ने किए कम्बल वितरित

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** रोटरी क्लब बबराला गंगा व सुरेश चंद मंजू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में गरीबों को कम्बल वितरण किये।

रोटरी क्लब के चेयरमैन अतुल गोयल उर्फ भोला ने कहा कि ठंड से बचने को गरीब लोगों को कम्बल व टोपे वितरित किये हैं। जिससे वह कड़कड़ाती ठंड में अपने जीवन को सुरक्षित रख सकें। सर्दी के प्रकोप से बचाव करके बीमारियों से बच सकें। बबराला थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब के सदस्यों ने ठंड से राहत देने के लिए ठोस पहल की है। क्लब के सदस्यों ने नगर क्षेत्र के लोगों को जो ठंड से ठिठुर रहे थे। उन जरुरतमंदों को कंबल का वितरण किया। कंबल पाने के बाद ठंड में ठिठुर रहे लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर रोटरी क्लब चेयरमैन अतुल गोयल, डा. सुधींद्र, डा. कैलाश वार्ष्णेय, कार्तिक गोयल, कपिल उर्फ सोनू गोयल, विजय गोयल, विवेक वार्ष्णेय, अंकित गुप्ता, रजत मित्तल आदि उपस्थित रहे।



बबराला- उन्नाव की रेप पीड़िता को इंसाफ व कुलदीप सेंगर पर कार्रवाई मांग करते कांग्रेसी।

# उन्नाव की बेटी को मिले न्यायः हम्माद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** उन्नाव दुष्कर्म कांड के दोषी भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर के खिलाफ युवा कांग्रेस सम्भल जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व में गुन्नौर चौराहे पर उन्नाव की बेटी को न्याय दिलाने के लिए बलात्कारी कुलदीप सेंगर के खिलाफ नारेबाजी की गयी। इस मौके पर युवा कांग्रेस संभल जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन ने कहा कि हम देश के बेटी को न्याय दिलाने के लिए सड़क से संसद तक प्रदर्शन करेंगे। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिल जाता। इस मौके पर शादाब, मुगीस, शानू, जय सिंह, सोनू, रिहान, तालिब आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नए साल का जश्न यादगार बनाने को युवाओं ने शुरू की तैयारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नव वर्ष 2026 के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के होटलों, और रेस्टोरेंट में नये साल का जश्न यादगार बनाने के लिए विशेष इंतेजाम किए जा रहे हैं। नए साल की पार्टियों के लिए नवयुवकों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी वर्ष 2026 के स्वागत को लेकर युवाओं में जोश है। कड़ाके की ठंड के बीच नये साल के स्वागत को लेकर विभिन्न तरीके से जश्न मनाने की व्यवस्थायें की जा रही हैं। इसके अलावा शहर के नामचीन रेस्टोरेंट को भी तरह-तरह से सजाकर युवाओं को पार्टियों के

**○होटलों और रेस्टोरेंटों में पार्टियां आदि को लेकर आकर्षक तरीके से होने लगी सजावट**

लिए लुभाने के लिए अलग तरह से सजावट आदि की जाने लगी है। इसके अलावा प्रशासनिक गाइड लाइन के अनुसार आयोजन को लेकर भी आयोजक अपनी तैयारियों को अन्तिम रूप दे रहे हैं। जबकि होटलों में किसी तरह का हुड़दंग कर कोई बावेला न मचाये इसे लेकर भी रेस्टोरेंटों के सी सी टी वी कैमरों को भी सही किया जा रहा है। साथ ही होटलों और रेस्टोरेंटो में चलने वाली युवाओं की पार्टियां आदि पर पुलिस और प्रशासन की पूरी नजर रहेगी।

# दिन में भी लाईटें जलाकर दौड़े हाइवे पर वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कोहरा दिन भर छाया रहा। दिन का पारा चढ़ने के साथ हाईवे पर वाहन लाईटें जलाकर रेंग-रेंग कर चले।

दिसम्बर माह बीतने में तीन दिन का समय शेष रह गया है, लेकिन सर्दी का सितम अधिक ही सताने लगा है। सुबह शाम की ठंड में लोग र्म कपड़े पहनकर निकल रहे थे,लेकिन दोपहर को मौसम गर्म अधिक होने से गर्म कपड़ों का त्याग करने को मजबूत होते थे,मगर कुछ दिनों से भोर से ही कोहरे की चादर छायी रही, जबकि दिन भर कोहरे की परत चढ़ी रहती है। दिन का परा चढ़ने के साथ आसमान में हल्की चमक दिखायी देने के साथ धूप के दर्शन हो जाते थे मगर शनिवार को कोहरा और धुंध छाये रहने से हाइवे पर लाईटें जलाकर वाहन रेंग-रेंग कर चलाये गए।

# 1600 मी. मनजी व 800 मीटर में अवनीश ने बाजी मारी

**○चकरपुर में हुई दौड़ प्रतियोगिता विजेताओं को मिले पुरस्कार व नकद राशि**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**कैलादेवी।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के चकरपुर मेमरी गांव में रविवार को युवा फिजिकल अकेडमी में आयोजित की गई दौड़ प्रतियोगिता में 1600 मीटर में अमरोहा के मनजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाई 800 मी. सीनियर वर्ग में संभल के करीमपुर निवासी अवनेश ने प्रथम स्थान पाया और 400 मीटर जूनियर वर्ग में सम्भल के सैंडोरा निवासी कुनाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रविवार को क्षेत्र के चकरपुर मेमोरी में आयोजित की गई दौड़ प्रतियोगिता में अमरोहा जनपद के मनजीत ने 1600 मीटर के दौड़ में प्रथम स्थान पाया, वहीं दूसरे स्थान पर हापुड़ के नया गांव निवासी जसपाल यादव रहे। जहां 1600 मीटर की दौड़ में तीसरा स्थान संभल के सादात वाड़ी निवासी रूकम सिंह ने प्राप्त किया। 800 मी. सीनियर सीनियर वर्ग में संभल के करीमपुर निवासी अवनीश कुमार ने प्रथम स्थान पाया तो वहीं चंदौसी के सहित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया संभल से अरुन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर जूनियर वर्ग में सैंडोरा गांव निवासी कुनाल ने प्रथम स्थान पाया, वहीं संभल से जीतेश दूसरे स्थान पर रहे, तथा चंदौसी के अवनेश ने तीसरा स्थान पाया।सभी विजेताओं को नकद धनराशि तथा मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर युवा अकैडमी फिजिकल के संचालक उमेशपाल, रिजवान, फरमान, शिवा यादव, कृष्ण गोपाल, सतीश, शाहनवाज, मनोज कुमार आदि रहे।



सम्भल- चकरपुर में प्रतियोगिता में विजयी को नकद राशि व प्रतीक चिन्ह देते।



सम्भल- कुश्ती पंजा प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी।

# सट्टा पर्ची समेत दो भाई हत्थे चढ़े

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अपराध एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सटेबाजी के धंधे में लिप्त दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टे की डायरी, पर्चियां व नकदी बरामद की है।

थाना नखासा पुलिस टीम ने शनिवार को तुर्तीपुर इल्हा दरिया सिर कब्रिस्तान के पास छापेमारी कर चंदा व नाजिम पुत्र वाहिद,निवासी तुर्तीपुर इल्हा थाना नखासा,को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से दो डायरी,तीन सट्टा पर्चियां एवं कुल 860 रुपए नगद बरामद हुए। थाना प्रभारी संजीव बालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से सट्टे का अवैध धंधा कर रहे थे।पुलिस की सतर्कता व सक्रियता से इन पर शिकंजा कसते हुए इन्हें गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी अपराध करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# सपा की बैठक में बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के रामलीला मैदान स्थित सपा नेता अमित यादव के आवास पर समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, अशिक्षा, बेरोजगारी और सरकारी अस्पतालों में दवाइयों व डाक्टरों की कमी जैसे मुद्दों पर गंभीर चिंता जताई गई।

सपा नेता अमित यादव ने कहा कि आम जनता महंगाई से त्रस्त है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। मौजूदा सरकार का मकसद जनहित के मुद्दों से धयान भटकाकर हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करना है।विकास कार्य ठप पड़े हैं। किसानों को अपनी गलत अंश खतौनी को सही कराने को तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।वह खाद को लेकर भी परेशान रहे। इस दौरान शमीम अहमद,सुमित यादव, राजा यादव, शशिकांत, देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं की शिकायत पर शराब के साथ दो किए गए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना नखासा पुलिस ने एक बार फिर कानून व्यवस्था और अवैध शराब के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए ग्रामीण महिलाओं की लिखित शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ही गांव से दो को देशी शराब के 40 पाउच के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रिठाली निवासी महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पर शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव में कुछ लोग अवैध रूप से देशी शराब बेचते हैं, जिसके कारण शराबी आए दिन हंगामा करते हैं और गालियां देते हैं। पुलिस ने अभियान चलाकर आरोपियों पर शिकंजा कस दिया। पुलिस ने रिठाली कल्याणपुर रोड बाईपास के पास से हरीश पुत्र मुंशी को टाइगर मार्का देशी शराब के 20 पाउच के साथ गिरफ्तार किया। जबकिं दूसरी कार्रवाई में बाईपास तिराहा हसनपुर रोड के पास से दिनेश पुत्र विजेंद्र निवासी ग्राम रिठाली को भी 20 पाउच टाइगर मार्का देशी शराब के साथ दबोचा गया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की। थाना प्रभारी नखासा संजीव बालियान का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 23 जनवरी को आयोजित होगा बसंतोत्सव समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति उत्तर प्रदेश की बैठक में बसंतोत्सव समारोह 23 जनवरी को कराने तथा मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा सुपर सीनियर वर्ग का परीक्षा परिणाम 10 जनवरी को घोषित करने जबकि 28 मार्च को मिस सम्भल प्रतियोगिता 2026 कराने का निर्णय लिया गया।

समिति के संरक्षक/सलाहकार डा. ए एच रजा के आवास पर सम्पन्न हुई बैठक में कार्यो की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व महासचिव कुसुम ने बताया कि मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा सुपर सीनियर वर्ग का परीक्षा परिणाम 10 जनवरी को घोषित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम को निष्पक्ष कराने के लिए परीक्षा सचिव रूबी के नेतृत्व में एक उप समिति का गठनकिया गया।।

# प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागी आगरा में आगरा में करेंगे प्रतिभाग

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल एवं माता राजकली देवी आर्ष कन्या गुरुकुल कल्याणपुर में रविवार को जिला स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले सभी खिलाड़ी दो से 5 जनवरी तक उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती संघ द्वारा आगरा में होने वाली पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सब- जूनियर 55 किलो भार वर्ग में मोहम्मद साद, 65 किलो वर्ग में हरगुन ढिल्लो प्रथम रहे। जूनियर में 50 किलो भार वर्ग में प्रवीण, 50 किलो भार वर्ग में प्रियांशु प्रथम रहे। 60 किलो भार वर्ग में रितिक,65 किलो भार वर्ग में मुसिव पुत्र कामिल भी प्रथम रहे। यूथ वर्ग में 80 किलो भार वर्ग में मफाज कुरैशी, सीनियर 80 किलो भार वर्ग में राजीव कुमार प्रथम रहे। मास्टर वर्ग में 85 किलो भार वर्ग में मोहम्मद मारूफ उत्तर प्रदेश पुलिस प्रथम स्थान पर रहे। दिव्यांग वर्ग में 55 किलो भार वर्ग में अली वारिस, 60 किलो भार वर्ग में महेंद्र सिंह प्रथम रहे। सीनियर बालिका वर्ग में 55 किलो भार वर्ग में पाखी रक्षित,60 किलो भार वर्ग में ललिता गौतम, 80 किलो भार वर्ग में राखी सैनी प्रथम स्थान पर रहे। आर्य भोला सिंह त्यागी सचिव पंजा कुश्ती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम रहने वाले सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# थाना कटघर इलाके में युवकों के दो गुटों में हुई जमकर मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोशल मीडिया पर मारपीट का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी है। वायरल वीडियो में दो गुटों के बीच जबरदस्त झड़प होती दिखाई दे रही है। युवक एक-दूसरे पर लात-घूंसे, बेल्ट और कियोस्क बोर्ड से हमला करते नजर आ रहे हैं। दोनों पक्षों के दो दर्जन से अधिक लोग आपस में भिड़ गए और काफी देर तक इलाके में अफरा- तफरी का माहौल बना रहा।बताया जा रहा है कि यह घटना कटघर थाना क्षेत्र के करूला जाहिदनगर गली नंबर 6 की है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह युवक उग्र होकर एक-दूसरे पर टूट पड़े और सड़क पर



खुलेआम हिंसा करते रहे। मारपीट के दौरान कई लोग जमीन पर गिरते-पड़ते भी दिखाई दे रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट के दौरान कई लोग घायल हुए हैं, हालांकि घायलों की सही संख्या और उनकी हालत को लेकर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना के दौरान कुछ देर के लिए इलाके में दहशत का माहौल बना रहा।वायरल वीडियो की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। कटघर थाना पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इलाके में शांति बनाए रखने की अपील की है और जांच जारी है।

## सर्दी बढ़ते ही गर्म कपड़ों की खरीदारी में तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सर्दी के चलते लोगों ने गर्म कपड़ों की खरीदारी तेज कर दी है। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण आमजन ऊनी वस्त्र, जैकेट, स्वेटर, टोपी, मफलर और कंबल खरीदने बाजारों का रुख कर रहे हैं। इसके चलते शहर के प्रमुख बाजारों में दुकानदारों के साथ-साथ फुटपाथ व गाड़ी पर कपड़े बेचने वालों के यहां भी ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

सुबह और शाम के समय ठंड अधिक होने के कारण लोग परिवार सहित बाजार पहुंच रहे हैं।

ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से गर्म कपड़ों की खरीदारी की जा रही है।

## एक नजर

### तहसील बार एसोसिएशन के बाकि कार्यकाल की जिम्मेदारी निभाएंगे अध्यक्ष बनकर प्रमोद शर्मा




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार का 6 माह का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा का कार्यकाल प्रारंभ हो गया हैस श्री शर्मा ने अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया है उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना उनका कर्तव्य हैस कार्यभार ग्रहण करने पर कार्यकारिणी ने उनका स्वागत किया है स उल्लेखनीय है कि 6 माह पूर्व नई कार्यकारिणी ने शपथ ली थीस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव परिणाम कांटे का होने के कारण प्रदीप कुमार एवं प्रमोद शर्मा का कार्यकाल 6 -6 माह के लिए तय किया गया थास प्रदीप कुमार के छह माह पूरे होने के बाद प्रमोद कुमार शर्मा ने अध्यक्ष की कुर्सी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है स कार्यकारिणी ने उनको सम्मान कुर्सी पर बिठायास इस मौके पर महासचिव दीपक कुमार बिश्नोई, चरण सिंह ढाका, कोमल सिंह,प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष भू प्रकाश, चंद्रपाल सिंह बिश्नोई, डॉ विनीत नैन, सुगंम पवार, मरगूब खा, संजीव बिश्नोई, विजय वीर सिंह, वैभव बिश्नोई, दीप सिंह बिश्नोई, इमरान खान, नाजिम सैफी, मोहम्मद इकबाल, शहजाद रफी खान, यशवीर सिह, मोहम्मद शमशाद, आदि बड़ी संख्या संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### नीलामी से अधिक पेड़ काटने की थाने में शिकायत, पुलिस ने जब्त किया ट्रैक्टर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नीलामी से अधिक पेड़ काटने की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और पेड़ काट रहे लोगों और ट्रैक्टर ट्राली को थाने में खड़ा कर दिया। पिछले महीनो में आए तूफान के कारण मोडी हजरतपुर ग्राम पंचायत के गांव खूटखेड़ा में ग्राम पंचायत के बाग में करीब 11 पेड़ गिर गए थे जिनकी नीलामी तहसील स्तर से कराई गई वन विभाग ने उक्त पेड़ों को चिन्हित किया आरोप है कि आज पेड़ काटने गए ठेकेदार ने उन पेड़ों के अलावा कुछ और पेड़ भी काट डाले जानकारी मिलने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए उन्होंने इसका जिम्मेदार ग्राम प्रधान को बताते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दीया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पेड़ काटने वाले एवं ट्रैक्टर ट्राली को लेकर थाने आ गई गांव वाले इस मामले में ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को मामले की सूचना देकर अग्रिम कार्यवाही के लिए कह दिया। ग्राम प्रधान का कहना है कि उसने ठेकेदार से पेड़ काटने के लिए कोई बात नहीं कहीं बल्कि यह कहा था कि जिन पेड़ों पर विभाग द्वारा मार्किंग की गई है उन्ही पेड़ों को काटा जाए और पेड़ काटते वक्त वह कहीं बाहर शादी समारोह में गए हुए थे उन्होंने ग्रामीणों के आरोप को निराधार बताया फिलहाल पुलिस ने पेड़ काटने वालों के ट्रैक्टर ट्राली को थाने में खड़ा कर दिया है समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई थी।

### नगर में एक साइड का चौड़ीकरण नहीं हुआ पूरा लोग परेशान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मुख्य मार्ग पर किए जा रहे चौड़ीकरण में नगर की एक साइड का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है और संबंधित जिम्मेदार आराम फरमा रहे हैं। बतादे की सहसपुर से छजलैट किसान तिराहे तक सड़क का चौड़ीकरण होना था। कांठ रसूलपुर फाटक तक यह चौड़ीकरण हुआ भी लेकिन कुमार पेट्रोल पंप से लाल मस्जिद के आसपास तक यह काम रुक गया इस काम को रुके हुए महीनो बीत गए। काम शुरू न होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक सवार फिसल कर गिर रहे हैं ई-रिक्शा का चलना भी दुभर हो गया है संबंधित विभाग के जिम्मेदारों का कहना था कि जल निगम द्वारा डाली गई पाइपलाइन को उखाड़ने को लेकर इस काम में रुकावट आई है मगर महीनो बीत जाने के बावजूद भी इस चौड़ीकरण को पूरा ना किया जाना अपने आप में एक सवाल खड़ा करता है। नगर के लोगों ने अधूरे पड़े काम को पूरा कराए जाने की मांग उठाई है।

### बाल शिशु पथ संचलन में साहिबजादों के बलिदान को किया गया नमन

**बिलारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बाल शिशु पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ज्ञानी सतनाम जी सिख समाज रहे। अध्यक्षता सुरेन्द्र कुमार चुग जी अध्यक्ष पंजाबी सभा ने की। रविवार को बाल शिशु पथ संचलन पंजाबी धर्मशाला से प्रारंभ होकर सराफा मार्केट होते हुए गुरुद्वारा पर पहुंच कर समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुल 88 स्वयंसेवकों ने अनुशासित रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम का विषय "साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान" रहा। वक्ताओं ने साहिबजादों के अद्वितीय त्याग, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला बाल विद्यार्थी कार्य प्रमुख उत्कर्ष, नगर संघचालक राकेश, नगर सह संघचालक विशाल, नगर कार्यवाह प्रांजल ,नगर सम्पर्क प्रमुख चन्दन , नगर सहसेवा प्रमुख ऋषभ ,नगर व्यवस्था प्रमुख सिद्धार्थ ,नगर प्रचार प्रमुख विवेक,नगर सह कार्यवाह जगपाल, नगर सह कार्यवाह सुबोध तथा नगर विद्यार्थी प्रमुख लक्ष्य सहित भारी तादाद में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### 11 जनवरी को होगा वाल्मीकि समाज महासम्मेलन, तैयारियों को लेकर हुई योजना बैठक

**चन्दौसी।** आगामी 11 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले वाल्मीकि समाज महासम्मेलन-2026 की तैयारियों को लेकर रविवार को एक योजना बैठक का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मुरादाबाद मंडल के मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह की उपस्थिति रहेगी। बैठक में सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने कहा कि यह महासम्मेलन मंडल स्तर का एक विशाल आयोजन होगा, जिसमें वाल्मीकि समाज एवं सफाई कर्मचारियों की दिशा और दशा पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों और समस्याओं को मजबूती से उठाने की आवश्यकता है। प्रदेश



महामंत्री राजेन्द्र सहदेव ने कहा कि वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन के माध्यम से पालिका कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा उनकी मांगों को लेकर एक मांग पत्र माननीय मंडल आयुक्त को सौंपा जाएगा। बैठक में कैलाशचंद्र चटवाल, अनिल राधे गुड्डू, अजय चौहान, राजू अनजान, सुनील लश्करी (मुरादाबाद), अमर काका, रितु चौहान नगराध्यक्ष बहजोई, संदीप वाल्मीकि नगराध्यक्ष संभल, सुमन भारती नगराध्यक्ष चन्दौसी, मनोज भारती, ममता देवी, रिमझिम वाल्मीकि, विनोद सहदेव, विक्रम वाल्मीकि, सुरेश एवं जसवंत सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शिवकुमार ने की, जबकि संचालन विशाल वाल्मीकि द्वारा किया गया। बैठक में सभी ने महासम्मेलन को ऐतिहासिक और सफल बनाने का संकल्प लिया।

# जंक फूड का मतलब अहितकारी पदार्थ जंक फूड भोजन या अभिशाप पर गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने रवींद्र आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात शिवम् आर्य, जसविंदर कौर और गोविन्द राम ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किये तत्पश्चात राम मुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। सत्संग में ष्जंक फूड भोजन या अभिशापष पर गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें महानगर के दो चिकित्सको डा रामनरेश सिंह , नैचुरोपैथी व और आयुर्वेदिक दूसरे वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा अभय श्रोत्रिय ने भाग लिया। दोनों चिकित्सकों ने बताया कि जंक मतलब अहितकारी पदार्थ। ऐसे मे जंक फूड का मतलब कभी ग्रहण न करने योग्य पदार्थ,या तत्व। मोमोज, पिज्जा, बर्गर, मसोसा, चाऊमीन, बंद, ब्रेड, चिप्स,



कुरकुरे, पावभाजी, पानी-पूरी और पैक पेय पदार्थ यहां तक कि मेदा भी जंक फूड में सम्मिलित हैं। इन पदार्थो को गरिष्ठ पदार्थ भी कह सकते हैं। इन पदार्थों के खाने के बाद पाचनशक्ति असंतुलित हो जाती है परिणामत: पेट में अपच होने की समस्या हो जातीं हैं। मल आंतों में चिपक जाता है आंतें साफ न होने से मल का पूर्णतया निष्कासन नहीं हो पाता जिस कारण गैस, अजीर्णता, पेट में दर्द की समस्या, ब्लडप्रेशर की गतिशीलता बढ़ जाती है जो मस्तिष्क और हृदय की गतिशीलता में अवरोध उत्पन्न उत्पन्न कर देती है। लीवर इंफेक्शन होने लगता है, हृदयाघात की समस्या बढ़ जाती है, कैंसर की सम्भावना बढ़ जाती है, मोटापा बढने लगता है,बाबासीर की समस्या बन जातीं हैं,नेत्र ज्योति प्रभावित होने लगती है और पीलिया की शिकायत भी होने लगती है। इस प्रकार जंक फूड हमारी शीघ्र मृत्यु का कारण भी बन जाता है। दोनों चिकित्सकों ने बताया कि अंकुरित अनाज, मोटे अन्न,कच्छे फल, सब्जियां,मेवे ,शहद ,दलिया, दालें मानव के लिये पोष्टिक आहार है जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है और निरोग बनाता है। मनुष्य जीवन बड़ा उपयोगी है, इस सुंदर शरीर में अभक्ष्य पदार्थ डालकर इसको शीघ्र नष्ट न करें , हमे स्वयं कोऔर आने वाली पीढ़ियों को इस जहर से दूर रखना परम आवश्यक है। जंक फूड पर पूर्णतया प्रतिबंध होना चाहिए। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र गांधी रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक कुमार राजेश नारंग कपिल मुनि, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, यशपाल आर्य राजपाल सिंह नागर रामसिंह निशंक, संतोष कुमार गुप्ता, वेद मुनि, रामाशंकर आर्य, निर्मल आर्य मनोज कुमार राकेश कुमार ज्ञानप्रकाश रस्तोगी सुमित आर्य, अमित आर्य आदि उपस्थित रहे।

## सास की शिकायत पर अदालत के आदेश से बहू और उसके मायके वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अक्सर बहु द्वारा ससुरारियों पर दहेज महिला उत्पीड़न आदि मामलों को लेकर मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं लेकिन इस बार सास ने बहु से तंग आकर उसके मायके वालों के खिलाफ अदालत के आदेश से एफआईआर दर्ज कराई है। कांठ के अकबरपुर चौदरी निवासी नासिरा के मुताबिक उसके बेटे जुबेर खान का निकाह सन 2020 में करोना के दौरान बिना दहेज के इकरा खानम निवासी देहरादून के साथ रीति रिवाज के अनुसार हुआ था लेकिन शादी के बाद से इकरा खान का रवैया बदल गया और उसने आए दिन बदतमीजी करना चिडचिडाना और झगड़ा करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि बहू के लिए मारपीट करना गाली गलोज करना पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देना आम बात हो गई उसके बेटे जुबेर खान ने उसे समझाने का काफी प्रयास किया मगर वह बाज नहीं आई और शिकायत करने पर उसके मायके वालों ने भी गाली-गलौज लड़ाई झगड़ा करना शुरू कर दिया। इस बीच उसके दो बच्चे भी हुए लेकिन उसने देहरादून में रहने के लिए पति पर दवाब बनाना शुरू कर दिया वह कई कई महीने मायके में जाकर रहने लगी सास ने वहां किसी और युवक से बहु पर प्रेम प्रसंग करने का भी आरोप लगाया। महिला का कहना था कि उसने धोखा देकर पति के जॉइंट अकाउंट से लाखों रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवर भी निकाल कर ले गई। पीड़िता पुलिस के पास पहुंची और एफ आई आर दर्ज कराने की मांग की सुनवाई न होने पर उसने अदालत का सहारा लिया अदालत के आदेश से बहू के मायके वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलो में उमड़ी भीड़, कोहरे के बावजूद डटे रहे डॉक्टर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योंडारा, जरगांव, नवैनी, मोहम्मद इब्राहिमपुर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया जिसमें स्योंडारा में 51, मोहम्मद इब्राहिमपुर में 48, जरगांव में 50, नमेनी गद्दी में 57 मरीजों का इलाज किया गया जिसमें 15 मरीजों के खून की जांच की गई, अन्य खांसी जुकाम आदि के मरीजों का उपचार किया गया। इसके साथ साथ समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 10 गर्भवती महिला एवं 15 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। दिन भर कोहरे और सर्दी के बावजूद डॉक्टरों की टीम जुटी रही।

## टीएमयू एरिदमिया स्पोर्ट्स में भी मेडिकल के स्टुडेंट्स का जलवा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर के स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया 2025 के स्पोर्ट्स में भी भावी डॉक्टर्स का कड़के की ठंड के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। वॉलीबॉल, खो-खो, फुटबॉल, बास्केटबॉल, थ्रोबाल, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस सरीखे दो दर्जन से अधिक मुकाबलों में मेडिकल स्टुडेंट्स ने जबर्दस्त परफॉर्मेंस दी। डे-नाइट में आउटडोर और इंडोर में हो रही इन प्रतियोगिताओं में स्पोर्ट्स के संग- संग क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट्स भी हो रहे हैं। उल्लेखनीय है, एरिदमिया -2025 में एमबीबीएस के फर्स्ट ईयर से लेकर फाइनल ईयर तक के स्टुडेंट्स अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वॉलीबॉल में द्वितीय वर्ष बनाम चतुर्थ वर्ष (नया बैच ) के बीच हुए छात्रों के मुकाबले में चतुर्थ वर्ष, प्रथम वर्ष और इंटर्न्स के बीच मुकाबले में प्रथम वर्ष,खो-खो में प्रथम वर्ष को पराजित करके तृतीय वर्ष,फुटबॉल के मुक. ाबले में चतुर्थ वर्ष (नया बैच) बनाम तृतीय वर्ष चतुर्थ वर्ष ,द्वितीय वर्ष और प्रथम वर्ष के बीच मैच में द्वितीय वर्ष,बास्केटबॉल में तृतीय वर्ष बनाम प्रथम वर्ष मुकाबले में तृतीय वर्ष की ब्वॉयज टीम विजेता रही। गर्ल्स के वॉलीबॉल मैच में द्वितीय वर्ष को हराकर प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही। इसके अलावा तृतीय वर्ष बनाम चतुर्थ वर्ष (पुराना बैच) के बीच मैच में चतुर्थ वर्ष विजेता रहा।बास्केटबॉल में चतुर्थ वर्ष (नया बैच) ने तीसरे वर्ष को हरा दिया। इसके अलावा चतुर्थ वर्ष (नया बैच) को प्रथम वर्ष ने परा. जित कर दिया। थ्रोबॉल में प्रथम वर्ष को द्वितीय वर्ष हरा दिया। द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष पर जीत हासिल कर ली। चतुर्थ वर्ष (नया बैच) बनाम चतुर्थ वर्ष (पुराना बैच) मुकाबले में चतुर्थ वर्ष (पुराना बैच) की टीम विजेता रही। खो-खो में चतुर्थ वर्ष (नया बैच) ने तृतीय वर्ष पराजित कर दिया।

# कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जन-जीवन अस्त-व्यस्त



**चन्दौसी।** क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे का प्रकोप लगातार बना हुआ है, जिससे आम जन- जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। देर रात से लेकर सुबह तक घना को. हरा छाए रहने के कारण दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। कई स्थानों पर वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सुबह के समय लोग घरों से निकलने से कतराते नजर आ रहे हैं। बाजारों में रौनक कम हो गई है और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहता है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं, वहीं चाय की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ठंड का असर साफ दिखाई दे रहा है, जहां किसान खेतों में देर से पहुंच रहे हैं। घने कोहरे के चलते रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बस सेवाओं पर भी कोहरे का असर पड़ा है और कई रूटों पर बसों की गति धीमी कर दी गई है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ठंड का विशेष असर पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी हवाओं के चलने से ठंड में और इजाफा होने की संभावना है तथा अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा बना रह सकता है। प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि आवश्यक होने पर ही यात्रा करें, गर्म कपड़े पहनें और ठंड से बचाव के सभी उपाय अपनाएं। नगरपालिका द्वारा रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि गरीब और असहाय लोगों को राहत मिल सके।

## कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच अलाव बने राहत का सहारा



**चन्दौसी।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है और लोग ठिठुरन से परेशान नजर आ रहे हैं। पशु-पक्षी से लेकर आमजन तक कड़ाके की ठंड से बचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रविवार को दिन भर घने कोहरे का आलम बना रहा, जिसके कारण दृश्यता काफी कम हो गई।

घने कोहरे के चलते सड़कों पर वाहन चालकों को बेहद सतर्कता बरतनी पड़ी और वाहनों की गति धीमी रही। सुबह के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी, वहीं बाजारों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते नजर आए। ठंड और कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी के साथ भ्रमण कर अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड से बचाव के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया गया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि रैन बसेरों में ठहरने वाले जरूरतमंदों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रशासन द्वारा ठंड को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी गई है और आमजन से भी ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई है।

## ठंड और घने कोहरे के चलते परिषदीय स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड और घने कोहरे के प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। बुधवार से सभी परिषदीय स्कूलों में 15 दिनों का अवकाश शुरू हो जाएगा, जिससे बच्चों को ठंड से राहत मिल सके। खंड शिक्षा अधिकारी संभल विनोद मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी परिषदीय विद्यालय 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। शीतक. ालीन अवकाश की समाप्ति के बाद सभी विद्यालय 15 जनवरी को अपने निर्धारित समय पर पुन: खुलेंगे। उन्होंने बताया कि छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को विषयवार गृहकार्य दिया जाएगा। बच्चे अवकाश के दौरान घर पर अभ्यास करते रहेंगे, जिससे उनकी सीखने की प्रक्रिया निरंतर बनी रहेगी। वहीं अभिभावकों का भी मानना है कि कड़ाके की ठंड के मौसम में शीतकालीन अवकाश बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी रहेगा। प्रशासन और शिक्षा विभाग के इस निर्णय से अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट से परेशान महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकियों से परेशान एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के गांव लालापुर पिपलसाना निवासी पीड़ित शबाना पत्नी परवेज आलम ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से थाना डिलारी के गाँव मलकपुर सैमली निवासी परवेज से हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ से अधिक दान दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति परवेज आलम, सास शाकिरा पत्नी नसीम अहमद व अन्य ससुराल जन कम दहेज का ताना देने लगे और अलग-अलग तरीकों से प्रताड़ित करने लगे। इसी दौरान उसका पति विदेश चला गया । पति के विदेश जाते ही ससुराल वालों ने और अधिक प्रताडित करना शुरु कर दिया । पति की गैर मौजूदगी में शादी के तीन माह बाद उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया और कहा कि जब तक तेरा पति सऊदी अरब से वापस नहीं आ जाता, तब तक मायके में ही रहेगी । करीब आठ माह बाद पति के वापस आने पर जब पीड़िता ससुराल पहुंची तो फिर से उसके साथ मारपीट कर घर से भगा दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने दूसरी महिला से भी निकाह कर लिया है। ससुराल पक्ष ने यह भी धमकी दी कि यदि उसने कानूनी कार्रवाई की तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। पीड़िता ने बताया कि वह पिछले लगभग साढ़े चार वर्षों से मायके में रहने को मजबूर है और मानसिक व आर्थिक रूप से अत्यधिक परेशान है।

उसने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। महिला द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर पुलिस अधिकारियों ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# महिला कांग्रेस ने मनाया कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस, ध्वजारोहण कर मनरेगा बंद करने की निंदा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को महिला कांग्रेस द्वारा पार्टी का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया।

इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना को समाप्त करने की कथित योजना की कड़े शब्दों में निंदा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष जेहरा बी ने की। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1885 में बंबई (मुंबई) में 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में कांग्रेस की स्थापना हुई थी, जिसने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसी क्रम में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेहरा बी के नेतृत्व में दलित बस्ती में पहुंचकर जरूरतमंद व गरीब लोगों को शॉल का वितरण किया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस ने सेवा, समर्पण और सामाजिक न्याय के संदेश के साथ स्थापना दिवस मनाया।

आयोजित विचार गोष्ठी में महिला कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा योजना को गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवनरेखा बताते हुए इसे बंद किए जाने का विरोध किया। जेहरा बी ने कहा कि सरकार नई योजनाएं लाए, इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मनरेगा जैसी योजना को समाप्त करना गरीब विरोधी कदम है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। वही जिला. उपाध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्य, अहिंसा, त्याग और देशभक्ति की मिसाल रहा है, जबकि वर्तमान सरकार नफरत और अन्याय की राजनीति को बढ़ावा दे रही है।

जिसका महिला कांग्रेस लगातार विरोध करती रहेगी। कार्यक्रम में सबाना, डॉ. सदफ, सोफिया, कविता, रेशमा, गुंजन, सरोज, रेखा सहित अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें, जनजीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। अत्यधिक ठंड और कोहरे के चलते लोग केवल घर से जरूरी काम-काज के लिए ही निकले, जिससे सड़कों पर आम दिनों की तुलना में कम चहल-पहल दिखाई दी। कोहरे की वजह से हाईवे और प्रमुख मार्गों पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता घटकर 20 से 30 मीटर तक रह गई, जिससे हादसों की आशंका बनी रही। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से सतर्कता बरतने और सुरक्षित गति से वाहन चलाने की अपील की है। कड़ाके की ठंड के चलते सुबह और शाम ठिठुरन बढ़ गई है। लोग अलाव और हीटर का सहारा लेते दिखाई दिए। ठंड का असर बाजारों पर भी देखने को मिला, जहां अधिकतर दुकानें देर से खुलीं। चाय और पकौड़ी की दुकानों पर लोगों की भीड़ जुटी रही। ठंड बढ़ने से खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। चिकित्सकों ने ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, ठंडी हवा से बचने और गर्म पेय पदार्थों के सेवन की सलाह दी है।

# वीर बाल दिवस पर आरएसएस का भव्य बाल पथ संचलन, नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर ठाकुरद्वारा द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर नगर में भव्य बाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, पुराना जसपुर बस स्टैंड, आर्य समाज गली, पीपलटोला, रामलीला ग्राउंड तथा मोहल्ला जमनावला होते हुए पुनः विद्या मंदिर परिसर में संपन्न हुआ अनुशासनबद्ध वेशभूषा में शामिल बाल स्वयंसेवकों ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। पथ संचलन के दौरान मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर बाल स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। पूरे नगर में देशभक्ति और संस्कारों से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला संघचालक कृष्ण गोपाल रहे। उन्होंने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर बालकों का बलिदान राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने बच्चों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संस्कारों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य बाल मन में देश सेवा की भावना का निर्माण करना है। कार्यक्रम में सुनील पुठिया, दीपक चौहान, मुदित अग्रवाल, उत्कर्ष चौरावल, मुकुल, गरजेश, मुखलाल, अंकित, अमित प्रताप, अशोक कुमार, छुट्टन, निमेष, हर्ष, आशुतोष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मनुष्यों के परमकल्याण का आधार है श्रीमद् भागवत कथा: अर्द्धमौनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्राचीन शिव मन्दिर, गायत्री नगर, लाइनपार कमेटी द्वारा आयोजित 531वीं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा एवं हरिनाम संकीर्तन से हुआ। शोभायात्रा क्षेत्रों की गलियों से होते हुए कथा स्थल पर विसर्जित हुई। चौकी पूजन, कलश स्थापना एवं षोडशोपचार विधि विधान से कथा का शुभारंभ कथा व्यास वैष्णवाचार्य श्रीमन् धीरशान्त 'अर्द्धमौनी' ने करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत चौरासी लाख योनियों में परमकल्याणकारी है।

इसकी शरणागति से मुक्ति मार्ग प्रशस्त हो जाता है। भगवान श्रीहरि का प्राकट्य एवं भक्ति को जान लेने मात्र से जीव परम लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। जिसने भगवान् के प्रति आत्म-समर्पण कर दिया है, वह सदा-सर्वदा प्रसन्नतापूर्वक यन्त्र की भाँति भगवान् का कार्य करता रहता है। वह किसी भी स्थिति में प्रतिकूलता का अनुभव नहीं करता। उसकी प्रतिकूलता-अनुकूलता भगवान् की मंगलमयी इच्छा में मिलकर नित्य सम उल्लासमयी स्थिति के रूप में परिणत हो जाती है। हमारी वास्तविक उद्देश्य इसी में है कि हम भीतर से शुद्ध बन जायँ। समाज में लोग चाहे हमें अच्छा न माने अथवा अच्छा न जाने अथवा अच्छा न कहें, पर हमारे भाव अगर अच्छे हैं तो हमारे चित्त में हर समय आनन्द रहेगा, प्रसन्नता रहेगी और मरने पर सद्गति होगी। समाज हमें अच्छा ही कहे-यह हमारे हाथ की बात नहीं है। समाज हमें अच्छा भी कहेगा और बुरा भी कहेगा। पर हम अच्छे बन जायँ, बुरे न बनें, यह हमारे हाथ की बात है। वास्तव में जो चीज सच्ची होती है, वह छिपती नहीं, प्रकट हो ही जाती है। सन्तों ने कहा है कि कस्तूरी की सुगन्ध को कोई सौगन्ध दिला दे कि बाहर मत आना, तो भी डिबिया खोलते ही वह बाहर फैल जाती है। ऐसे ही हम अपने भावों को थोड़े दिन दबा सकते हैं, पर वे दुनिया में प्रकट हो ही जाते हैं। थोड़ी सूक्ष्म बुद्धि वाले उनको विशेष पहचान लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की आवश्यकता का अनुभव करो तो वह पूरी हो जायेगी। व्यवस्था में ममता सैनी, ध्यान सिंह सैनी, किरन सिंह, प्रीती सिंह, मनोज सैनी, संजीव गुप्ता, दीपक सैनी, एड0 राजेन्द्र सिंह, एड0 लक्ष्मी प्रसाद, रामौतार सिंह, प्रीति गुप्ता, बैनीराम सैनी, रघुवीर सैनी, गंगा सिंह पाल, सुन्दर लाल, वीर सिंह, राजकुमार सैनी, विजय सिंह, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, अनुराधा खुराना, अभिलाषा कपूर आदि ने सहयोग दिया।



# कांग्रेस ने मनाया 141वां स्थापना दिवस, मनरेगा योजना समाप्त करने की योजना का विरोध



**ठाकुरद्वारा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना को समाप्त करने की कथित योजना पर कड़ी आपत्ति जताई गई। रविवार को नगर के राजीव मार्केट में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीसी सदस्य एवं जिला महासचिव संजीव सिंघल ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस की स्थापना से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को याद किया और बताया कि वर्ष 1885 में बंबई (मुंबई) स्थित दास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कांग्रेस की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्य, अहिंसा, त्याग और देशभक्ति की मिसाल रहा है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा योजना गरीबों, ग्रामीण मजदूरों और महिलाओं के लिए जीवनरेखा है। संजीव सिंघल ने कहा कि सरकार यदि नई योजना चलाना चाहती है तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मनरेगा योजना को समाप्त करना गरीब और श्रमिक विरोधी निर्णय होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इसी क्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेहरा बी के नेतृत्व में दलित बस्ती में पहुंचकर जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को शॉल का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से कांग्रेस ने सामाजिक सरोकार और जनसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, जिला महासचिव याकूब कुरैशी, महासचिव डॉ. मोहम्मद हनीफ, सचिन हाजी, मुस्तकीम हाजी, इकबाल अंसारी, सत्य प्रकाश, रितिक कुमार, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, नीरज प्रजापति, लियाकत हुसैन, मोहम्मद मुस्तफा हाजी यासीन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थापा ताइक्वांडो एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक महोत्सव

मुरादाबाद।शहर के लाजपत नगर स्थित थापा ताइक्वांडो एकेडमी में रविवार को चौथा वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शशिमोहन रस्तोगी एवं जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली द्वारा किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में एकेडमी के खिलाड़ियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ताइक्वांडो खेल का शानदार डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक पदक विजेता खिलाड़ियों में झलक गुप्ता, पलक शर्मा, आदित्य सिंह एवं ऋषिता सैनी को विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। वहीं आदित्य सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित करते हुए ट्रॉफी एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सहायक कोच प्रियांशु रस्तोगी, वैष्णवी शर्मा, हाकैमिन हसीब एवं यशोदा थापा को भी उनके योगदान के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया। कोच केशव थापा ने बताया कि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में अभिभावक एवं अन्य खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0618035 अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **शोभा पुत्री श्री राजवीर सिंह ग्राम कुरी पोस्ट जहांगीरपुर तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।**


# सोनकरपुर स्टेडियम में विंटर सब जूनियर इंटर स्कूल जूडो चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** शहर के रामगंगा विहार स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मुरादाबाद जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में विंटर सब जूनियर इंटर स्कूल जूडो चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महानगर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने जूडो कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।चौंपियनशिप के दौरान अलग-अलग आयु वर्ग एवं वजन वर्गों में मुकाबले कराए गए, जिनमें बच्चों ने बेहतरीन तकनीक, संतुलन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन तालियों के साथ किया। प्रतियोगिता ने बच्चों में खेल भावना और अनुशासन को भी मजबूत किया।कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला जूडो सचिव सोहेल अहमद ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जूडो जैसे आत्मरक्षा से जुड़े खेल से जोड़ना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा अनुशासन और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।प्रतियोगिता के समापन पर विभिन्न वर्गों में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के दौरान कोच, अभिभावक एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# शिव पार्वती रसोई परिवार ने किया निःशुल्क भोजन वितरण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा प्रत्येक रविवार को आयोजित निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज भी किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मंझोला, श्री रविंद्र सिंह जी ने रसोई का शुभारंभ किया। शिव पार्वती रसोई के संस्थापक अध्यक्ष श्री पुष्प यादव (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को निरंतर 700 से 800 जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। आज की रसोई में श्रद्धा व सेवा भाव के साथ पीली खिचड़ी, चटनी, मूली एवं शुद्ध जल का निःशुल्क वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में विशेष रूप से डॉ. सतवीर चौहान, अंकुर यादव, योगेश भारती, सुनीता अग्रवाल, विनय कश्यप, विवेक गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, पारस त्यागी सहित अन्य संस्था सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। श्री पुष्प यादव ने कहा कि भूखे को भोजन देना केवल सेवा नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने कहा कि शिव पार्वती रसोई परिवार का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराना है और यह सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मंझोला, श्री रविंद्र सिंह जी ने कहा कि शिव पार्वती रसोई परिवार का यह सेवा कार्य सराहनीय है और वे इस कार्य में हमेशा सहयोग प्रदान करेंगे। शिव पार्वती रसोई परिवार की इस सेवा को देखते हुए लोगों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से ही समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

संक्षिप्त खेल समाचार

## श्रीलंका सीरीज के लिए पाकिस्तान की नई टी-20 टीम घोषित

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने सात फरवरी से शुरु होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए सलमान अली आगा की अगुवाई वाली नई टी-20 टीम की घोषणा की है जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया की घरेलू बिग बैश लीग में अपने कमिटमेंट्स के कारण श्रीलंका सीरीज नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में अनकैप्ड कीपर-बल्लेबाज ख्वाजा नफे को 15 सदस्यों वाली टीम में पहली बार शामिल किया गया है। नफे के साथ वापसी करने वालों में ऑलराउंडर शादाब खान भी हैं।

## एसईसी ने पार्ल रॉयल्स को 49 रन पर आउट कर बड़ी जीत हासिल की

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 अभियान की शानदार शुरुआत की, पार्ल रॉयल्स को रिकॉर्ड कम स्कोर 49 रन पर ऑल आउट कर दिया और बोनस पॉइंट के साथ 137 रन की बड़ी जीत हासिल की। एनरिक नॉर्टजे ने शानदार स्पेल और चार विकेट लेकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तैयारी की। एसईसी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जैसा कि इस टूर्नामेंट में अब तक ट्रेंड रहा है, ओपनर क्विटन डी कॉक और जॉनी बेयरस्टो ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जिसमें पावरप्ले में 52 रन शामिल थे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टी ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक जीकर किया वर्ष 2025 का सफल समापन




● टीम ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु में कांस्य जीतकर वर्ष 2025 का समापन एक बहुत ही सफल साल के तौर पर किया।

पूरे साल पीआर श्रीजेश के मार्गदर्शन में कई गहन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कोच ने एक टीम बनाई और खिलाड़ियों को दिसम्बर में जूनियर विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया। भारत की प्रतिस्पर्धी तैयारी जून में चार देशों के टूर्नामेंट से शुरू हुई, जो अच्छी यूरोपीय टीमों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण तैयारी का अवसर था। मेजबान जर्मनी के साथ-साथ स्पेन और ऑस्ट्रेलिया का सामना करते हुए, भारतीय जूनियर टीम ने बड़ी टीमों के खिलाफ अपनी योजना परीक्षण किया और टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने अक्टूबर में 2025 सुल्तान ऑफ जोहोर कप में उसी लय और सीख को आगे बढ़ाया, जहां भारत ने रजत पदक जीतने के लिए एक मजबूत और लगातार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रेट ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और मलेशिया पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और पाकिस्तान के साथ 3-3 से ड्रॉ भी खेला और लीग चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में पहुंची। खिताबी मुकाबले में, भारत ने 59वें मिनट में एक दुर्भाग्यपूर्ण गोल खाया और ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हार गई और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह सारी तैयारी टीम को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 तक ले गई, जो सीजन का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था, जहां भारत ने घरेलू धरती पर एक यादगार अभियान चलाया। भारत ने पूल चरण में क्रमशः चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड पर तीन आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर-फाइनल एक निर्णायक पल साबित हुआ, क्योंकि भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और शूटआउट में बेल्जियम को 4-3 से हराकर सेमी- फाइनल में जगह बनाई। गोलकीपर प्रिंस ने शूटआउट में दो अहम बचाव करके शानदार क्लास और हिम्मत दिखाई, जिससे भारत टूर्नामेंट में आगे बढ़ सका। दुर्भाग्य से, भारत सेमी-फाइनल में चैंपियन जर्मनी से 1-5 से हार गया, लेकिन तीसरे/चौथे स्थान के प्लेऑफ में टीम ने शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ अविश्वसनीय प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल किया। चौथे क्वार्टर तक दो गोल से पीछे होने के बावजूद, भारत ने मैच के आखिरी 15 मिनट में अपना सब कुछ लगा दिया और लगातार चार गोल करके मैच को अपने नाम किया।

## पीएम ने भारत की ऐतिहासिक खेल सफलता की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने महीने के रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 129वें एडिशन में देश को संबोधित करते हुए भारत की खेल उपलब्धियों पर जोर दिया। 2025 को भारतीय खेलों के लिए एक यादगार साल बताते हुए, प्रधानमंत्री ने अलग-अलग डिसिप्लिन और फॉर्मेट में एथलीटों की सफलता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि 2025 खेलों के लिहाज से भी एक यादगार साल था। हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप जीता। भारत की बेटियों ने महिला ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। पीएम मोदी ने कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन में भारत की सफलता के बारे में भी बात की, और कहा कि भारत के एशिया कप टी-20 टाइटल जीतने के बाद राष्ट्रीय तिरंगा गर्व से लहराया। उन्होंने भारतीय पैरा-एथलीटों की उपलब्धियों की भी तारीफ की, जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीते। प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की हिम्मत और बेहतरीन काम की भावना को दिखाते हुए कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीतकर, हमारे पैरा-एथलीटों ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट उनके पक्के इरादे को नहीं रोक सकती। भारतीय खेलों में 2025 में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला।

# दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में

● क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया कि उनका संगठन देशभर में विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा

**मेलबर्न, वार्ता।** 2017-18 एशेज के बोर-ड्रॉ का डर मेलबर्न क्रिकेट क्लब के लिए बॉक्सिग डे पिच बनाने का मुख्य कारण था, जो तेज गेंदबाजी के पक्ष में बहुत ज्यादा झुकी हुई थी, और जिसके कारण चौथा एशेज टेस्ट तीसरे दिन तक नहीं पहुंच पाया।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया है कि उनका संगठन देश भर में टेस्ट विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा, क्योंकि एडमिनिस्ट्रेटरसीम-फ्रेंडली सतहों की पसंद को टीमों द्वारा अब इस्तेमाल की जा रही आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति के साथ बैलेंस करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि इस हफ्ते क्रिकेट के खराब दिनों से होने वाले वित्तीय नुकसान से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा, उन्होंने माना कि पिछले महीने पर्थ में इस सीरीज के दूसरे दो-दिवसीय टेस्ट से लगभग आधी रकम गंवाने के बाद यह घाटा चुभता है।

ग्रीनबर्ग ने रविवार को कहा कि जिस तरह से बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे हैं, और जिस तरह से खेल विकसित हो रहा है, क्या हमारी विकेटों की तैयारी उसके साथ तालमेल बिठा रही है?अगर नहीं, तो हम यह कैसे सुनिश्चित करें कि वे ऐसा करें ताकि हम कमर्शियल जरूरतों और परफॉर्मेंस के बीच संतुलन बना सकें? मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने आज एक खराब पिच की जिम्मेदारी ली, जिस पर सिर्फ 142 ओवर में 36 विकेट गिरे। हेड क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि उन्होंने टेस्ट के पिछले हिस्से में गर्म मौसम की उम्मीद में ड्रा ॅप-इन सतह पर 10मिमी घास छोड़ी थी, जो इस देश के क्रिकेट कैलेंडर का सबसे बड़ा टेस्ट है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के मैच रेफरी जेफ क्रो का फैसला सोमवार को आने की उम्मीद थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि खिलाड़ियों और एडमिनिस्ट्रेटर ष्असंतोषजनकष रेटिंग के लिए तैयार हैं। रविवार को लगातार तीसरी बार 90,000 से ज्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद थी, लेकिन शानदार धूप में आए फैंस को यारा पार्क में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ जल्दबाजी में आयोजित ऑटोग्राफ-साइनिग सेशन से ही संतोष करना पड़ा। पेज ने एमसीजी पिच को फिर से बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की है, जो 2017 में सबसे खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जब पांच दिवसीय ड्रॉ एशेज टेस्ट में 1,000 से ज्यादा रन बने थे और सिर्फ 24 विकेट गिरे थे। इसके बाद एमसीसी ने सीए के साथ मिलकर सीम-फ्रेंडली कंडीशंस देने पर जोर दिया, जिससे ज्यादा मनोरंजक क्रिकेट को बढ़ावा मिले। चैनल सेवन ने घोषणा की कि इस मेलबर्न टेस्ट को सबसे ज्यादा टीवी और स्ट्रीमिग दर्शक मिले, जिससे यह बात साबित हुई कि दर्शकों ने इस बदलाव का आनंद लिया है। लेकिन पेज ने माना कि जब उन्हें पता चला कि उन्होंने बैलेंस को तेज गेंदबाजों के पक्ष में बहुत ज्यादा झुका दिया है, तो वह शॉक की स्थिति में थे। रविवार को जब उस मशहूर जगह के टर्फ बॉस ने पत्रकारों का सामना किया, तो पेज ने रिपोर्टर्स से कहा कि मैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने कंबाला को एल अनोखी खेल परंपरा बताया

**मंगलुरु, वार्ता।** ओलंपिक बॉक्सिग लीजेंड मैरी कॉम ने रविवार को कंबाला को एक अनोखी खेल परंपरा बताते हुए मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, जिससे तटीय कर्नाटक की इस पारंपरिक भैंस दौड़ को राष्ट्रीय पहचान मिली। दक्षिण कन्नड़ के सांसद कैप्टन बृजेश चौटा के नेतृत्व में बंगराकुलुरु के गोल्डफिच सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे।



● मैरी कॉम ने मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, सांसद बृजेश चौटा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे


लगभग 170 जोड़ी रेसिग भैंसों ने अलग-अलग कैटेगरी में हिस्सा लिया, जिससे तुलुनाडु की सबसे महत्वपूर्ण स्वदेशी खेल परंपराओं में से एक के रूप में कंबाला की स्थिति और मजबूत हुई। सभा को संबोधित करते हुए, मैरी कॉम ने तुलु भाषा में क्षेत्र के लोगों का अभिवादन किया, और कहा मंथेरेगला नमस्कार जिस पर जोरदार तालियां बजीं। आयोजकों को निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए, उन्होंने कहा कि मणिपुर के एक छोटे से गांव से आने के कारण, उन्हें सामुदायिक जीवन से जुड़ी परंपराओं से गहरा जुड़ाव महसूस होता है। उन्होंने कहा कि कंबाला देश के किसी भी अन्य खेल से अलग है और आधुनिक चुनौतियों के बावजूद सदियों पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए किसानों, भैंस मालिकों और प्रतिभागियों की प्रशंसा की। शाम को हुए औपचारिक उद्घाटन के दौरान, मैरी कॉम ने कंबाला उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विज. ेताओं को पुरस्कार वितरित किए। कीचड़ वाला ट्रैक उत्साह का केंद्र बन गया क्योंकि कुशल जॉकी के मार्गदर्शन में भैंसों की जोड़ियों ने खेतों में दौड़ लगाई, जिससे दक्षिण कन्नड़, उडुपी और पड़ोसी क्षेत्रों के दर्शक रोमांचित हो गए। इससे पहले, कैप्टन चौटा ने मंगलुरु और तुलुनाडु के सांस्कृतिक और सभ्यतागत महत्व पर प्रकाश डाला, और इस क्षेत्र को सनातन संस्कृति का पालना बताया। उन्होंने दक्षिण कन्नड़ जिले के बारे में गलत सूचनाओं का मुकाबला करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# ब्रेट ली ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को खेल में उनके शानदार योगदान के लिए ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। यह घोषणा ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के चेयरमैन पीटर किंग ने की, जिन्होंने ली के असर की तारीफ करते हुए उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे खतरनाक और सम्मानित पेस बॉलर में से एक बताया।

ली का इंटरनेशनल करियर शानदार रहा, उन्होंने वन-डे इंटरनेशनल मैचों में 380 विकेट और ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी फॉर्मेट में शानदार 718 विकेट लिए। ली ने 76 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, और 30-81 के औसत से 310 विकेट लेकर देश के आठवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गें. दबाज बने, जिसमें 5/30 और 10 बार पांच विकेट लेना उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा। वनडे में उनका प्रदर्शन और भी शानदार रहा, 221 मैचों में 23-36 की औसत से 380 विकेट लेकर वे ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, साथ ही 14 बार चार विकेट और नौ बार पांच विकेट भी लिए। टी-20 में, ली ने 25 मैचों में 25.50 की औसत से 28 विकेट लिए। सभी इंटरनेशनल फॉर्मेट में, ली ने 322 मैचों में 718 विकेट लिए, जिससे वे ऑस्ट्रेलिया के कुल मिलाकर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह 26.66 की शानदार औसत से हासिल किया, जिसमें उनके नाम 31 बार चार विकेट और 19 बार पांच विकेट शामिल हैं। निचले क्रम के एक उपयोगी बल्लेबाज के तौर पर, उन्होंने 212 पारियों में 18.94 की औसत से 2,728 रन बनाए, जिसमें आठ अर्द्धशतक और 64 का उच्चतम स्कोर शामिल है। अपने करियर के दौरान, ली ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन बड़े आईसीसी खिताब जीतने वाले अभियानों का हिस्सा थे।

# लॉरा हैरिस ने महिला टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बराबर किया




● लॉरा हैरिस ने ओटागो के लिए 15 गेंदों में फिफ्टी लगाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला

**एलेक्जेंड्रा, वार्ता।** डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी थंडर के लिए निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, लॉरा हैरिस ने रविवार को ओटागो के लिए 15 गेंदों में अर्द्धशतक बनाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला। यह महिला टी-20 में (जहां डेटा उपलब्ध है) संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्द्धशतक है, जो 2022 में वारविकशायर के लिए ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ मैरी केली द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के बराबर है। ओटागो के लिए अपने पहले मैच में, बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाने वाली अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने कैंटरबरी के खिलाफ ओटागो के 146 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। वह छठे ओवर में 46 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आईं और यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम 15वें ओवर तक लक्ष्य को पार कर ले। उन्होंने एलेक्जेंड्रा के मोलिनक्स पार्क में 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे, इससे पहले कि उन्हें मीडियम पेसर गैबी सुलिवन की गेंद पर कैच आउट कर दिया गया। हैरिस का डब्ल्यूबीबीएल में प्रदर्शन औसत रहा, जैसा कि थंडर का भी रहा, जो आठ टीमों की तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रही, केवल बिना जीत वाली ब्रिस्बेन हीट से बेहतर। हैरिस ने थंडर के लिए सीजन के सभी दस मैच खेले, आठ बार बल्लेबाजी की और कुल 69 रन बनाए, हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 197-14 था, जो प्रतियोगिता में सबसे अच्छा था। हालांकि, वह इस साल की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में थीं, और इस साल की शुरुआत में वार. विकशायर के लिए खेलते हुए केली के रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया था, जब उन्होंने वाइटैलिटी ब्लास्ट में डरहम के खिलाफ 21 गेंदों में 55 रन बनाकर प्लेयर-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीता था, जिसमें उन्होंने 17 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। हैरिस के नाम टी-20 में 15 और 17 गेंदों के रिकॉर्ड के अलावा, तीन 18-गेंदों की हाफ-सेंचुरी और एक 19-गेंदों की हाफ-सेंचुरी भी है। इसका मतलब है कि टी-20 में उनके सभी छह 50 से ज्यादा के स्कोर 20 से कम गेंदों में आए हैं। महिला क्रिकेट में किसी और बल्लेबाज ने यह कारनामा एक से ज्यादा बार नहीं किया है। रविवार को, हैरिस की तेज रन बनाने की गति का मतलब था कि ओटागो बोनस पॉइंट हासिल करने वाली पहली टीम बन गई, जिसे इस सीजन से पहले महिला सुपर स्मैश में ज्यादा स्कोर वाले मैचों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था। मैच जीतने पर मिलने वाले रेगुलर चार पॉइंट्स के अलावा, टीमें बोनस पॉइंट हासिल कर सकती हैं।

# एमसीजी क्यूरेटर सदमे की हालत में हेड ने समर्थन दिया

● दो दिन में मैच खत्म होने से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद

**मेलबर्न, वार्ता।** एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि बॉक्सिग डे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह सदमे की हालत में थे, जबकि ट्रैविस हेड ने ग्राउंड स्टाफ के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, जिन्होंने सीम-फ्रेंडली पिच तैयार की, जिसके कारण मैच दो दिन में खत्म हो गया, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद है।

मैच के आखिरी तीन दिनों के लिए गर्म मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर सतह पर 10मिमी घास छोड़ने के पेज के फैसले पर काफी सवाल उठे, जब 142 ओवर में 36 विकेट गिरे, और इंग्लैंड ने दूसरे दिन देर से ऑस्ट्रेलिया में जनवरी 2011 के बाद अपनी पहली जीत हासिल की। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि दुनिया में कहीं और ऐसी ही पिच 'तबाही' मचा देगी, और स्टीवन स्मिथ ने इतनी घास छोड़ने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा: ष्शायद इसने थोड़ा ज्यादा ही मदद की शायद अगर इसे 10 से 8मिमी कर दिया जाता, तो यह एक अच्छी चुनौतीपूर्ण विकेट होती - शायद थोड़ी और संतुलित।

पेज ने कहा कि वह परिणाम से वास्तव में निराशष हैं, और उन्होंने यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि एमसीजी में फिर से दो दिन में मैच खत्म न हो। उन्होंने कहा कि पहले दिन के बाद मैं सदमे की हालत में था, जो कुछ भी हुआ, एक दिन में 20 विकेट।मैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# ब्यू वेबस्टर-जोश इंगलिस बीबीएल खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज



● दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू टेस्ट की तैयारी को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर शामिल होंगे

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को होबार्ट के लिए बिग बैश लीग में खेलने के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। जोश इंगलिस, जिन्हें रैपिड-फायर बॉक्सिग डे टेस्ट के लिए बाहर कर दिया गया था, वे भी बीबीएल में वापसी करेंगे और पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट से पहले पर्थ के लिए खेलेंगे।

अपने बीबीएल मैचों के बाद, दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू होने वाले नए साल के टेस्ट की तैयारी के लिए सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर से शामिल होंगे। इस साल सात टेस्ट खेलने के बाद, वेबस्टर को पर्थ में एशेज के शुरुआती मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया इलेविन से बाहर रखा गया था और वह टीम में वापस नहीं आ पाए हैं। लेकिन इस सीरीज के दौरान कैमरून ग्रीन के बल्ले से बार-बार फेल होने के कारण वेबस्टर के पास अपनी जगह वापस पाने का एक अच्छा मौका दिख रहा है। एशेज के पहले चार टेस्ट में बल्ले से सिर्फ 18.66 का एवरेज बनाने के बाद ग्रीन की जगह पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। मेलबर्न में पहले दिन खुद रन आउट होने के बाद, उन्होंने दूसरी इनिग में फिर से अपना विकेट गंवा दिया। 26 साल के ग्रीन ने स्टोक्स की गेंद को ऑफ-साइड में गाइड करने की कोशिश की, लेकिन दूसरी स्लिप पर कैच हो गए।

# कोलकाता में फिटनेस एक्टिविटीज साथ साल 2025 के फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का हुआ समापन

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी के पावर कपल दीपिका कुमारी और अतानु दास और बंगाल के अन्य ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण के कोलकाता क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल 2025 के आखिरी संस्करण में भाग लिया। साल के आखिर के इस विशेष संस्करण में आज यहां 1500 नागरिक इकध हुए थे। इस कार्यक्रम में उत्साही साइकिल चलाने वालों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें एथलीट, कॉर्पोरेट पेशेवर, छात्र, सीआईएसएफ जवान और फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 54वां संस्करण के खास भागीदार बीमा कंपनी के कर्मचारी तथा सभी उम्र के लोग शामिल हुए। साइक्लिग के साथ-साथ, प्रतिभागियों ने हाई-एनर्जी जुम्बा सेशन, मधुर बंगाली लोक संगीत, मनमोहक योग प्रदर्शन, रस्सी कूदने के प्रदर्शन और कई फिटनेस एक्टिविटीज का आनंद लिया। कोलकाता में इस बड़े कार्यक्रम को ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपिका कुमारी, जॉयदीप कर्माकर और मंगल सिंह चंपिया ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जिससे फिटनेस और एक्टिव जीवन शैली को समर्पित एक पावर-पैक्ड सर्दियों की सुबह की शुरुआत हुई। इस मौके पर अर्जुन पुरस्कार विजेता अतानु दास, राहुल बनर्जी, बॉम्बेला देवी लैशराम और सुष्मिता सिघा रॉय भी मौजूद थे। इस अवसर पर पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्डी दीपिका कुमारी ने रोजाना फिटनेस के महत्व पर बल देते हुए कहा कि एनर्जी और ताकत केवल खेल के लिए ही नहीं, बल्कि निजी जिंदगी के लिए भी जरूरी है और इसे प्रतिदिन करना चाहिए, केवल एक रविवार

# गजनफर-पोलार्ड की मदद से एमिरेट्स दूसरे स्थान पर




● पालार्ड ने एमआई एमिरेट्स के लिए एक ओवर में 30 रन बनाए जबकि गजनफर ने तीन विकेट लेकर 28 रन दिए

**दुबई, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने 123 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए दुबई कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर आईएल टी 20 में दूसरा स्थान पक्का कर लिया। कैपिटल्स को पहले मुख्य रूप से एएम गजनफर के तीन विकेट (28 रन देकर 3 विकेट) की बदौलत रोका गया, जिसके बाद एमआई एमिरेट्स के टॉप-चार बल्लेबाजों ने यह सुनिश्चित किया कि रन चेज में कोई रुकावट न आए।

कीरोन पोलार्ड ने भी एमआई एमिरेट्स की जीत के रास्ते में एक ओवर में 30 रन बनाए। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, कैपिटल्स ने शुरुआती तीन ओवरों में चार चौके लगाए। लेकिन, चौथे ओवर में गजनफर द्वारा स्पिन गें. दबाजी शुरू करने के बाद रनों की गति धीमी हो गई। यह शाकिब अल हसन थे जिन्होंने दूसरे छोर से शयान जहांगीर का विकेट लेकर सफलता दिलाई, इससे पहले कि गजनफर ने अपने दूसरे ओवर में अपने अफगान समकक्ष सेदिकुल्लाह अटल का विकेट लिया। स्पिन काम कर रही थी, इसलिए एमआई एमिरेट्स ने डैन मौसली को गेंद सौंपी, जिन्होंने ओवर में पहले ल्यूस डू प्लोय के रन आउट होने के बाद रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। अरब गुल मोमंद ने जॉर्डन कॉक्स का बड़ा विकेट लिया, जिससे कैपिटल्स आधे रास्ते में 53 रन पर 5 विकेट पर थी।

नए बल्लेबाज जेम्स नीशम अपनी तेज 21 रनों की पारी में तीन चौकों के साथ अच्छे फॉर्म में दिखे, इससे पहले कि उन्होंने गजनफर को कैच दे दिया। इसके बाद अफगान गेंदबाज ने उसी ओवर में डेविड विली को आउट कर दिया, जिससे कैपिटल्स 84 रन पर 7 विकेट पर थी। मौ. नबी और स्कॉट करी ने आठवें विकेट के लिए 28 रन जोड़े, जिससे कैपिटल्स 100 रन के पार पहुंची और 122 रन पर 8 विकेट का सम्मानजनक स्कोर बनाया। एमआई एमिरेट्स के लिए चेज की शुरुआत शानदार तरीके से हुई।

# पत्नी के लापता होने पर पति ने पुलिस से लगाई गुहार, परिवार में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत भूड़ इस्लाम नगर मोहल्ले से एक विवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। पत्नी के अचानक गायब होने से परेशान युवक शाहरुख ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पीड़ित युवक शाहरुख ने बताया कि उसकी पत्नी घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी तो परिवार वालों को चिंता हुई। इसके बाद शाहरुख ने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के संभावित स्थानों पर पत्नी की तलाश की, लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। हर संभव प्रयास के बाद भी जब पत्नी का सुराग नहीं लगा तो शाहरुख थाने पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लापता विवाहिता की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि किसी तरह का सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।वहीं, विवाहिता के लापता होने से परिवार में गहरा तनाव है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं और लगातार पुलिस से जल्द से जल्द खोजबीन की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है।पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि विवाहिता को सकुशल बरामद करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और जैसे ही कोई ठोस जानकारी सामने आएगी, परिवार को अवगत कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है और मामले से जुड़े सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

# कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद लोगों को सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट ने किया लिहाफों का वितरण




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में सामाजिक सरोकारों को निरंतर मजबूती देने वाली अग्रणी संस्था सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट की ओर से कड़ाके की ठंड के बीच एक भव्य लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम बुद्धि विहार खुशहालपुर रोड स्थित चॉइस बैंक्वेट हाल में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में जरूरतमंद, असहाय एवं अभावग्रस्त लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठंड से जूझ रहे गरीब और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाना रहा। ट्रस्ट के सदस्यों ने सर्दी से बचाव के लिए लिहाफ वितरित किए, जिससे लोगों को ठंड में कुछ राहत मिल सके। लिहाफ पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि सर्वप्रयास सीता रसोई ट्रस्ट लंबे समय से सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय है। जरूरतमंदों की मदद करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आकर गरीबों और असहायों की मदद करनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड या अभाव के कारण परेशान न हो।कार्यक्रम में ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी, समाजसेवी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरी निष्ठा और सेवा भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

अंत में संस्था की ओर से सभी सहयोगियों और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह आयोजन संभव हो सका।

## कड़ाके की ठंड में राहतः नगरपालिका ने निःशुल्क रैन बसेरा किया संचालित



**चन्दौसी।** बढ़ती सर्दी और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका क्षेत्र में स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में नगरपालिका चन्दौसी द्वारा रेलवे स्टेशन के समीप मालगोदाम रोड पर निःशुल्क रैन बसेरा संचालित किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को ठंड से राहत मिल सके। नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा इसकी नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की ओर से आमजन से भी अपील की गई है कि यदि कहीं कोई व्यक्ति ठंड में असहाय या खुले में रात बिताने को मजबूर दिखे, तो उसे रैन बसेरे तक पहुंचाने में सहयोग करें। प्रशासन का उद्देश्य है कि कड़ाके की ठंड में कोई भी व्यक्ति ठिठुरने को मजबूर न रहे।

# नगरपालिका क्षेत्र में बंदरों का आतंक, मथुरा से आई मंकी कैचर टीम ने पकड़े 124 बंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका क्षेत्र में बंदरों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि होने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। अब बंदर धीरे-धीरे आक्रामक होते जा रहे हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है। सीता रोड, रेलवे स्टेशन, रामबाग रोड सहित विभिन्न वार्डों में बंदरों का खासा आतंक देखने को मिल रहा है। बंदरों के भय के कारण लोग छतों पर जाने से भी कतराने लगे हैं। पूर्व में बंदरों के हमले में बच्चों और महिलाओं की जान जा चुकी है, जिससे लोगों में भय और अधिक बढ़ गया है। नगर क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर नागरिकों ने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर बंदरों को पकड़वाने की मांग की थी। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका द्वारा मथुरा से मंकी कैचर टीम को बुलाया गया है। टीम द्वारा पिछले तीन दिनों से लगातार बंदरों को पकड़कर सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा जा रहा है। रविवार को मंकी कैचर टीम ने अभियान चलाकर 124 बंदरों को पकड़ने में सफलता हासिल की।



## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** कार की टक्कर से हुई बाइक सवार की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जिला संभल के थाना कुढ़ फतेहगढ़ के गांव बहोरनपुर निवासी सर्वेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया की 22 दिसंबर को उसके भाई गंगा सिंह अपने गांव के कृपाल सिंह के साथ बाइक पर पीछे बैठकर बहोरनपुर से अपने भाई के पास जा रहे थे। 4:45 बजे आगरा रोड स्थित जिला सहकारी बैंक के पास पहुंचने पर कार के चालक ने बाइक में जोरदार लापरवाही से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में भाई गंगा सिंह व कृपाल के गंभीर चोटें आई। भाई गंगा सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने भाई के अंतिम संस्कार में व्यवस्त रहा लिहाजा रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई। अब मामले में तहरीर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### शीत लहर और कोहरे के कारण कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयो में आज 29 दिसम्बर का अवकाश घोषित

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जनपद में अत्यधिक शीतलहर / कोहरे के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह की अनुमति से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने जनपद में संचालित कक्षा-नर्सरी से कक्षा-8 तक के समस्त परिषदीय / माध्यमिक/ राजकीय / सहायता प्राप्त / मान्यता प्राप्त ( समस्त बोर्ड ) विद्यालयों का 29 दिसंबर का अवकाश घोषित किया है।उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के निर्देश भी दिए गए हैंस जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के आदेश की पुष्टि देर शाम उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने की है।

### भोजपुर में समाजसेवी हसन कुरैशी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**भोजपुर।** वरिष्ठ समाज सेवी एवं चैयरमैन प्रत्याशी हसन कुरैशी ने कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कड़ाके की ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों, गरीबों, बुजुर्गों और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम हुआ। हसन कुरैशी ने लोगों को कम्बल वितरित किए आगे कहा कि जनसेवा ही मेरा मुख्य लक्ष्य है। गरीब और असहाय लोगों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। शीतलहर के इस दौर में जरूरतमंदों को राहत देना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी में लोगों की मदद करते रहेंगे इस अवसर बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चों को कम्बल बांटे गए।

### शांतिभंग करने में दो लोगों का चालान

**भोजपुर।** रविवार को पुलिस ने गांव खानपुर निवासी आकाश पुत्र यशवीर सिंह और त्रिलोकपुर का मझरा बलजीत पुत्र चन्द्रपाल को शांति भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान कर दिया। उप जिला मजिस्ट्रेट ने आरोपियों को भारी जमानत राशि पर पाबंद कर रिहा कर दिया।

# मंडी समिति में आढ़ती व्यापारियों का आंदोलन 16वें दिन भी रहा जारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडी में आढ़ती व्यापारियों का आंदोलन रविवार को सोलहवें दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। रोज की तरह आज भी सभी आढ़ती व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी समस्याओं और मांगों को मंडी प्रशासन के समक्ष रखा। आंदोलन में बड़ी संख्या में व्यापारियों की उपस्थिति रही और पूरे कार्यक्रम में अनुशासन एवं एकता देखने को मिली।

यह आंदोलन मुरादाबाद आढ़ती संघ के अध्यक्ष खूबकरन सिंह सैनी उर्फ के.के. सैनी के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। बैठक में व्यापारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और अहिंसात्मक है। जब तक उनकी सभी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में उनके टीनशेड की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने मांग की कि अन्य टीनशेडों की तरह उनके टीनशेड को भी ऊँचा, नया और छायादार बनाया जाए, ताकि व्यापार सुचारु रूप से हो सके और बारिश व धूप से राहत मिल सके।

इसके साथ ही व्यापारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि मंडी परिसर की लगभग 70 प्रतिशत भूमि वर्तमान में खाली पड़ी है। यदि प्रशासन आवश्यकता अनुसार उस भूमि पर दुकानों का निर्माण करता है, तो आढ़ती व्यापारियों को इस पर कोई आपत्ति नहीं है। बैठक में व्यापारियों ने प्रशासन के प्रति विश्वास जताया और उम्मीद व्यक्त की कि मंडी प्रशासन उनकी बातों को गंभीरता से समझेगा तथा शीघ्र ही न्यायसंगत समाधान निकालेगा। व्यापारियों ने कहा कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द उचित निर्णय की अपेक्षा रखते हैं।आज की बैठक में मुरादाबादआढ़ती संघ के अध्यक्ष के.के. सैनी के साथ बिशन पाल ठाकुर, ओमप्रकाश सैनी, चरण सिंह, मोहन लाल सैनी, संजय गुप्ता, दीपक सैनी, दलचंद सैनी सहित बड़ी संख्या में आढ़ती एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने धूमधाम के साथ मनाया 140वां स्थापना दिवस



**मुरादाबाद।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा चौमुखापुल स्थित कार्यालय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम ने किया। इस मौके पर कांग्रेस का ध्वज फहराया गया और पार्टी की गौरवशाली विरासत तथा ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जिसने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि 140 वर्षों का सफर कांग्रेस के निरंतर सेवा भाव, त्याग और जन-जन के विश्वास का प्रतीक है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक देश को दिशा देने का कार्य किया है।सभा में मौजूद वक्ताओं ने कांग्रेस के ऐतिहासिक संघर्ष, बलिदान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा में कांग्रेस नेताओं का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने संकल्प लिया कि कांग्रेस की नीतियों तथा राहुल गांधी के प्रेम, सद्भाव और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान असद मौलाई, नजाकत ठेकेदार, एडवोकेट अरशद परवेज, नदीम उद्दीन, मौअज्जम अली, परवेज इस्लाम, रिजवान रईस, मौ. शादान, अनुराग शर्मा, नेम सिंह, बब्बन खान, जमीर अहमद, शमशेर खान, मो. हसिन खान, वाहिद सैफी, हाजी युसुफ अंसारी सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्षत्रिय करणी सेना ने हनुमान मूर्ति तिराहे पर बांग्लादेश का पुतला दहन कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को कटघर क्षेत्र हनुमान मूर्ति तिराहे पर क्षत्रिय करणी सेना के द्वारा बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया। इस दौरान संगठन के बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ रोष जताया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षत्रिय करणी सेना के जिला अध्यक्ष अमित ठाकुर ने कहा कि बांग्लादेश में वर्तमान हालात बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां हिंदू समुदाय के लोगों के साथ निर्मम अत्याचार और हत्याएं की जा रही हैं, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, आज वही देश अपने यहां रहने वाले हिंदुओं पर अत्याचार कर रहा है।अमित ठाकुर ने कहा कि क्षत्रिय करणी सेना इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और देश का प्रत्येक नागरिक इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि बांग्लादेश से सभी प्रकार की वार्ता और संबंध तत्काल समाप्त किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि भारत में मौजूद बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाए।उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को भारत के विरुद्ध युद्ध की तरह माना जाना चाहिए और सरकार को इस पर कड़ा रुख अपनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने भारत और बांग्लादेश के बीच किसी भी प्रकार के खेल या गेमिंग टूर्नामेंट आयोजित न किए जाने तथा बांग्लादेशी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की।पुतला दहन के दौरान पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा और स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही।








# फर्जी झोलाछाप डॉक्टर की दबंगईः सील किए हॉस्पिटल को फिर से खोलकर इलाज कर रहा राजेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में एक फर्जी झोलाछाप डॉक्टर राजेंद्र सिंह की दबंगई का मामला सामने आया है। राजेंद्र सिंह का हॉस्पिटल, जनता फ्रैक्चर एंड हेल्थ केयर सेंटर, ।275 आशियाना कॉलोनी, पुलिस चौकी के सामने, कांठ रोड मुरादाबाद में 2023 से चल रहा था।

राकेश कुमार पुत्र श्री सूरज सिंह निवासी ग्राम चक घी का नगला मुरादाबाद की शिकायत पर दिनांक 26 दिसंबर 2025 को डॉ. संजीव बेनीवाल ने इस हॉस्पिटल को रंगे हाथ पकड़ा फर्जी घोषित कर शील कर दिया था। लेकिन इसके बावजूद आरोपी फर्जी डॉ. राजेंद्र सिंह ने हॉस्पिटल खुला रखा और बेखघैफ दबंगई से मरीजों का इलाज कर रहा है। सीधे साधे लोगो की जिन्दगी से खिलवाड़ कर रहा है। ऐसा लगता है जैसे ब्ड० मुरादाबाद ने ही आरक्षण दिया है जो चुपके से दूसरे दरवाजे से धंधा करने की इजाजत दे दी हो। कई शिकायतों के बाद बड़ी मुश्किल से फर्जी हॉस्पिटल को बंद करवाया गया और अगले ही दिन रोज की तरह राजेंद्र सिंह ने बेखौफ होकर फिर से शील किया हॉस्पिटल खोल दिया और मरीजों का इलाज किया। जिसके साक्ष्य वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ उपलब्ध हैं। यह मामला स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि लोगों की जान से खिलवाड़ न हो। क्या आपको लगता है कि फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार को और क्या कदम उठाने चाहिए? क्या आपको लगता है कि राजेंद्र सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी?



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 29 दिसम्बर 2025

# अरावली पर सुनवाई

राजस्थान सहित कई राज्यों में विरोध के बीच सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्य जजों की पीठ इस पूरे मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई करेगी। असल में एक तरह से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट अपने ही एक फैसले पर पुनर्विचार के लिए तैयार हुआ है। जोकि 20 नवंबर 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई की बेंच ने दिया था, जिसमें उसने केंद्रीय समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा था कि सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना रहा है कि इस फैसले से 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है। हालांकि कोर्ट ने नई खनन लीज पर रोक लगा दी है और स्टेनेबल माइनिंग प्लान तैयार होने तक कोई नई अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्र का तर्क रहा है कि यह परिभाषा वैज्ञानिक है और अवैध खनन रोकने में मदद करेगी। जबकि पर्यावरणविद इसे पर्यावरण के लिए खतरा बता रहे हैं। राजस्थान में बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं, जिनमें उदयपुर, जोधपुर जैसे जिले शामिल हैं। असल में सारा विवाद लगता है परिभाषा को लेकर है। अरावली पर्वत माला जो दिल्ली हरियाणा राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है और सबसे पुरानी पर्वत श्रंखला में से एक है, यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि थार मरूस्थल के फैलाव को रोकती है और भूजल रिचार्ज करती है। साथ ही जैव विविधता को बनाए रखती है। इस पर पर्यावरण मंत्रालय की समिति ने सिफारिश की थी जिसमें कोर्ट ने मंत्रालय की सिफारिश को स्वीकारते हुए कहा था कि केवल सौ मीटर या उससे अधिक भूमि को ही अरावली माना जाएगा, उससे कम को नहीं। पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी हुई है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को कोर्ट में चुनौती दी है। आरपी बलवान की याचिका में तर्क है कि जो परिभाषा दी गई है वह अपर्याप्त है और इकोसिस्टम को नजरअंदाज करती है। हालांकि केंद्र इस बात की गारंटी दे रहा है कि मौजूदा खदानों पर सख्त निगरानी होगी और कोई नई लीज नहीं दी जाएगी। अब इस पूरे मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाली वाली तीन सदस्यीय पीठ करेगी, जोकि सोमवार से सुनवाई करने जा रही है। जाहिर है अगर कोर्ट नई परिभाषा में बदलाव करती है तो अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण मिल सकता है, जो जल संकट, धूल भरी आंधियां और जैव विविधता हानि को रोकने में मदद करेगा। निश्चित रूप से अरावली हिल्स खनन का मामला बेहद संवेदनशील है और सरकार को भी इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि बात केवल खनन की नहीं है। बल्कि सीधे पर्यावरण से जुड़ी हुई है जोकि लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित करता है।

## अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है



राहुल गांधी की चुनावों में बार-बार हार डेवलपमेंट की पॉलिटिक्स न समझ पाने का नतीजा है, राहुल आप अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है, आप पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी चुनाव हारेंगे, कांग्रेस की राजनीति देश की सोच से मेल नहीं खाती, राहुल गांधी विकास और सुशासन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय कानूनी और टेक्निकल मुद्दों में उलझे रहते हैं, भाजपा ने भरोसे और जनता की जरूरतों को समझकर शासन किया, इसलिए उसे बार-बार चुनावों में जनादेश मिला, कांग्रेस ने उन सभी नीतिगत फैसलों का विरोध किया, जिन्हें जनता का समर्थन मिला, इनमें राम मंदिर, पाकिके खिलाफ एयर स्ट्राइक, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन, अनुच्छेद 370 हटाना और काशी में मंदिर निर्माण जैसे फैसले शामिल हैं। –अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

# यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां



तनवीर जाफरी

क्रिसमस प्रत्येक वर्ष की भांति गत 25 दिसंबर को भी पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुबई की मशहूर एयरलाइन एमिरेट्स ने एक अनोखा वीडियो जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके बड़े विमान एयरबस ए 380 को सांता क्लॉज की जादुई स्लेज में बदल दिया गया है। इस विमान को स्लेज 380 का नाम दिया गया है। इस वीडियो में ए 380 को रुडॉल्फ रेनडियर की तरह लाल नाक और बड़े सींग लगाए गए हैं और उपहारों से भरी एक विशाल स्लेज विमान से जुड़ी दिखती है। विमान रनवे पर दौड़ता है और आसमान में उड़ान भरता है, जैसे सांता दुनिया भर में गिफ्ट बांटने जा रहा हो। एमिरेट्स ने इस सीजन में यात्रियों को खास तोहफे भी दिए, जिसमें फेस्टिव ड्रिंक्स, थीम्ड मिठाइयां, विंटर-स्टाइल लाउंज और लिमिटेड एडिशन क्रिसमस गिफ्ट शामिल हैं। वैसे भी चूंकि क्रिसमस मनाने के साथ ही नए वर्ष के स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं इसलिए भी दुनिया के सभी देश व सभी धर्मों व वर्गों के लोग भी क्रिसमस मनाने में अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

भारत में भी लगभग 2.8 करोड़ ईसाई रहते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.3 प्रतिशत हैं। ईसाई समुदाय भारत में तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। लिहाजा यहां भी ईसाई समुदाय क्रिसमस, गुड फ्राइडे व नव वर्ष जैसे अपने सभी त्यौहार सदियों से मनाते आ रहे हैं। वैसे भी ब्रिटिशकाल में भारत में अंग्रेजों ने जहां विकास सम्बन्धी तमाम इबारतें लिखीं वहीं उनके शासन में देश भर में अनेक बड़े व ऐतिहासिक चर्च, स्कूल व अस्पताल भी निर्मित किए गए। आज भी क्रिश्चियन मिशनरी देश की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रही है। इन सब वास्तविकताओं को दरकिनार कर देश का एक दक्षिणपंथी वर्ग ऐसा है जिसके संस्कारों में ही धर्म विशेष के लोगों से नफरत करना व उनके धार्मिक रीति रिवाजों व परंपराओं का विरोध करना शामिल है। नकारात्मकता की सोच से भरे इसी विचारधारा के लोग विगत कई वर्षों से क्रिसमस त्यौहार मनाए जाने का विरोध करते आ रहे हैं। जबकि सर्व धर्म समभाव जैसे गांधीवादी विचारों का अनुसरण करने वाला देश का आम नागरिक सभी धर्मों के त्योहारों व परंपराओं व रीति रिवाजों में खुशी से शरीक होकर प्रत्येक उत्सव का आनंद लेना चाहता है साथ ही एक दूसरे धर्म के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहता है। नफरत, नकारात्मकता, संकीर्णता व साम्प्रदायिक वैमनस्य की सोच से भरे इन्हीं तत्वों




ने गत क्रिसमस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न चर्चों व सार्वजनिक स्थलों पर ऐसा तांडव किया जिसकी चर्चा देश के मीडिया में कम परन्तु विदेशी मीडिया में ज्यादा हुई। इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों में ईसाई समुदाय के विरुद्ध हुई घटनाओं में तोड़फोड़, हमले और उत्पात की कई रिपोर्ट्स सामने आईं। उदाहरण स्वरूप छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मैग्नेटो मॉल में भीड़ ने क्रिसमस डेकोरेशंस में तोड़फोड़ की, जिसमें लाखों का नुकसान हुआ। जबकि कांकेर जिले में दो चर्च जला दिए गए और कई ईसाई घरों को निशाना बनाया गया। इसी तरह असम के नालबाड़ी में सेंट मैरी स्कूल में वीएचपी कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस बैनर्स और डेकोरेशंस को जलाया व स्कूल के पास की दुकानों पर भी हमले किए। इसी तरह केरल के पलक्कड़, चारूमूडू व पुडुसेरी में बच्चों के कैरोल ग्रुप पर हथियारों से हमला किया गया, जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसी तरह मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी कुछ इलाकों में ईसाई धर्मावलंबियों की प्रार्थना सभाओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मारपीट और हंगामा किए जाने की खबर है जबकि झाबुआ में प्रेयर मीटिंग में व्यवधान डाला गया जिसमें एक नेत्रहीन महिला पर हमला किया गया। उत्तर प्रदेश में सेंट अल्फोंसस कैथेड्रल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ लाउडस्पीकर पर बजाया गया, लखनऊ में कैथेड्रल सर्विस में तेज आवाज से धार्मिक भजन बजाए गए।

इसी प्रकार राजस्थान के जोधपुर और नागौर में एक स्कूल में क्रिसमस बैनर्स तोड़े गए, नागौर में युवाओं ने स्कूल के सामने मंदिर का होने का बहाना बनाकर तोड़फोड़ की। दिल्ली के लाजपत नगर व पूर्वी दिल्ली में सेंटा कैप पहनी महिलाओं और बच्चों को बाजार से भगाया गया एक बाजार में जबरदस्त उत्पात मचाया गया। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक होटल में क्रिसमस संबंधी एक आयोजन को रद्द करना पड़ा। जबकि ऋषिकेश में एक प्रार्थना सभा में व्यवधान डाला गया और जीसस और मैरी का अपमान करते हुए उन्हें अपशब्द कहे गए। ओडिशा के पुरी में सेंटा कैप बेचने वाले गरीब परिवार को धमकाया और भगाया गया जबकि महाराष्ट्र में मुंबई के कांशीमीरा में क्रिसमस प्रोग्राम रोका गया तथा वहां मौजूद बच्चों से हिन्दू धर्म से जुड़े नारे लगवाए गए। देश भर में इस तरह कि 60 से भी अधिक घटनाओं के समाचार हैं और इन प्रत्येक घटनाओं का विरोध करने वालों में लगभग हर जगह संघ, बजरंग दल, वीएचपी,भाजपा व इनके सहयोगी अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों के लोगों के शामिल होने की खबरें हैं।

ब्रिटेन से लेकर टर्की तक और कई अरब देशों का मीडिया भारत में क्रिसमस के अवसर पर मचाए गए तांडव को लेकर भारत को किस नजर से देख रहा है? बड़ा आश्चर्य है कि इस अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचते हैं और इससे जुड़ी कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पोस्ट में साझा करते हुए लिखते हैं कि षदिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की सर्विस में शामिल हुआ। सर्विस में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका। क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाए। सवाल यह है कि नरेंद्र मोदी भी संघ की उसी पाठशाला के विद्यार्थी रहे हैं जिसमें संघ संस्थापक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर कम्युनिस्ट विचारधारा, ईसाई और मुसलमान जैसे समुदाय को भारत की राष्ट्रीय पहचान और हिंदू संस्कृति के लिए खतरा समझते थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचकर शांति व प्रेम का सन्देश देना कितना वास्तविक है और कितना औपचारिक या दिखावा यदि वास्तव में मोदी को क्रिसमस के अवसर पर करुणा का शाश्वत संदेश झलकते दिखाई दिया तो उसी विचारधारा के लोगों द्वारा हिंसा और उद्दंडता का ऐसा साम्प्रदायिक प्रदर्शन क्यों जिससे दुनिया में देश की बदनामी हो? दरअसल यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहाड़ से पिच तक देवेंद्र सिंह बोरा की उड़ान



एम. फहीम

उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में खेल को करियर बनाना आज भी आसान नहीं है। सीमित संसाधन, दूर-दराज गांव, मैदानों की कमी और अवसरों का अभाव, इन सबके बीच अगर कोई युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है, तो वह सिर्फ अपनी नहीं, पूरे पहाड़ की कहानी कहता है। बागेश्वर जिले के छतिना जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर तेज गेंदबाज देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा इसी जज्बे की मिसाल है।

**जहां सड़क नहीं, वहां सपने थे**

देवेंद्र का बचपन ऐसे इलाके में बीता जहां सुविधाएं सीमित थीं। न आधुनिक क्रिकेट अकादमी, न बड़े कोचिंग सेट-अप। खेल का मतलब था, खुले मैदान, असमतल जमीन और सीमित उपकरण, लेकिन इन्हीं परिस्थितियों ने उनके भीतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की नींव रखी। पहाड़ का जीवन सिखाता है कि रास्ते मुश्किल हों तो कदम मजबूत रखने पड़ते हैं। देवेंद्र ने भी यही किया। पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट का अभ्यास, रोजाना फिटनेस पर ध्यान और स्थानीय स्तर पर मैच खेलने का सिलसिला लगातार चलता रहा।

**घरेलू क्रिकेट से पहचान**

समय के साथ देवेंद्र ने उत्तराखंड की घरेलू क्रिकेट टीम में जगह बनाई। यहां उनकी पहचान एक ऐसे तेज गेंदबाज के रूप में बनी जो लाइन-लेंथ पर नियंत्रण रखता है और दबाव में भी संयम नहीं खोता। घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा, लेकिन असली पहचान अभी बाकी थी।

**एक पल, जो इतिहास बन गया**

क्रिकेट में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो करियर की दिशा बदल देते हैं। देवेंद्र के लिए ऐसा ही क्षण तब आया जब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा को आउट किया। यह सिर्फ एक विकेट नहीं था, यह उस भरोसे की मुहर थी कि पहाड़ से आया यह गेंदबाज बड़े मंच पर भी टिक सकता है। इस उपलब्धि ने देवेंद्र को अचानक चर्चा में ला दिया, लेकिन इसके पीछे वर्षों की मेहनत, असफलताएं और धैर्य छिपा था। उन्होंने खुद को कभी ह्एक मैच का खिलाड़ीह्न नहीं माना, बल्कि हर मौके को सीख के रूप में लिया।

**संघर्ष से संकल्प तक**

देवेंद्र की कहानी बताती है कि प्रतिभा अकेले काफी नहीं होती। अनुशासन, निरंतर अभ्यास और मानसिक मजबूती उतनी ही जरूरी है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिकायत नहीं की, बल्कि उपलब्ध हालात में खुद को बेहतर बनाया। उनकी सफलता उत्तराखंड के उन सैकड़ों युवाओं के लिए उम्मीद है, जो आज भी पहाड़ों में बैठकर बड़े सपने देखते हैं, लेकिन रास्ता साफ नहीं दिखता।

**पहाड़ की पहचान, भविष्य की प्रेरणा**

देवेंद्र सिंह बोरा सिर्फ एक तेज गेंदबाज नहीं हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि अगर इरादा मजबूत हो तो भौगोलिक सीमाएं भी रुकावट नहीं बनतीं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि उत्तराखंड की मिट्टी में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है पहचान, समर्थन और निरंतर प्रयास की। आज जब देवेंद्र राष्ट्रीय मंच पर कदम रख चुके हैं, तो यह सिर्फ उनकी जीत नहीं, बल्कि पूरे पहाड़ की आवाज है कृ हहम भी खेल सकते हैं, हम भी जीत सकते हैं।

**उत्तराखंड के युवाओं के नाम एक संदेश**

देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा उत्तराखंड के उन हजारों युवाओं के लिए एक जीवंत संदेश है, जो आज संसाधनों की कमी, अवसरों के अभाव और आत्म-संदेह से जूझ रहे हैं। उनकी कहानी बताती



है कि सफलता का रास्ता केवल महानगरों या महंगी अकादमियों से होकर नहीं जाता, बल्कि निरंतर अभ्यास, धैर्य और स्वयं पर विश्वास से भी बनता है। पहाड़ों में जन्म लेना कमजोरी नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और संघर्षशीलता की पहचान है। अगर सही दिशा, अनुशासन और निरंतर प्रयास हो, तो उत्तराखंड का युवा भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकता है। देवेंद्र की सफलता यह भरोसा जगाती है कि सपने देखना अपराध नहीं, और पहाड़ से उड़ान भरना असंभव भी नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बढ़ता धार्मिक पर्यटन और धार्मिक नगरों की चुनौती



विनीत नारायण

भारत में धार्मिक पर्यटन सदैव से हमारी सांस्कृतिक और आस्था परंपराओं का अभिन्न हिस्सा रहा है। किंतु पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में जिस तीव्र गति से वृद्धि हुई है, उसने धार्मिक नगरों की तस्वीर ही बदल दी है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन, उज्जैन, द्वारका, तिरूपति जैसे नगर आज विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्रों में बदल चुके हैं। सरकारें भी इसे 'आस्था से अर्थव्यवस्था' के सूत्र में जोड़कर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के प्रयास में लगी हैं। लेकिन इन प्रयासों के समानांतर कुछ ऐसे प्रश्न भी हैं, जिनसे आंखें नहीं मूंदी जा सकतीं। क्या इस विकास की गति निभाई जा रही है? क्या स्थानीय निवासियों और तीर्थ स्थलों के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखा जा सका है? क्या प्रशासन इतना सक्षम है कि वो त्योहारों और छुट्टियों के समय अतिरिक्त पर्यटकों को संभाल सके?

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद देश भर में धार्मिक पर्यटन में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली है। अनुमान है कि आने वाले वर्षों में यहां प्रतिवर्ष करोड़ों पर्यटक पहुंचेंगे। इसी तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने बनारस की ऐतिहासिक गलियों को व्यवसायिक जीवन दिया है होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योगों को भी नई सांस मिली है। वृंदावन और मथुरा में हर त्योहार अब अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का रूप ले चुका है। आर्थिक .ष्टि से यह परिवर्तन शुभ संकेत है, रोजगार बढ़े हैं, स्थानीय व्यापार में तेजी आई है और बुनियादी ढांचे पर निवेश भी हुआ है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इस तेजी ने धार्मिक नगरीय संतुलन को डगमगा दिया है। छोटे नगरों की सीमित सड़कों, आवासों और संसाधनों पर अचानक लाखों की भीड़ का दबाव प्रशासन के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है। पर्यावरणीय दबाव, कचरा प्रबंधन और जल संकट जैसी समस्याएं अब इन नगरों के स्थाई साथी बन चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में भीड़ प्रबंधन का ढांचा अभी भी विकासशील स्तर पर है। चाहे कुंभ मेले का आयोजन हो या अयोध्या में दीपोत्सव, प्रशासनिक तैयारियां अक्सर अनुमान से कम पड़ ही जाती हैं। पश्चिमी देशों जैसे इटली, फ्रांस या स्पेन में धार्मिक पर्यटन अत्यधिक संगठित ढंग से संचा. लित होता है। वेटिकन सिटी या लूर्ड जैसे स्थानों पर पर्यटकों की संख्या भले लाखों में हो, लेकिन वहां डिजिटल टिकटिंग, समय-वार प्रवेश प्रणाली, स्पष्ट दिशानिर्देश और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का जाल पूरी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखता है। इन्हीं से प्रेरित हो कर हमारे देश में भी कुछ स्वघोषित गुरुओं के स्थानों पर भी व्यवस्था काफी हद तक सुचारू दिखाई देती है।

वहीं इसके विपरीत भारत के धार्मिक नगरों में तीर्थयात्रियों का आगमन प्राय: अनियोजित होता है। ट्रेन, बस, सड़कों पर भीड़ एक साथ उमड़ती है जिससे जाम, दुर्घटनाएं और अव्यवस्था आम हो जाती है। सुरक्षा बलों और प्रशासनिक कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, और अक्सर स्थानीय निवासियों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। धार्मिक पर्यटन का यह उभार स्थानीय नागरिकों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। अयोध्या या वाराणसी की



गलियों में रहने वाले निवासियों को अब अपने ही घरों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। सड़कों पर निरंतर भीड़, बढ़ते वाहन और लगातार चल रहे निर्माण कार्यों ने जीवन-स्तर को प्रभावित किया है। किराए आसमान छू गए हैं, स्थानीय दुकानों की जगह बड़े ब्रांडों ने ले ली है और धार्मिक शांति की जगह अब व्यावसायिक कोलाहल ने ले ली है।धार्मिक नगरों का जो आत्मिक वातावरण कभी लोगों को भीतर तक आस्था से जोड़ता था, वह अब सजावटी प्रकाशों और सेल्फी प्वाइंट्स में खोता जा रहा है। श्रद्धा के स्थलों का 'पर्यटन स्थल' में बदल जाना विकास के नाम पर एक सांस्कृतिक ह्रास भी है।

अयोध्या, वाराणसी या वृंदावन जैसे नगरों की आत्मा उनकी प्राचीनता, उनकी पवित्रता और उनके पारंपरिक जीवन में बसती है, लेकिन आज यह नगर तेजी से 'आधुनिक तीर्थ' में तब्दील किए जा रहे हैं। चौड़ी सड़कों, चमकीले कॉरिडोर, आधुनिक गेस्टहाउस और मॉल जैसी परियोजनाएं विकास के प्रतीक मानी जा रही हैं। नि:संदेह इनसे सुविधा बढ़ी है, लेकिन इसके साथ-साथ धार्मिक अनुभव का मूल स्वरूप भी धीरे-धीरे बदल गया है। वह आध्यात्मिक संवेदना, वह साधु-संतों के भजनों की सुगंध और घाटों पर बहती शांति, यह सब अब पर्यटक आकर्षण के दृश्य में सिमट गए हैं। भवनों के रंग, पारंपरिक स्थापत्य और स्थानीय शिल्प को आधुनिक डिजाइन ने विस्थापित कर दिया है। यह भीड़ केंद्रित विकास कहीं न कहीं नगरों की 'आस्था आधारित पहचान' को बाजारीकरण में बदल रहा है। धार्मिक पर्यटन का बढ़ना अपने आप में बुरा नहीं है। यह सांस्कृतिक एकता, लोक व्यवसाय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब तीर्थस्थलों का विकास केवल संरचनात्मक दृष्टि से किया जाए और उसमें सांस्कृतिक संरक्षण की भावना गायब हो। भारत को पश्चिमी देशों से यह सीखने की जरूरत है कि आध्यात्मिक धरोहर को आधुनिक सुविधाओं के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है। इसके लिए तीन स्तरों पर ठोस पहल जरूरी है।

पर्यटन की पूर्वानुमानित योजना बनाई जाए। डिजिटल टिकटिंग, भीड़ नियंत्रण एप्स और समयबद्ध दर्शनों की व्यवस्था लागू की जाए। स्थानीय सहभागिता नगर के विकास में स्थानीय निवासियों की राय और सहभागिता सुनिश्चित हो, ताकि विकास उनके जीवन को प्रभावित न करे।

निर्माण कार्यों में पारंपरिक स्थापत्य, स्थानीय कला और जीवन शैली को प्राथमिकता दी जाए, ताकि नगर की आत्मा जीवित रहे। भारतीय धार्मिक पर्यटन आज देश की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान का नया प्रतीक बन गया है। अयोध्या, काशी, मथुरा, वृंदावन जैसे नगर आस्था की ऊर्जा से भरे हुए हैं, लेकिन उसी आस्था के संरक्षण की जिम्मेदारी भी उतनी ही व्यापक है। यदि हम केवल पर्यटक बढ़ाने पर ध्यान देंगे और तीर्थ के मूल भाव को नजरअंदाज करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां इन नगरों में केवल चमक देख पाएंगी, वह अनुभूति नहीं, जिसके लिए हमारे पूर्वज तीर्थ यात्रा करते थे।विकास का अर्थ केवल इमारतों का निर्माण नहीं, बल्कि उस भावना को सहेजना है जो हमें भीतर से जोड़ती है। अगर आधुनिकता और आध्यात्मिकता के बीच यह संतुलन साध लिया गया, तभी धार्मिक पर्यटन भारत की सांस्कृतिक आत्मा को मजबूत करेगा, न कि उसकी मूल पहचान को मिटाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश

## सोमालीलैंड को मान्यता देने का किया विरोध, कहाः पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा को बनेगा खतरा

**जेरुसलम।** इजरायल के सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र देश के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता देने के फैसले के बाद से मुस्लिम देशों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। दुनियाभर के 21 देशों ने इस फैसले के खिलाफ साझा बयान जारी कर विरोध जताया है। सोमालीलैंड अफ्रीका के हार्न क्षेत्र में स्थित है।

इस देश ने 1991 में सोमालिया से आजादी की घोषणा की थी और तब से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता की कोशिश कर रहा था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही के साथ संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए। सोमालीलैंड के राष्ट्रपति ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह फैसला मध्य पूर्व और अफ्रीका में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देगा। इजरायल के खिलाफ जार्डन, मिस्र, अल्जीरिया, कोमोरा. स, जिबूती, गाम्बिया, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, मालदीव, नाइजीरिया, ओमान, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, तुर्की, यमन ने विरोध जताया है। इसके साथ ही आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर आपत्ति दर्ज करवाई है। बयान में पांच प्वाइंट में बातें कही गई हैं। सोमालिया रिपब्लिकन के सोमालीलैंड क्षेत्र को इजरायल के मान्यता देने को हम खारिज करते हैं। ऐसा कदम हार्न आफ अफ्रीका और लाल सागर के साथ पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा पर असर डालेगा। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानून की अवहेलना की है। ऐसी मान्यता की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन है। जिसमें राज्यों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा की जरूरी बताई गई है। यह इजरायल की विस्तारवादी सोच है। सोमालिया रिपब्लिकन की संप्रभुता का पूरा समर्थन हम करते हैं। सोमालिया की एकता उसकी क्षेत्रीय अखंडता या संप्रभुता को कमजोर करने वाले किसी भी कदम का हम खंडन करते हैं। किसी देश के हिस्से को अलग मान्यता देना अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। साथ ही यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और यूएन चार्टर के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है। इजरायल के इस तरह के कदम और फलस्तीनी लोगों को उनकी जमीन से जबरन निकालने की किसी कोशिश को भी हम नकारते हैं। सोमालिया के मोगादिशु से लगभग 18 किलोमीटर दूर लाफोफे क्षेत्र में अल-शबाब के सैकड़ों लड़ाके सैन्य अभ्यास करते हुए। कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इजरायल के कदम का कड़ा विरोध किया है। अरब लीग, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), अफ्रीकी संघ (एयू) और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने इजरायल के कदम को सोमालिया की संप्रभुता पर हमला बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने कहा कि सोमालीलैंड सोमा. लिया का अभिन्न हिस्सा है और इस तरह की मान्यता शांति और स्थिरता के लिए खतरनाक हो सकती है। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल गीत ने इसे राज्यों की एकता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन बताया जबकि जीसीसी ने इसे क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करने वाला खतरनाक कदम कहा। ओआईसी ने कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त बयान जारी कर इजरायल की निंदा की और सोमालिया की संप्रभुता का पूरा समर्थन जताया।

**आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर मुद्दे पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है**



पटना। घने कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने की आशंका के बीच यात्री ट्रेनों में चढ़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर उमड़े।

## ब्रिक्स, एससीओ वैश्विक दक्षिण की भागीदारी को सक्षम बनाते हैंः रूसी विद्वान

**मास्को।** एक रूसी विद्वान ने रविवार कहा कि ब्रिक्स एवं शंघाई सहयोग संगठन वैश्विक दक्षिण के देशों को वैश्विक शासन में सीमांत खिलाड़ी के बजाय समान भागीदार के रूप में सक्षम बनाते हैं। लोमोनोसोव मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर आंद्रेई मनोइलो ने शिन्हुआ से एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स और एससीओ के साथ जुड़ने वाले देशों की बढ़ती संख्या वैश्विक दक्षिण में उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। प्रो. मनोइलो ने कहा कि आर्थिक विकास एवं राजनीतिक सुरक्षा को बढ़ावा देने में ब्रिक्स अब दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति बन चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोप में शराब पीने से हर साल आठ लाख मौतेंः डब्लूएचओ

**जेनेवा।** यूरोप में शराब पीने से हर वर्ष करीब आठ लाख लोगों की मौत हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, हर ग्यारहवें व्यक्ति की मौत का कारण शराब का अधिक सेवन है। इस सप्ताह जारी नई रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वभर में शराब की सबसे अधिक खपत यूरोप में होती है और शराब पीने से समय से पहले मौत और चोट का खतरा बढ़ जाता है। 2019 के आंकड़ों के आधार पर ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां चोट से होने वाली लगभग 1.45 लाख मौतें शराब की वजह से हुईं। इसमें सबसे ज्यादा मौतें खुद को नुकसान पहुंचाने, सड़क दुर्घटनाओं और गिरने से होने वाली चोटों की वजह से हुईं।

### ट्रम्प से पहले जेलेंस्की ने कनाडा के पीएम से मुलाकात की

**ओटावा।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की यूक्रेन संकट को खत्म करने के मकसद से अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले कनाडा में रुक कर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मिले हैं। उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा शहर जाने के क्रम में कनाडा के हैलिफैक्स शहर में रुक कर यह मुलाकात की। प्रधानमंत्री की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, कार्नी और जेलेंस्की ने चल रही शांति वार्ता में ताजा घटनाक्रम पर द्विपक्षीय बैठक की।

### चाय के पैकेटों में लाया जा रहा 78 करोड़ का नशीला पदार्थ बरामद

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियों ने सिडनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला के पास से 15 किलोग्राम नशीला पदार्थ (मेथामफेटामाइन) बरामद किया जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1.3 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से अधिक आंकी गई है। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि महिला के सामान की जांच के दौरान 18 वैक्यूम-सील बैग मिले, जिन पर 'चाय' लिखा हुआ था।

# ऑपरेशन सिंदूर के समय बंकरों में छिपी थी पाक सेना

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का कबूलनामा, फिर हुई पाकिस्तान की किरकिरी





**गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को हमेशा से ही अपनी बुजदिल हरकतों के चलते वैश्विक मंच पर शर्मसार होना पड़ता है। ऐसे में एक बार फिर ऐसी स्थिति तब आई जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी ताकत का झूठा बखान करने वाला पड़ोसी पाकिस्तान की सेना और उसके हालात को लेकर नया और चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

ये खुलासा किसी और ने नहीं खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने किया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने बताया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना बंकर में छिपी हुई थी। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान जरदारी ने यह स्वीकार किया कि तनाव के हालात में पाकिस्तान की सेना बंकरों में छिपी हुई थी और उन्हें खुद भी बंकर में रहने की सलाह दी गई थी।

बता दें कि राष्ट्रपति जरदारी का यह बयान पाकिस्तान की कमजोर स्थिति को उजागर करता है। गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता। ऐसे में पाकिस्तानी सेना के बंकरों में छिपने की बात यह दिखाती है कि पाकिस्तान अंदर से असुरक्षित और दबाव में है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इस दौरान 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय और ट्रेनिंग सेंटर शामिल थे। इन जगहों से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की साजिश रची जाती थी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल का वो काला दिन, जिसे भारतवासी आज भी नहीं भुला पा रहे। जगह था जम्मू-कश्मीर का पहलगाम। जहां एक साथ कई आतंकियों ने वहां उपस्थित सभी पर्यटकों पर अंधाधुंध गोली चलानी शुरू कर दी। इस आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की जान गई। इस घटना को बीते अब तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। लेकिन लोगों में नाराजगी और अपनों के खोने का गम अभी भी है। हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने उसी दिन ली और एक फोटो भी शेयर किया।

## भारत ने नूर खान एयरबेस पर किया था बड़ा हमलाः इशाक डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी किरकिरी करा ली है। दरअसल अब पाकिस्तान की सरकार ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में उनके नूर खान एयर बेस को भारी नुकसान हुआ था।

ये बात किसी और ने नहीं बल्कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने स्वीकार की है। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान इशाक डार ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सटीक हमलों में उनके नूर खान एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा और यहां तैनात जवान भी घायल हुए। पाकिस्तान ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें खास नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब उनकी सरकार के ही वरिष्ठ मंत्री ने उनके दावे की पोल खोल दी है। इशाक डार ने कहा कि



भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी क्षेत्र में कई ड्रोन हमले किए और एक ड्रोन ने उनके सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया, जो ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमलों की सटीकता को उजागर करता है। इशाक डार ने कहा, श्भारत ने पाकिस्तान की ओर ड्रोन भेजे। 36 घंटे के भीतर कम से कम 80 ड्रोन भेजे गए। हम 80 में से 79 रोकने में सफल हुए और केवल एक ड्रोन ने सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया और इस हमले में हमारे कर्मी भी घायल हुए। अप्रैल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के 26 निर्दोष नागरिक मारे गए। इस हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की। जिससे दोनों देशों में हिंसक संघर्ष शुरू हो गया। भारत ने सटीक हमले करते हुए चकलाल स्थित पाकिस्तानी वायुसेना बेस नूर खान को निशाना बनाया। भारत के हमलों से पस्त पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ के समक्ष संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा। मैक्सर टेक्नोलाजीज द्वारा 13 मई को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को नुकसान पहुंचा।

## जर्मनी में रोजगार संकट, नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** जर्मनी में नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है और सामान्यतः लगभग सात अंकों पर रहने वाला नौकरी प्लेसमेंट इंडिकेटर गिरकर 5.7 पर पहुंच गया है जो 'अब तक का सबसे निचला स्तर' है। संघीय रोजगार एजेंसी की प्रमुख एंड्रिया नाहलेस ने डीडब्ल्यू न्यूज से बातचीत करते हुए कहा श्रम बाजार को 'महीनों से एक पटरे की तरह' बताया, जिसमें कोई गति नहीं आ रही है। सुना. हलेस ने कहा कि नए रोजगार आकांक्षी लोगों के लिए संभावनाएं विशेष रूप से कमजोर हैं, और यहां तक कि अच्छी योग्यता वाले कर्मचारियों की भी नौकरी पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 25 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में कम युवाओं को अप्रेंटिसशिप दी है। उनकी टिप्पणियां आर्थिक मंदी के बीच आई हैं, जो बर्लिन के सस्ती रूसी ऊर्जा आयात रोकने के फैसले के बाद आई, जो जर्मन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण थी। रूसी पाइपलाइन डिलीवरी बड़े पैमाने पर रुकने और नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइनों के तोड़फोड़ के बाद यूरोपीय गैस कीमतें बढ़ गईं। साल की पहली तीन तिमाहियों में व्यावसायिक दिवालियापन 11 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे नौकरियों में भारी कमी आई।

## अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ युद्ध लड़ रहा ईरानः मसूद पेजेशकियन

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन का कहना है कि उनका देश अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ एक साथ जंग लड़ रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर साझा किए गए साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे दबाव अभियान को ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया।

पेजेशकियन ने शनिवार को प्रकाशित इस साक्षात्कार में कहा कि मेरी दृष्टि में हम अमेरिका, इजराइल और यूरोप के साथ युद्ध में हैं। वे नहीं चाहते कि हमारा देश अपने पैरों पर खड़ा हो। वर्तमान युद्ध 1980 के दशक के इराक युद्ध से भी बदतर है। यदि कोई इसे ठीक से समझता है, तो यह युद्ध उस युद्ध की तुलना में कहीं अधिक जटिल और कठिन है। राष्ट्रपति ने कहा कि इराक के साथ युद्ध में स्थिति स्पष्ट थी। वे मिसा. इलें दागते थे और यह स्पष्ट था कि हम कहां पलटवार करेंगे। लेकिन, यहां वे अब हर तरह से हमारी घेरा. बंदी कर रहे हैं, हमें दबाव में डाल रहे हैं और आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा सुरक्षा के लिहाज से समस्याएं पैदा कर रहे हैं। पेज. शकियन ने यह टिप्पणी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका की यात्रा की पूर्व संध्या पर की है। खबरों के अनुसार नेतन्याहू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ भविष्य में संभावित हमलों के विकल्पों के बारे में जानकारी देने की योजना बना रहे हैं।

**दबाव अभियान को ईरानी राष्ट्रपति ने ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया**

## ब्रिटेन में भारतीय युवक नस्लीय भेदभाव केस जीता

### केएफसी फ्रेंचाइजी को देना होगा करीब 70 लाख रुपया

**लंदन।** ब्रिटेन में काम कर रहे एक भारतीय युवक ने नस्लीय भेदभाव और गलत तरीके से नौकरी से निकाले जाने के मामले में बड़ी कानूनी जीत हासिल की है। लंदन के एक केएफसी फ्रेंचाइजी आउटलेट के खिलाफ दायर मामले में रोजगार न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) ने भारतीय कर्मचारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को करीब 66800 पाउंड (लगभग 70 लाख रुपये) मुआवजा देने का आदेश दिया है।

तमिलनाडु के रहने वाले माधेश रविचंद्रन ने आरोप लगाया था कि दक्षिण-पूर्वी लंदन स्थित केएफसी आउटलेट में काम के दौरान उनके मैनेजर ने उनके साथ नस्लीय भेदभाव किया और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उनका कहना था कि उनके श्रीलंकाई तमिल मैनेजर ने उन्हें गुलाम कहा और यह भी कहा कि भारतीय धोखेबाज होते हैं। रोजगार



**जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला**

न्यायाधिकरण के जज पाल एबाट ने अपने फैसले में कहा कि रविचंद्रन के साथ सीधे तौर पर नस्लीय भेदभाव हुआ। फैसले में कहा गया कि छुट्टी की उनकी मांग केवल इसलिए ठुकरा दी गई क्योंकि वे भारतीय थे, श्रीलंकाई तमिल कर्मचारियों को प्राथमिकता दी गई, उन्हें गुलाम और गाली जैसे शब्दों से अपमा. नित किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि यह व्यवहार साफ तौर पर नस्ल के आधार पर कमतर और अपमानजनक था। रविचंद्रन ने जनवरी 2023 में केएफसी के वेस्ट विकहम आउटलेट में नौकरी शुरू की थी। कुछ महीनों बाद हालात बिगड़ने लगे। जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला।

इसी से परेशान होकर उन्होंने नौकरी छोड़ने का नोटिस दे दिया। इसके बाद भी मैनेजर ने उन्हें फोन पर धमकाया और नस्लीय गालियां दीं। ट्रिब्यूनल ने माना कि इस व्यवहार ने रविचंद्रन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। ट्रिब्यूनल ने रविचंद्रन को करीब 62690 पाउंड मुआवजा और छुट्टी के बकाया और अन्य भुगतान जोड़कर कुल लगभग 66800 पाउंड (करीब 70 लाख) देने का आदेश दिया।






# भारत भागे उस्मान हादी की हत्या के दो संदिग्ध

## दोनों आरोपी स्थापीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुएः बांग्लादेश पुलिस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बांग्लादेश पुलिस ने एक बड़ा दावा करते हुए बताया है कि दो आरोपी फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख सीमा पार कर भारत में घुस गए हैं।

मामले में ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने बताया कि दोनों आरोपी स्थानीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी हलुआघाट सीमा के रास्ते भारत पहुंचे। बांग्लादेशी दैनिक समाचार पत्र द डेली स्टार ने ढाका पुलिस के हवाले से बताया कि सीमा पार करने के बाद उन्हें सबसे पहले एक व्यक्ति ने रिसीव किया, जिसका नाम पुर्ति बताया गया है। इसके बाद एक टैक्सी ड्राइवर सामी ने दोनों को मेघालय के तुरा शहर तक पहुंचाया। नजरुल इस्लाम ने कहा कि पुलिस को अनौपचारिक जानकारी मिली है कि भारत में दोनों आरोपियों की मदद करने वाले पुर्ति और टैक्सी ड्राइवर सामी को भारतीय अधिक. ारियों ने हिरासत में ले लिया है। डीएमपी के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने आगे बताया कि बांग्लादेश सरकार आरोपियों को वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए भारत के अधिकारियों से औपचारिक और अनौपचारिक दोनों स्तरों पर संपर्क में रहा जा रहा है, ताकि आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंसा बदस्तूर जारी है। ढाका से लेकर चटगांव तक भीड़ के प्रदर्शन और उससे जुड़ी हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। 12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी। इसके बाद 18 दिसम्बर को हादी का सिंगापुर में निधन हो गया और तब से लेकर अब तक बांग्लादेश में लगातार माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इसके ठीक बाद चटगांव में एक हिंदू शख्स की लिंचिंग की घटना ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। ऐसे में बीते दिनों बांग्लादेश के नए राजनीतिक दल नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के एक नेता पर भी हमला हुआ।



**12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी**

# म्यांमार में सैन्य शासन के बाद पहली बार मतदान

**यंगून।** म्यांमार में सैन्य शासन लागू होने के बाद पहली बार आम चुनाव कराए जा रहे हैं। सैन्य सरकार की देखरेख में रविवार को आम चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान हुआ। दो अन्य चरणों का मतदान जनवरी के अंत तक पूरा होगा, जबकि अंतिम नतीजों की घोषणा फरवरी तक किए जाने की संभावना है।

चुनाव विश्लेषकों के मुताबिक, सेना समर्थित यूनियन सालिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी (यूएडीपी) की जीत की संभावना जताई जा रही है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि 2021 में सेना के सत्ता में आने के बाद से देश का शासन संभाल रहे जनरल मिन आंग लाइंग राष्ट्रपति पद संभाल सकते हैं। सैन्य सरकार इन चुनावों को देश में चुनावी लोकतंत्र की वापसी के रूप में पेश कर रही है। हालांकि, आला. चकों का कहना है कि यह प्रक्रिया सैन्य शासन को वैध दिखाने का प्रयास मात्र है। संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार संगठनों और कई देशों ने प्रमुख विपक्षी दलों की गैर-मौजूदगी में हो रहे इस चुनाव को अनुचि. चत करार दिया है। गौरतलब है कि फरवरी 2021 में म्यांमार की सेना ने आंग सान सू ची के नेतृत्व वाली चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटाकर सैन्य शासन लागू कर दिया था। देश के सबसे बड़े शहर यांगून, राजधानी नेपीता और अन्य इलाकों में मतदाताओं ने स्कूलों, सरकारी भवनों और धार्मिक स्थलों में मतदान किया। कुल 330 टाउनशिप में से 102 में पहले चरण का मतदान कराया गया।

**सेना समर्थित पार्टी के जीत के आसार, फरवरी में आएंगे नतीजे**